सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 293, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 593 अंकों की गिरावट

अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दरों पर स्पष्ट रुख न आने से सेंसेक्स 592.67 अंक टूटकर 84,404.46 अंक पर बंद हुआ। } 10

## भूटान के साथ साझेदारी मजबूत करेगा भारत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पड़ोसी देश भूटान के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुईं। } 12

# ऑस्ट्रेलिया को हराकर वर्ल्डकप फाइनल में भारत

### वीमेन्स वर्ल्डकप : 7 बार की चैंपियन को 5 विकेट से हराया, अब साउथ अफ्रीका से होगी भिड़ंत

एजेंसी

मुम्बई। जेमिमा रॉड्रिग्ज और हरमनप्रीत कौर की शानदार साझेदारी के दम पर भारत आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया है। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया और खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने में सफल रहीं। भारत ने जैसे ही जीत का चौका लगाया मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली जेमिमा रॉड्रिग्ज भावुक हो गईं। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस टूनार्मेंट में अजेय बनी हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने एलीस हीली की टीम का विजयी अभियान रोक दिया। भारत का अब रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से सामना होगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया था।



ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर 338 रन बनाए थे। जवाब में भारत के लिए जेमिमा ने शतक लगाया और कप्तान हरमनप्रीत के साथ तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी की जिससे भारत ने 48.3 ओवर में पांच विकेट पर 341 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारतीय टीम तीसरी बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। टीम इससे पहले 2005 और 2017 में भी खिताबी मैच में पहुंची थी। भारत ने अब तक कभी विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीती है। (विस्तृत खबर खेल पर)

# 17 बच्चों को बंधक बनाकर रखने वाला मुठभेड़ में ढेर

### मुम्बई के आरए स्टूडियो में एक घंटे से अधिक समय तक बनी रही नाटकीय स्थिति

एजेंसी

मुंबई। मुंबई के पवई इलाके में बृहस्पतिवार को एक स्टूडियो के अंदर बंधक बनाए गए 17 बच्चों और दो व्यक्तियों को मुक्त करा लिया गया और इस अभियान के दौरान पुलिस गोलीबारी में घायल हुए आरोपी ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बच्चों को बंधक बनाने के आरोपी की पहचान 50 वर्षीय रोहित आर्य के रूप में हुई। एक अधिकारी ने बताया कि आर्य पर पुलिस ने उस समय गोली चलाई जब वह एयर गन से बच्चों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने बताया कि बाद में अस्पताल में आर्य की मौत हो गई। घटना के बारे में जब अमरावती में पत्रकारों ने पूछा तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जल्द ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। उनके पास गृह विभाग भी है। पुलिस उपायुक्त दत्ता नलावडे ने बताया, दोपहर करीब डेढ़ बजे पवई पुलिस थाने को



सूचना मिली कि महावीर क्लासिक बिल्डिंग में एक व्यक्ति ने 17 बच्चों को बंधक बना लिया है। मुंबई पुलिस की टीम ने बचाव अभियान चलाया और सभी बच्चों को सुरक्षित मुक्त करा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### जस्टिस सूर्यकांत होंगे अगले सीजेआई



नयी दिल्ली। न्यायमूर्ति सूर्यकांत को बृहस्पतिवार को भारत का 53वां प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया और वह 24 नवंबर को पदभार ग्रहण करेंगे। केंद्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग ने एक अधिसूचना जारी करके उनकी नियुक्ति की घोषणा की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति भूषण आर. गवई का स्थान लेंगे, जो 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत लगभग 15 महीने तक प्रधान न्यायाधीश के पद पर रहेंगे और 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर नौ फरवरी, 2027 को सेवानिवृत्त होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया।

### मंदिरों पर आई लव मोहम्मद लिखने वाले चार गिरफ्तार

अलीगढ़। अलीगढ़ जिले के दो गांवों में पिछले सप्ताह मंदिरों की दीवारों पर आई लव मोहम्मद लिखे जाने की घटना में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि बहुसंख्यक समुदाय के चार युवकों ने अपने विरोधियों को फंसाने के लिए ऐसा किया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम दिलीप कुमार, आकाश, अभिषेक सारस्वत और निशांत कुमार हैं और इन सभी ने लोढ़ा थाना क्षेत्र के भगवानपुर और बुलाकीगढ़ गांवों में मंदिरों की दीवारों पर आई लव मोहम्मद लिखकर अपने विरोधियों पर झूठा आरोप लगाने की साजिश रची थी।

# सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि : योगी

### अन्नदाता किसानों का अपमान करके कोई देश या राज्य कभी नहीं कर सकता उन्नति

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गन्ना मूल्य बढ़ोतरी के ऐतिहासिक निर्णय से उत्साहित प्रदेश के गन्ना किसानों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गन्ना किसानों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद पहली बार खेती और किसानों का हित सरकारों के एजेंडे में आया है। जिस मिट्टी में फसल पैदा होती है, उसके सेहत की सुध किसी को नहीं थी परंतु मोदी जी ने स्वॉयल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था की। पीएम किसान सम्मान निधि ने रोजमर्रा के काम के लिए साहूकारों के जाल से किसानों को मुक्ति दिलाई है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के पहले दिन ही हमने 86 लाख किसानों की कर्जमाफी का वादा पूरा किया। बीते साढ़े 08 वर्षों में 23 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित की गई है। तब भी मेहनत किसान की, फसल किसान की, लेकिन मुनाफा बिचौलियों को मिलता था। हमने इस व्यवस्था को बदला और आज जिसका खेत, उसी से खरीद करते हुए सीधा उसके बैंक अकाउंट में पैसा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों का अपमान करके कोई देश या राज्य कभी उन्नति नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की खुशहाली का रास्ता किसानों के खेत से होकर जाता है, लेकिन पूर्व की सरकारों ने किसानों की उपेक्षा की और नतीजा उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य हो गया। प्रदेश को बीमारू बनाने के पीछे सत्ता के लोगों की बीमार मानसिकता थी। उन्हें अपने परिवार की चिंता थी। पहले की सरकारों में चीनी मिल बंद हो रही थीं, बिक रहीं थीं। हमने यह रोका। आज 08 वर्ष बाद 4 नई चीनी मिलें स्थापित हुईं। 6 बंद मिलें पुनः शुरू हुईं और 42 मिलों में क्षमता विस्तार हुआ। 8 नई बड़ी मिलों के बराबर उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई और 2 मिलों में सीबीजी संयंत्र स्थापित किया गया। 122 चीनी मिलें ...शेष पृष्ठ 10 पर

## शौर्य, स्वाभिमान व सांस्कृतिक वैभव का प्रेरणास्थल होगा छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में आगरा में बन रहे छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारत के स्वाभिमान, सांस्कृतिक वैभव और वीरता का प्रेरणास्थल बनेगा। मुख्यमंत्री ने अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि भवन का निर्माण कार्य जनवरी तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए, ताकि संग्रहालय का स्वरूप देने का काम तय समय पर पूरा हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय केवल इतिहास का स्थिर प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव होना चाहिए, जहाँ आगंतुक भारत की गौरवगाथा को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि संग्रहालय की प्रत्येक गैलरी को ऐसी थीमैटिक और इंटरएक्टिव प्रस्तुति दी जाए, जिससे आगंतुक केवल दर्शक न रहकर सहभागी बनें। मुख्यमंत्री ने शिवाजी एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लोकआस्था का अद्वितीय संगम है देव दीपावली

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में 05 नवम्बर को वाराणसी में आयोजित होने वाली देव दीपावली 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि देव दीपावली काशी की सनातन परंपरा, गंगा आराधना और लोकआस्था का अद्वितीय संगम है। यह पर्व भारत की उस अनादि परंपरा का सजीव प्रतीक है, जहां दीप केवल ज्योति नहीं, बल्कि धर्म, कर्तव्य और राष्ट्रभाव का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की देव दीपावली का आयोजन इस प्रकार किया जाए कि यह भारत की सांस्कृतिक आत्मा और आध्यात्मिक चेतना का विश्व संदेश बने।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि देव दीपावली से पूर्व आयोजित गंगा महोत्सव (01 से 04 नवम्बर) और मुख्य आयोजन देव दीपावली (05 नवम्बर) की सभी तैयारियां समयबद्ध, व्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता की हों। घाटों की प्रकाश सज्जा, दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनसहभागिता की तैयारियाँ इस प्रकार हों कि श्रद्धा, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ट्रंप ने अब प्रवासी श्रमिकों को दिया झटका

### वर्क परमिट के स्वत: विस्तार संबंधी नियम को किया समाप्त

एजेंसी

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की पिछली सरकार के एक नीतिगत फैसले को वापस ले लिया और कार्य परमिट के विस्तार का अनुरोध करने वाले विदेशी गैर-प्रवासी वीजा धारकों के दोबारा सत्यापन को अनिवार्य कर दिया है। यानी अब उन्हें कार्य परमिट बढ़वाने के लिए फिर से सुरक्षा जांच या सत्यापन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

इस कदम का असर भारतीय नागरिकों पर भी पड़ने की संभावना है। कुछ श्रेणियों के विदेशी कामगारों के लिए रोजगार अनुमति पत्र (ईएडी) की वैधता को स्वतः बढ़ाने की प्रक्रिया को समाप्त करने वाले नये नियम बृहस्पतिवार से लागू हो गए। बाइडन



प्रशासन ने मई 2022 में उन नियमों में संशोधन किया था, जिनके तहत रोजगार अनुमति पत्र के नवीनीकरण के लिए नए आवेदन दाखिल करने पर आवेदकों को बिना किसी सत्यापन प्रक्रिया के स्वतः ही 540 दिनों का विस्तार मिल जाता था। बिना किसी सत्यापन प्रक्रिया के विस्तार देने का बाइडन सरकार का निर्णय उस दौरान कार्य परमिट प्रदान करने के लिए लंबित 15 लाख अनुरोधों को देखते हुए लिया गया था क्योंकि ऐसी आशंका थी कि इन अनुरोधों को सत्यापित और संसाधित करने में देरी से बेरोजगारी बढ़ सकती है। विशिष्ट श्रेणियों के गैर-प्रवासी वीजा धारकों को अमेरिका में अस्थायी रूप से काम करने के लिए रोजगार अनुमति पत्र की आवश्यकता होती है। ये दस्तावेज इस बात का प्रमाण है कि एक गैर-प्रवासी विदेशी कर्मचारी एक निश्चित अवधि के लिए देश में काम करने के लिए अधिकृत है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने आव्रजन पर नकेल कसने के अपने प्रयासों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ट्रंप की शी से मुलाकात टैरिफ में होगी कटौती

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ हुई आमने-सामने की मुलाकात को बेहद सफल बताते हुए कहा कि वह चीन पर लगाए गए शुल्क (टैरिफ) में कटौती करेंगे जबकि बीजिंग ने दुर्लभ धातुओं के निर्यात की अनुमति देने और अमेरिका से सोयाबीन खरीदने पर सहमति जतायी है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने एयर फ़ोर्स वन विमान में पत्रकारों से कहा कि अमेरिका इस वर्ष की शुरुआत में चीन पर लगाए गए 20 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क में कटौती कर इसे 10 प्रतिशत करेगा। ये शुल्क फेंटानिल बनाने में उपयोग होने वाले रसायनों की बिक्री को लेकर लगाए गए थे। इसके साथ ही चीन पर कुल संयुक्त शुल्क दर 57 प्रतिशत से घटकर 47 ...शेष पृष्ठ 10 पर

# कांग्रेस देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी : धामी

### आरजेडी व कांग्रेस के लिए लोकतंत्र सत्ता हड़पने का माध्यम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/मोतिहारी (बिहार)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) आज भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है, जिनके अधिकतर सदस्य जमानत पर हैं, जबकि कांग्रेस देश का सबसे बड़ा भ्रष्ट राजनीतिक परिवार बन चुकी है, जहां नेता जनता के बजाय अदालतों में राहत ढूंढते फिरते हैं। इन दलों के लिए लोकतंत्र कोई जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सत्ता हड़पने का माध्यम बन गया है।

यह ओजस्वी उद्बोधन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को बिहार के मोतिहारी जिले के कल्याणपुर और हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनता



से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

सीएम धामी ने कहा कि जब राजनीति में सिद्धांतों की जगह परिवारवाद और स्वार्थ हावी हो जाते हैं, तो भ्रष्टाचार, घोटाले और लूट-खसोट जैसी प्रवृत्तियां पनपती हैं। आरजेडी और कांग्रेस की राजनीति इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जहां टिकटों की बिक्री से लेकर सत्ता में आने पर घोटालों ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- काशी नरेश महाविद्यालय अब बनेगा विश्वविद्यालय (पृष्ठ-02)
- चुनाव ड्यूटी से गायब 5 कर्मी निलंबित, 3 बर्खास्त (पृष्ठ-02)
- सोना 700 रुपये टूटकर 1,25,900 रुपये पर (पृष्ठ-10)
- रुपया 43 पैसे टूटकर 88.26 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- चालू वित्त वर्ष में वैश्विक आर्थिक वृद्धि की संभावना (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** चक्रवात 'मोंथा' के चलते लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी और पूर्वांचल में हुई भारी बारिश

# बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई धान की फसल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मोंथा चक्रवात यूपीके असर से राजधानी समेत प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम पूरी तरह बदल गया है। गुरुवार सुबह से हो रही बारिश व तेज हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तापमान गिरने से ठंड का दौर शुरू हो गया है। लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, कानपुर और झांसी में सुबह से ही रुक-रुक कर तेज बारिश होती रही। इसके अलावा गोरखपुर, बाराबंकी, गोंडा, बलिया, भदोही, ललितपुर, आजमगढ़, चित्रकूट और संभल समेत 15 शहरों रिमझिम बारिश का दौर जारी है। बेमौसम बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दिया है। धान की फसल खेत में पड़ी है। लगातार बारिश से फसल से सड़ जाने का खतरा बढ़ गया है।

तूफान के असर के चलते मौसम विभाग ने प्रदेश में 48 घंटे तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति



घंटे की रफ्तार से हवा चलने, भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिम के जिलों में गरज चमक के साथ बारिश हुई। तेज रफ्तार हवाएं भी चलती रहीं। दिनभर बादल छाए रहने व बारिश होने के कारण अधिकतम तापमान में 5 से लेकर 8 डिग्री सेल्सियस तक कमी आई है। दिन में ठंडी हवाओं के चलने से ठंडक में वृद्धि हुई है। राजधानी लखनऊ में सुबह से ही मौसम बदला-बदला रहा। पहले हल्की बूंदाबांदी और फिर तेज हवा के झोंकों के साथ हुई बारिश ने फिजाओं में ठंड घोल दी। तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई।

वहीं, मौसम विज्ञान विभाग ने बताया शुक्रवार से मौसम सामान्य हो जाएगा और आसमान साफ होने की संभावना है। बाराबंकी, गोंडा, अंबेडकरनगर और बहराइच जिलों में किसानों के चेहरों पर चिंता है। कई जगहों पर खेतों में कटे हुए धान के पूले पड़े हैं जो अब भीग गए हैं। इससे दाने सड़ने और अंकुरित होने का खतरा है। बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के किसान रामसेवक, लव कुश, पवन और सुनील ने बताया कि बेमौसम बारिश ने फसल बबार्दी की आशंका बढ़ा दी है। धान की फसल अब ...शेष पृष्ठ 10 पर

# 17 फरवरी से होगी सीबीएसई 10वीं - 12वीं की बोर्ड परीक्षा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने आधिकारिक वेबसाइट पर सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षाओं के लिए फाइनल डेटशीट 2026 यानी टाइम टेबल जारी कर दी है। जो छात्र सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले हैं, वे बिना किसी लॉगिन क्रेडेंशियल के एग्जाम डेट देख और डाउनलोड कर सकते हैं। 10वीं बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी से 10 मार्च, 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। जबकि सीबीएसई 12वीं परीक्षा 17 फरवरी, 2026 से 9 अप्रैल, 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं पेन और पेपर फॉर्मेट में आयोजित की जाएंगी। डेटशीट परीक्षा शुरू होने की तारीख से लगभग 110 दिन पहले ही जारी कर दी गई है। यह कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों के छात्रों के लिए फाइनल डेटशीट है।

**एक एकेडमिक ईयर में दो बोर्ड परीक्षाएं होंगी आयोजित**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप सीबीएसई ने घोषणा की है कि 2026 से कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए एक एकेडमिक ईयर में दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। अपनी आधिकारिक विज्ञप्ति में सीबीएसई ने बताया कि कक्षा 9वीं और 11वीं के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन






**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज बीबीडी विश्वविद्यालय द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के स्नातक (बी.डी.एस) एवं स्नातकोत्तर (एम.डी.एस.) पाठयक्रम का दीक्षारंभ समारोह-2025 का आयोजन डॉ० अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में हुआ। यह कार्यक्रम बी.बी.डी. एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीडीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शालीन चंद्रा डीन, दंत चिकित्सा संकाय अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं एवं बीबीडीयू के वाइस चांसलर डॉ. एस के श्रीवास्तव, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, डीन छात्र कल्याण डॉ. एस.एम.के रिजवी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में दंत चिकित्सा क्षेत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक डिग्री नहीं बल्कि समाज सेवा का माध्यम है, उन्होंने बताया कि बी.डी.एस पूर्ण करने के बाद छात्र एम.डी.एस, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, क्लिनिकल प्रैक्टिस, अनुसंधान और विदेशों में उच्च शिक्षा जैसी विभिन्न दिशाओं में अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। एम.डी.एस छात्रों को संबोधित करते हुए दंत चिकित्सा के नवीन तकनीकी विकास, डिजिटल डेंटिस्ट्री और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक अवधारणाओं से भी परिचित कराया गया तत्पश्चात वाइस चांसलर, प्रो-वाइस चांसलर एवं मुख्य अतिथि ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों कुशल चिकित्सक के साथ- साथ एक संवेदनशील और नेक इंसान बनना है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल व्यावसायिक सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हए मानवता की भलाई में सक्रिय योगदान देना भी है। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान की कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं अकादमिक वातावरण से परिचित कराना था।

इसके उपरांत डॉ. रिजवी ने छात्रों को विश्वविद्यालय की आचार संहिता से अवगत कराया। बी.डी.एस के प्रथम वर्ष के विषयों एवं सभी डेंटल विभागों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं विद्यार्थियों को संस्थान के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. नीता पसरीचा के नेतृत्व में इंडक्शन समिति की इंचार्ज डॉ. प्रिया सिंह एवं उनकी टीम द्वारा संपन्न हआ। अंत में वोट ऑफ थैंक्स के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# लखनऊ में जल्द तैयार होगा नौसेना का शौर्य संग्रहालय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित नौसेना शौर्य संग्रहालय की प्रस्तुति का अवलोकन करते हुए इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है, और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। लखनऊ का यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा।

बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के अमूर्त रूप में होगा। जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियाँ, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना शामिल होंगे। डिजाइन को ऊर्जा-संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय को केवल देखने योग्य नहीं बल्कि 'अनुभव का केंद्र' बनाया जाए, जहाँ दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्प्ले में डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीकों का प्रयोग हो, ताकि लोग नौसेना के अभियान, युद्ध और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानाकरी उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तुति में बताया गया कि परियोजना दो प्रमुख हिस्सों में विकसित हो रही है। पहली आईएनएस गोमती शौर्य स्मारक और दूसरी नौसेना शौर्य वाटिका। बताया गया कि आईएनएस गोमती, गोदावरी श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट है जिसने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा दी और ह्यऑपरेशन कैक्टस, ऑपरेशन पराक्रम जैसे अभियानों में भाग लिया। इसे संरक्षित कर संग्रहालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नागरिक और युवा उसकी बहादुरी की कहानी को प्रत्यक्ष देख सकें।

मुख्यमंत्री ने नौसेना शौर्य वाटिका को परियोजना का विशेष आकर्षण बताते हुए इसके शीघ्र पूर्ण होने के निर्देश दिए। इस वाटिका में टीयू-142 विमान, जो 29 वर्षों तक नौसेना की समुद्री निगरानी और आपदा राहत अभियानों में सक्रिय रहा, स्थापित किया जा रहा है। साथ ही सी किंग एसके-42बी हेलीकॉप्टर की प्रदर्शनी भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वाटिका युवाओं को आधुनिक नौसैनिक अभियानों और प्रौद्योगिकी से जोड़ने वाला सजीव अनुभव स्थल बनेगी।

# कांग्रेस टैलेंट हंट के जरिये लगायेगी ओजस्वी प्रवक्ता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से पूरे देश में प्रवक्ता/पैनलिस्ट /रिसर्च कोऑर्डिनेटर/पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर के लिए बेहतर प्रतिभाओं को खोजने के लिए एक टैलेंट हंट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजित कराने के लिए सप्तागिरी उलाका सांसद एवं हरिशंकर गुप्ता पूर्व विधायक (दिल्ली) को उत्तरदायित्व सौंपा गया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहयोग से यह सदस्यगण इस टैलेंट हंट प्रोग्राम को पूरे प्रदेश भर में आयोजित करेंगे। इस विषय पर आयोजित गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि आज जिस तरह का झूठ, अफवाह और फेक न्यूज का माहौल सत्ताधारी दल भाजपा ने पूरे देश में बना रखा है उससे लड़ने के लिए, उनके झूठ और अफवाह को खारिज करने के लिए इस अभियान के तहत पूरे देश के हर एक जिले से बेहतर प्रतिभाओं को जिनका कांग्रेस विचारधारा में विश्वास हो, जिन्हें मुद्दों और इतिहास की बेहतर समझ हो, जिनकी वाणी में ओज हो ऐसे



लोगों को हम इस अभियान के तहत खोज कर उन्हें भाजपा के इस झूठ और प्रोपोगेंडा को खत्म करने की जिम्मेदारी सौंपेंगे।

# गलत ढंग से नियुक्त वित्तविहीन अंशकालिक शिक्षकों को मतदाता न बनाया जाये : सपा

विशेष संवाददाता (vol)

- सपा ने बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र को लेकर उठायी आपत्ति, सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र तहत बिजनौर, बरेली, पीलीभीत, मुरादाबाद, अमरोहा, बदांयू, शाहजहांपुर, संभल और रामपुर में निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के कर्मचारी, लाइब्रेरियन, लिपिक (क्लर्क), मेडिकल स्टाफ, चपरासी, चौकीदार, लैब असिस्टेंट व सगे सम्बन्धियों, समर्थकों को शिक्षक बताकर नियम विरूद्ध ढंग से मतदाता बनाये जाने के विरूद्ध शिकायत की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषी जनों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत बिजनौर, बरेली, पीलीभीत, मुरादाबाद, अमरोहा, बदांयू, शाहजहांपुर, संम्भल और रामपुर में सम्बन्धित जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआईओएस) को तत्काल प्रभाव से निर्देशित करें कि नियम विरूद्ध ढंग से नियुक्त वित्तविहीन अंशकालिक शिक्षकों को मतदाता न बनाया जाये। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में वित्तविहीन अंशकालीन शिक्षक दिखाकर विद्यालय के लिपिक, चपरासी, चौकीदार तथा सगे सम्बन्धियों को फार्म-19 भराये गये है, उन्हें तुरन्त निरस्त कराया जाय।

श्याम लाल पाल ने शिकायत की है कि निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत जनपदों में इण्टरमीडिएट, हाईस्कूल व बीए उत्तीर्ण लोगों को फार्म-19 भरवाकर मतदाता बनवाया जा रहा है। इसी प्रकार सीबीएससी, आईसीएससी में भी नियम विरूद्ध ढंग से मतदाता बनाये जा रहे है। शिशु मंदिरों में भी अवैध रूप से शिक्षकों के नाम जोड़कर मतदाता बनाए जा रहे है, जो कि भारत निर्वाचन आयोग के नियम एवं निर्देशों का उल्लंघन है। निजी महाविद्यालयों में भी जिन शिक्षकों का विश्वविद्यालयों से अनुमोदन नहीं है उन्हें भी अवैध रूप से शिक्षक बताकर मतदाता बनाया जा रहा है। जिन जिलों में निजी विश्वविद्यालय है, उन विश्वविद्यालयों के कर्मचारी, लाइब्रेरियन, लिपिक, मेडिकल स्टाफ, चपरासी, चौकीदार, लैब असिस्टेट आदि को भी शिक्षक दिखा कर गलत ढंग से मतदाता बनाये जा रहे है जिससे चुनाव प्रभावित हो रहा है, निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। सपा की माँग है कि तत्काल संज्ञान में लेकर भारत निर्वाचन आयोग उच्च अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी भेज कर बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत सभी जिलों में इसकी जांच करें और दोषी जनों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शी चुनाव सम्पन्न हो सके।

## पंचायत चुनाव के मद्देनजर सरकार ने गन्ना किसानों को दिया लॉलीपॉप : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि पंचायत चुनाव नजदीक आते ही प्रदेश सरकार ने गन्ना किसानों को मात्र 30 पैसे प्रति किलो (30 रु. प्रति क्विंटल) की ऐतिहासिक बढ़ोतरी का तोहफा देकर एक बार फिर किसानों की मेहनत का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की शुरूआत से अब तक यह इतनी छोटी वृद्धि है कि इसे उपहार कहना किसानों का अपमान है। सरकार और बीजेपी किसान मोर्चा द्वारा इस मामूली बढ़ोतरी को तीन हजार करोड़ रुपये के उपहार और मास्टर स्ट्रोक बताकर अखबारों में विज्ञापन छपवाना पूरी तरह चुनावी नौटंकी है। सुनील सिंह ने व्यंग्य करते हुए कहा कि किसानों के चेहरों पर खुशहाली की मिठास बताई जा रही है, जबकि असल में यह सिर्फ.चुनावी मिठास है। उन्होंने आगे कहा कि जब वर्ष 2014 में सोने का भाव 26,000 रु. प्रति 10 ग्राम था और आज 1,25,000 पहुंच गया है, तब केवल 30 पैसे प्रति किलो बढ़ाकर इसे मास्टर स्ट्रोक कहना किसानों के साथ अन्याय और उपहास है।

## बिहार चुनाव मतदान के लिए यूपी में कार्यरत कर्मचारी को मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**लखनऊ।** बिहार चुनाव में मतदान करने के लिए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में बिहार के कार्यरत कर्मचारियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। यह अवकाश 6 नवम्बर और 11 नवम्बर को दिया जायेगा। तय तिथि में होने वाले मतदान के लिए बिहार राज्य के उन मतदाताओं को जिनमें उत्तर प्रदेश के दैनिक श्रमिक भी सम्मिलित है और जो आजीविका के संबंध में उत्तर प्रदेश में कार्यरत है, को लोक प्रतिनिधि अधिनियम -1951 की धारा 135 ख के तहत सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने की राज्यपाल ने मंजूरी दे दी है। इस सम्बन्ध में गुरुवार को शासन से प्रमुख की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

# छह फेरे लगायेंगी दो जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा अयोध्या मेला श्रद्धालुओं के लिये गाड़ी सं0 05078/05077 गोण्डा-अयोध्या-गोण्डा तथा 05079/05080 मनकापुर-गोण्डा-मनकापुर के मध्य एक जोड़ी अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया गया है। 05078/05077 गोण्डा जं.-अयोध्या-गोण्डा जं. एक जोड़ी अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी गाड़ी सं0 05078 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक चलने वाली (शुक्रवार को छोड़कर)- 06 ट्रिप 05078 गोण्डा जं.-अयोध्या अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी- गोण्डा जं0 स्टेशन से 21.40 बजे प्रस्थान कर बरूआचक से 21.52 बजे, मोतीगंज से 22:01 बजे, झिलाही से 22:10 बजे, मनकापुर से 22.35 बजे, टिकरी से 22.48 बजे, नवाबगंज से 22.58 बजे, कटरा से 23.10 बजे तथा रामघाट हाल्ट से 23.22 बजे छूटकर अयोध्या 23.50 बजे पहुँचेगी।05077 अयोध्या-गोण्डा जं0 अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी दिनांक 31 अक्टूबर से 06 नवम्बर तक चलने वाली (शनिवार को छोड़कर)- 06 ट्रिप 05077 अयोध्या-गोण्डा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी- अयोध्या स्टेशन से 00.45 बजे से प्रस्थान कर रामघाट हाल्ट से 00.56 बजे, कटरा से 01.06 बजे, नवाबगंज से 01.17 बजे, टिकरी से 01.27 बजे, मनकापुर से 02.45 बजे, झिलाही से 02.53 बजे, मोतीगंज से 03.03 बजे तथा बरूआचक से 03.13 बजे छूटकर गोण्डा जं. स्टेशन पर 03.30 बजे पहुँचेगी। 05079/05080 मनकापुर जं.-गोण्डा जं.-मनकापुर जं. एक जोड़ी मेला विशेष गाड़ी गाड़ी सं0 05079 मनकापुर जं.-गोण्डा जं. अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक चलने वाली- 07 ट्रिप 05079 मनकापुर जं.-गोण्डा जं. अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी-मनकापुर जं. से 14.00 बजे प्रस्थान कर झिलाही से 14.08 बजे, मोतीगंज से 14.17 बजे तथा बरूआचक से 14.26 बजे छूटकर गोण्डा जं. स्टेशन पर 14.45 बजे पहुँचेगी। 05080 गोण्डा जं.-मनकापुर जं. अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी गाड़ी सं0 05080 गोण्डा जं.-मनकापुर जं. अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी दिनांक 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक चलने वाली- 07 ट्रिप गाड़ी सं0 05080 गोण्डा जं.-मनकापुर जं. अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी- गोण्डा जं. स्टेशन से 15.15 बजे प्रस्थान कर बरूआचक से 15.27 बजे, मोतीगंज से 15.36 बजे, झिलाही से 15.46 बजे छूटकर मनकापुर जं. स्टेशन 16.35 बजे पहुँचेगी।

## रेल यात्री से ओवर चार्जिंग करने वाले स्टाल पर लगा दस हजार का जुर्माना

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल अपने यात्रियों की सुविधा के लिए सदैव प्रयासरत है। गोरखपुर जं. पर स्थित खानपान स्टाल पर आये हुए एक रेल यात्री द्वारा एक्स एवं रेल मदद पोर्टल पर ओवर चार्जिंग संबंधी परिवाद दर्ज किया गया था। इसके फलस्वरूप लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक द्वारा घटना की जॉच के आदेश दिये गये। जॉच में यह पाया गया कि खाद्य पदार्थ की बिक्री में उक्त स्टाल के वैण्डर द्वारा ओवर चार्जिंग की गयी है। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा स्टाल ठेकेदार के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए रुपए दस हजार का जुमार्ना लगाकर तत्काल जमा करवाया गया। लखनऊ मण्डल में अवैध वेंडिंग एवं खाद्य तथा पेय पदार्थो की ओवर चार्जिंग के विरुद्ध स्टेशनों एवं टेज्नों में जाँच अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

# आत्मनिर्भर अभियान भारत की आत्मा को जगाने का संकल्प

## भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन ने युवा सम्मेलन को किया सम्बोधित

विशेष संवाददाता (vol)

**आंवला/लखनऊ।** भाजपा युवा मोर्चा, आंवला द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं और उद्यमशील युवा उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी सोच को सशक्त बनाना, स्थानीय उत्पादों को अपनाने की भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण की धारा से जोड़ना था।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को युवाओं की शक्ति और देश के उज्ज्वल भविष्य से जोड़ते हुए कहा



कि आत्मनिर्भर भारत केवल आर्थिक सुधार का अभियान नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा को जागृत करने का संकल्प है। यह अभियान उस भारत की परिकल्पना करता है, जहां हर युवा अपने सामर्थ्य, नवाचार और परिश्रम के बल पर अपने देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सके। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल उत्पादन या उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मबल का संगम है। जब युवा अपनी सोच, तकनीक और दृष्टिकोण में स्वतंत्र होगा, तभी सशक्त और समृद्ध भारत का निर्माण संभव है। युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के आर्थिक स्वाभिमान की पुकार है। स्थानीय उत्पादों को अपनाना, अपने कारीगरों, किसानों और नव उद्यमियों को सशक्त बनाना ही आत्मनिर्भरता की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा इस अभियान के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभावना, नवाचार की चेतना और आत्मगौरव का संचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल नौकरी की तलाश में नहीं, बल्कि नए अवसरों की सृष्टि करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी के स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने युवाओं के सामने संभावनाओं का नया क्षितिज खोला है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि जो युवा अपनी मातृभूमि, अपनी मिट्टी और अपनी मेहनत पर गर्व करता है, वही सच्चा राष्ट्र निमार्ता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा, रचनात्मकता और सकारात्मक सोच को समाज और देश की प्रगति के लिए समर्पित करें।

सम्मेलन में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को गांव-गांव, कॉलेज-कॉलेज और प्रत्येक युवा तक पहुंचाएंगे। स्थानीय स्तर पर स्वदेशी उत्पादों, हस्तशिल्प, कृषि आधारित उद्योगों और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाने की घोषणा भी की गई।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर भारत एकजुटता और समरसता का उत्सव मनायेगा

प्रमुख संवाददाता (vol)




**राष्ट्रीय एकता दिवस 2025**

**लखनऊ।** आज पूरे देश में धूमधाम से भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। वर्ष 2025 इस दिवस का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह सरदार पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष है। भारत सरकार द्वारा इस दिवस का पहली बार 2014 में औपचारिक रूप से आयोजन शुरू हुआ था; तब से यह हर साल विविध सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी गतिविधियों के माध्यम से समृद्ध होता जा रहा है।

राष्ट्रीय एकता दिवस, जिसे राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में मान्यता मिली है, भारत की विविधता और एकता की अनूठी मिसाल को अमर करता है। यह दिन सभी नागरिकों को विविधता में एकता के आदर्श को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है। सरदार वल्लभभाई पटेल, जो भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे, ने आजादी के बाद 560 से अधिक रियासतों को एकीकृत कर एक विशाल और अखंड भारत का निर्माण किया। उनके दृढ़ नेतृत्व ने देश को विभाजन की विभीषिका से बचाते हुए आधुनिक भारत का मजबूत आधार बनाया।

सरदार पटेल के अखंड भारत के दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2015 को एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल की शुरूआत की। यह पहल राष्ट्र के विभिन्न भागों के बीच सांस्कृतिक, भाषा और शैक्षिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है तथा नागरिकों में भेदभाव की बजाय सहयोग और समझ को प्रोत्साहित करती है। 2025 में इस पहल का यह 10वां वर्ष है, जिसमें देश भर के स्कूल, कॉलेज, युवा संगठन और सरकारी विभाग विविध कार्यक्रमों के माध्यम से इसके उद्देश्य को सजारत कर रहे हैं। इस पहल के तहत सांस्कृतिक प्रशिक्षण, खाद्य महोत्सव, युवा संगम, डिजिटल अभियानों और पारस्परिक सीखने के कार्यों का आयोजन होता है।

इस वर्ष के राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह की मुख्य जगह गुजरात के नर्मदा जिले में स्थित एकता नगर होगी। समारोह में भारतीय वायु सेना की सूर्य दर्शन टीम का एयर शो, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की विभिन्न प्रस्तुतियां और राज्य पुलिस के मोटरसाइकिल स्टंट शामिल होंगे। इसके अलावा, दिल्ली में रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन होगा जिसमें विविध प्रतिभागी भाग लेंगे।

राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक सेलिब्रेशन नहीं, बल्कि देश के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को मजबूत करने वाली एक सतत पहल भी है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और रीति-रिवाजों का सम्मान करने से सामाजिक सद्भाव और आंतरिक एकता को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन को राष्ट्र की विविधता में एकता के संदेश को पुनः जीवित रखने का अवसर बताया है।सरदार पटेल की दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से हमें यह सीख मिलती है कि देश की एकता और अखंडता सबसे महत्वपूर्ण है। यह दिवस हर भारतीय को प्रेरित करता है कि वे सामाजिक सद्भाव, तृणमूल स्तरों पर सहिष्णुता और देशप्रेम का परिचय दें। रन फॉर यूनिटी जैसी गतिविधियां युवाओं और आम जनता में एकजुट रहने की भावना को व्यापक बनाती हैं।

2025 पूरे वर्ष सरदार पटेल की जयंती को यादगार बनाने के लिए हजारों कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सरदार@150 यूनिटी मार्च के तहत अक्टूबर से दिसंबर तक देश के विभिन्न जिलों और राज्यों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमिनार, नुक्कड़ नाटक, वृक्षारोपण अभियान, महिला कल्याण पहल, योग दिवस, और वोकल फॉर लोकल जैसे स्थानीय उत्पाद प्रोत्साहन कार्यक्रम किए जा रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा बलों के लिए भारतीय नस्ल के कुत्तों की अनूठी प्रदर्शनी भी होगी, जो उनकी साहसिक और आत्मनिर्भरता की क्षमताओं को उजागर करेगी।

# आईआरसीटीसी करायेगा केवड़िया की सैर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय लाया है लखनऊ से रन ऑफ कच्छ के साथ केवड़िया का हवाई टूर पैकेज। यह पैकेज 07 रात एवं 08 दिन का है। जिसमें - अहमदाबाद, केवडिया, कच्छ, भुज, राजकोट का भ्रमण कराया जाएगा। यह पैकेज 21 नवंबर से 28 नवंबर तक चलया जा रहा है।

टूर की विशेताओं में यात्रियों को लखनऊ से अहमदाबाद जाने की एवं राजकोट से लखनऊ आने की व्यवस्था फ्लाइट के माध्यम से की गई है। साथ ही खाने - पीने एवं ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल एवं कैंप में की गयी है। यात्रा के दौरान अक्षरधाम मंदिर, रिवरफ्रंट, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, स्वामी नारायण मंदिर (नीलकंठधाम), रण उत्सव, काला डूंगर, गांधी नु गाम, सरद बाग पैलेस, स्मृतिवन भूकंप स्मारक, बाला हनुमान मंदिर आदि का भ्रमण कराया जायेगा। एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 87700 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 57300 रुपये, तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 54200 रुपये, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 45900/ रुपये बेड सहित एवं मूल्य 44900 रुपये बिना बेड के होगा।

इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी।

उक्त यात्रा की बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय एवं आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर ऑनलाइन भी कराई जा सकती है। अधिक जानकारी एवं बुकिंग के लिये दिये गये मोबाइल नम्बरों लखनऊ 8287930911 पर 9236391911 एवं 8287930902 तथा कानपुर 8287930926 में सम्पर्क कर सकते है।

## 76 रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी

लखनऊ। रेल मंत्री द्वारा विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत भारतीय रेल के 76 रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी मिली है इस योजना के अंतर्गत उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के 03 स्टेशनों जिसमे लखनऊ, अयोध्या धाम तथा वाराणसी स्टेशनों को सम्मिलित किया गया है। इन होल्डिंग एरिया के माध्यम से स्टेशनों पर दिवाली, छठ तथा अन्य विशेष अवसरों के दौरान होने वाली अत्यधिक भीड़ का प्रभावी प्रबंधन किया जा सकेगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन होल्डिंग एरिया का निर्माण मॉड्यूलर डिजाइन में किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक स्टेशन की स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# महापौर और नगर आयुक्त के बीच टकराहट बढ़ी, बैठक फिर स्थगित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के बीच अधिकारों को लेकर चल रही टकराहट के बीच गुरुवार को दोबारा बुलाई गई नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक एक बार फिर स्थगित हो गई। बैठक में आरोप-प्रत्यारोप के बीच पार्षदों ने पूर्व की कार्यकारिणी बैठकों में पास हुए प्रस्तावों पर अमल न होने का आरोप लगाया। बैठक शुरू होते ही पार्षद पृथ्वी गुप्ता व अरूण राय धरने पर बैठ गए और हंगामा किया। इसके बाद महापौर ने यह कहते हुए बैठक स्थगित कर दी कि जब तक निगम प्रशासन पहले से लिए गए सभी निर्णयों का अनुपालन नहीं कर देता, तब तक कार्यकारिणी की अगली बैठक नहीं बुलाई जाएगी।

बैठक सुबह अपने तय समय 11 बजे शुरू हुई और हंगामा-विवाद के बीच बिना किसी नतीजे पर पहुंचे करीब 12 बजे स्थगित कर दी गई। इस दौरान किसी प्रस्ताव पर न तो चर्चा हुई न ही पास किया गया। बैठक में सिर्फ पुरानी बैठक में पास हुए प्रस्तावों पर अमल का विवाद पिछली बार की तरह छाया रहा। महापौर ने जब इसको लेकर बैठक में अफसरों से जानकारी मांगी तो उन्होंने इसके लिए और समय देने की मांग रखी। इसको लेकर दोनों तरफ तनातनी रही। बैठक बिना किसी नतीजे पर पहुंचे ही स्थगित हो गई। भाजपा पार्षद पृथ्वी गुप्ता और अरुण राय ने बैठक के बीच निगम प्रशासन के खिलाफ धरना दिया। बैठक के बाद महापौर ने नगर निगम अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि पिछले दो साल में कार्यकारिणी में पास किए काफी प्रस्तावों पर अफसरों ने अमल नहीं किया। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है, बल्कि चुने गए प्रतिनिधियों और लखनऊ की जनता दोनों का अपमान है। महापौर ने कहा कि चाहे मामला शहर की सफाई व्यवस्था का हो, मार्ग प्रकाश का, मृतक आश्रितों के अधिकारों का, जलभराव, टूटी सड़कों या नगर निगम की भूमियों पर अवैध कब्जों का, हर स्तर पर प्रशासन की कार्यशैली निराशाजनक रही है।

### धरने पर बैठे पार्षद, पुराने फैसलों का अनुपालन न होने तक नहीं होगी बैठक



### चपरासी और डाक से बजट की कापी भेजने पर भड़कीं महापौर

महापौर ने कहा कि सबसे गंभीर लापरवाही पुनरीक्षित बजट के मामले में देखने को मिली है। उनके पास पुनरीक्षित बजट की प्रति पहले एक चपरासी के जरिए भेजी गई। जब उसे लौटा दिया गया तो उसे डाक से भेज दिया गया। यह तरीका महापौर को अपमानित करने वाला है। बजट को लेकर पहले अफसरों को उनसे चर्चा करनी चाहिए थी। पहले अफसर महापौर के आवास पर जाकर बजट पर चर्चा करते थे। खुद उसकी प्रति देने जाते थे। इस बार ऐसा नहीं किया गया। बजट एक गोपनीय और महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। उन्होंने कहा कि बजट कोई औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि शहर के विकास की दिशा तय करने वाला आधार होता है। ऐसे दस्तावेजों पर इस तरह की उदासीनता स्वीकार्य नहीं है।

### दो वर्ष बीतने के बाद भी सदन के फसलों पर अमल नहीं

■ महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि सामान्य सदन और विशेष बैठकों में वर्ष 2023 से 2025 तक लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर अब तक नगर निगम प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं और प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। महापौर ने कहा कि नगर निगम की सामान्य सदन की स्थगित बैठक 13 अगस्त 2023 में पारित कई प्रस्ताव आज तक लंबित हैं। आलमनगर वार्ड, राजा नगर में खसरा संख्या 1083 पर कल्याण मण्डप निर्माण के लिए प्रस्ताव रखा गया था, जिसे हुडको की सीएसआर निधि से पूरा किया जाना था। यह प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हुआ, किंतु अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ। इसी तरह 110 वार्डों की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमणों को हटाने और उन्हें वार्डवार सूचीबद्ध कर सदन में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया था। निर्णय के बावजूद न तो सूची तैयार की गई, न ही किसी स्तर पर कार्रवाई दिखी। कर्मचारियों के आश्रितों को भी भवनकर और जलकर में छूट देने का निर्णय लिया गया था। यह प्रस्ताव भी अब तक लागू नहीं हुआ। इसी बैठक में गऊघाट स्थित पार्क का नामकरण संत गाडगे पार्क किए जाने, शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर रजनीकांत यादव के सम्मान में लोहियानगर वार्ड की सड़क का नामकरण और द्वार निर्माण का निर्णय लिया गया था। दोनों ही प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए, लेकिन धरातल पर कोई प्रगति नहीं दिखी। इसी बैठक में जलकल कर्मचारियों को छूट, भत्ते और अवकाश भुगतान के संबंध में निर्णय लिए गए थे। मुख्य वित्त अधिकारी और मुख्य लेखा परीक्षक की संयुक्त समिति को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन अब तक आख्या सदन में प्रस्तुत नहीं हुई। 23 नवंबर 2023 को आयोजित पुनरीक्षित बजट वर्ष 2023-24 में निर्णय लिया गया था कि मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों से प्रति शो शुल्क 25 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति शो वसूला जाएगा। इसका कार्यान्वयन नहीं हो सका है।

### अमृत 2.0 परियोजना भी अटकी

30 अगस्त 2024 की सामान्य बैठक (स्थगित होकर 02 सितंबर 2024) में पारित अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट-2 पार्ट-1 सरोजनी नगर और ग्राम अमौसी क्षेत्र में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया था। भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए कर छूट पर भी अमल नहीं

15 अप्रैल 2025 को मूल बजट में यह निर्णय लिया गया था कि अधिकारी/कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी और उनके आश्रित, यदि निगम सीमा के भीतर एक मात्र आवासीय भवन में स्वयं निवास कर रहे हों, तो उन्हें भवन कर, जलकर और सीवर कर से छूट प्रदान की जाएगी।

### जनप्रतिनिधियों और जनता दोनों का हो रहा अपमान : महापौर

महापौर ने कहा कि प्रशासन की निष्क्रियता और जनहित से जुड़े मुद्दों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि कार्यकारिणी और सदन दोनों ही मिलकर नगर निगम प्रशासन के साथ निर्णय लेते हैं, ताकि जनता और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों का समाधान हो सके। परंतु, खेद की बात है कि प्रशासन लगातार जनप्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन द्वारा पारित निर्णयों को दरकिनार कर रहा है। इसके साथ ही सरकारी धन और समय दोनों का नुकसान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है, बल्कि जनता से चुने गए प्रतिनिधियों और लखनऊ की जनता दोनों का खुलेआम अपमान है।

### महत्वपूर्ण विषयों की की गयी अनदेखी

■ महापौर ने निगम प्रशासन को निर्देशित किया कि वह यह स्पष्ट करे कि निर्णयों के अनुपालन में उन्हें कितना समय लगेगा, ताकि उसी आधार पर अगली बैठक की तिथि तय की जा सके। प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस निर्णय न लिए जाने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। करीब दो वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी इन प्रस्तावों पर अमल न होना निगम प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। 8 डिस्पेंसरी और गनेशगंज डिस्पेंसरी को नगर निगम को हस्तांतरित करने, फ्लाईओवर और पुलों के नीचे हुए अतिक्रमणों को हटाकर सौंदर्यीकरण तथा वेंडिंग जोन और पार्किंग क्षेत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया था। पालतू जानवरों के शवों के सम्मानजनक निस्तारण के लिए स्थल चयन और शुल्क निर्धारण की प्रक्रिया नगर आयुक्त को सौंपे जाने का निर्णय लिया गया था। इसके अतिरिक्त बैटरी रिक्शा का लाइसेंस नगर निगम से जारी करने, अयोध्या रोड स्थित पुरानी चुंगी के पास जर्जर रैन बसेरा तोड़कर कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग व्यवस्था में पारदर्शी निविदा प्रणाली से आय बढ़ाने के निर्णय शामिल थे मगर इन सभी पर कोई अमल नहीं हुआ। इसी तरह नक्खास बाजार में महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था थी।

# लविवि कर्मचारी किसी अधिकारी का नहीं करेगा निजी कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

- लविवि प्रशासन ने जारी किया सख्त आदेश, कर्मचारी परिषद ने जताया आभार
- कर्मचारी परिषद ने कहा, यदि कोई अधिकारी दबाव बनाये तो तत्काल परिषद को करें सूचित

**लखनऊ।** लविवि के लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) छात्रावास में तैनात आउट सोर्सिंग कर्मचारी घायल राम गोपाल के साथ हुई घटना को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार किया है। इस सम्बन्ध में गुरुवार को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना के निर्देश पर कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार सभी प्रोवोस्टों और अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि विश्वविद्यालय में कार्यरत किसी भी कर्मचारी को अपने आवास आदि पर निजी व व्यक्तिगत कार्यों के लिए न बुलाया जाये। साथ ही समस्त कर्मचारियों को भी चाहे वह नियमित, संविदा या आउटसोर्सिंग हो, को यह आदेश दिया गया कि प्रोवोस्ट व अधिकारी के आवास पर उनके निजी या व्यक्तिगत कार्यों के सम्पादन के लिए उनके आवास आदि पर न जाये।

इस पर लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन ने गुरुवार को आदेश जारी करने के लिए के आभार व्यक्त प्रकट किया है। बताया जा रहा है कि यह आदेश जारी करने के लिए कर्मचारी परिषद ने ही अनुरोध किया था। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राकेश यादव एवं महामंत्री संजय शुक्ला ने समस्त कर्मचारियों से इस आदेश का कड़ाई से पालन करने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही यह भी अवगत कराया है कि अगर कोई भी अधिकारी किसी कर्मचारी को अपना निजी अथवा व्यक्तिगत कार्य करने के लिए मजबूर करता है तो इसकी कर्मचारी परिषद को दें। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद इसके विरुद्ध कठोर कदम उठाएगा और अगर आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा।

# योगी के कारण दो बार दीपावली मनाने का मिला अवसर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बुधवार को गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की ऐतिहासिक वृद्धि की। इस निर्णय के पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गन्ना किसानों से संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के निर्णय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए गन्ना किसानों ने अपनी भावनाएं साझा कीं। किसानों ने एक स्वर में कहा कि योगी जी के कारण हमें एक माह में दो बार दीपावली मनाने का अवसर मिला। किसान संतोष वाजपेयी ने कहा एक समय था कि जब गन्ना रखे-रखे सूख जाता था और पर्ची नहीं मिलती थी। आज मोबाइल पर पर्ची मिल रही है। आलू-गन्ना, चना-गन्ना, सरसों-गन्ना, पत्ता गोभी गन्ना जैसे सहफसली खेती का अवसर मिला है। आमदनी बढ़ी है। यह मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में ही संभव हो पाया। मथुरा के हीरा सिंह ने कहा योगी सरकार ने गन्ना मूल्य बढ़ाकर किसानों को तोहफा दिया है, इसके लिए धन्यवाद। पूर्व में कांग्रेस हो, बसपा हो या सपा..किसी ने हमारी सुध नहीं ली। 'जय-जवान जय किसान' का नारा भले कांग्रेस से आया, लेकिन सार्थक भाजपा सरकार में ही हो सका है। राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने क्रेडिट कार्ड की व्यवस्था कराई और पीएम मोदी ने हमें सम्मान निधि दिया है। रामनिवास यादव ने कहा पिछली दो सरकारों के 10 वर्ष में गन्ना मूल्य एक रुपये भी नहीं बढ़ा। योगी जी ने 08 वर्षो में 35% से ज्यादा मूल्य बढ़ाया है।



# ग्राम समाज की जमीन पर टाउनशिप विकसित करने पर लगेगी रोक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करके अवैध टाउनशिप विकसित करने पर रोक लगेगी। विकास प्राधिकरण टाउनशिप का नक्शा पास करते समय राजस्व विभाग के मानचित्र से मिलान करेंगे।

ग्राम समाज की भूमि बीच में आने की स्थिति में यह देखा जाएगा कि उसका समायोजन हुआ है या नहीं। समायोजन न होने की स्थिति में नक्शा पास नहीं किया जाएगा। नक्शा उसी शर्त पर पास किया जाएगा जब राजस्व विभाग से उस संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र होगा। शासन स्तर से विकास प्राधिकरणों को नक्शा पास करने के संबंध में विस्तृत निर्देश दिया गया है। इसमें कहा गया है कि टाउनशिप के क्षेत्रफल में अगर शासकीय, ग्राम समाज या स्थानीय निकाय के स्वामित्व वाली भूमि शामिल है, तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि टाउनशिप नीति-2022 और राजस्व विभाग की अधिसूचना अगस्त 2023 के अनुसार ऐसी भूमियों का समायोजन होने के बाद ही उसे पास किया जाएगा। विकास प्राधिकरणों में राजस्व विभाग का सुपर इंपोज्ड नक्शा अनिवार्य रूप से रखा जाएगा। इसमें परियोजना की भूमि का लोकेशन का राजस्व खसरा नंबर से मिलान किया जाएगा।

टाउनशिप का नक्शा पास करते समय राजस्व विभाग के मानचित्र से इसका मिलान किया जाएगा। टाउनशिप के लिए नक्शा पास करते समय सभी विभागों के अनापत्ति प्रमाण पत्र को अनिवार्य रूप से देखा जाएगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि धोखाधड़ी कर नक्शा तो नहीं पास कराया जा रहा है।

धोखाधड़ी कर नक्शा पास कराने की वजह से विवाद शुरू हो जाता है। इससे आवंटियों को अपने फ्लैट व भूमि पर कब्जा पाने के लिए इंतजार करना पड़ता है। शासन एफएआर के साथ अन्य सेवा शर्तों के बारे में स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट की जाएगी। नक्शा पास करते समय रेरा में पंजीकरण की स्थिति भी स्पष्ट की जाएगी। रेरा में पंजीकरण के बिना नक्शा पास नहीं किया जाएगा।

# बारिश व हवाओं से 6 डिग्री गिरा पारा

## झांसी, बाराबंकी और फुर्सतगंज में दिन के सबसे कम तापमान

**लखनऊ।** चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश हुई, जिससे झांसी, बाराबंकी और अमेठी में अक्टूबर का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। 19 जिलों में बारिश हुई और 20 जिलों में अधिकतम तापमान में गिरावट आई। मौसम विभाग के अनुसार, यह स्थिति अगले 48 घंटे तक जारी रहने की संभावना है। लखनऊ में गुरुवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश होती रही। कुछ इलाकों में हल्की तो कुछ इलाकों में तेज बारिश से जगह-जगह पानी भर गया। आसमान में काले बादल छाए रहे। 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पूर्वी बफीर्ली हवा ने ठंड बढ़ा दी। लगातार बारिश ने तीन साल का रिकॉर्ड टूट गया। गुरुवार को 22.9 मिलीमीटर वर्षा हुई, जिससे तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।



तापमान गिरने से लोगों को हल्की ठंडक का एहसास हुआ। नतीजतन ज्यादातर घरों में पंखे दिन भर बंद रहे। बारिश तेज नहीं थी, लेकिन दोपहिया पर चलने वालों को अच्छी-खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगह जलभराव भी हो गया। सुबह से शाम तक रह रह कर कुछ इलाकों में बारिश तेज हो जा रही थी। इसकी वजह से मेट्रो के पुल, फ्लाईओवरों और जगह-जगह अंडरपास के नीचे दो पहिया सवार रुक कर बारिश हल्की होने का इंतजार करते दिखे। शहर में इस वजह से कई जगह जाम की स्थिति लगातार बनी रही। मौसम में यह बदलाव बंगाल की खाड़ी में उठे मोंथा तूफान और अरब सागर से आ रही जेट स्ट्रीम की वजह से आया। इसके पहले अक्तूबर 2022 में एक दिन में सर्वाधिक 65.5 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। वर्ष 2023 में 5.8 और 2024 में सर्वाधिक वर्षा एक दिन में कुल 15 मिलीमीटर रही थी। दूसरी ओर बादल घिरे रहने और नमी की अधिकता हवा में 96 फीसदी तक पहुंच जाने के कारण न्यूनतम तापमान में 6.6 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा। झांसी, बाराबंकी और अमेठी के फुर्सतगंज में इस माह का अब तक का सबसे कम अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। यानी जब से इन जिलों के केन्द्रों पर तापमान रिकॉर्ड किया जा रहा है, तब से अब तक का सबसे कम तापमान रहा। मौसम विभाग के अनुसार झांसी में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

# जेवर एयरपोर्ट का जल्द होगा शुभारंभ

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंचना होगा और आसान

विशेष संवाददाता (vol)

- मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी की पूरी तैयारी
- सड़क, रेल और बस—हर माध्यम से मिलेगी तेज, आरामदायक और सीधी पहुंच

**लखनऊ।** नोएडा के जेवर में बना नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द ही शुरू होने जा रहा है। एयरपोर्ट को दिल्ली-एनसीआर, आगरा, अलीगढ़, मथुरा, मेरठ और हरियाणा जैसे क्षेत्रों से जोड़ने के लिए बहु-माध्यमीय परिवहन व्यवस्था तैयार की जा रही है। इसका मकसद यात्रियों, पर्यटकों और उद्योगों को एयरपोर्ट तक पहुंचने का तेज, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल साधन देना है। एयरपोर्ट सीधे यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ा है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (बल्लभगढ़ लिंक) बनने से हरियाणा और पश्चिम भारत की दिशा से भी सुगमता बढ़ी है।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से एयरपोर्ट को जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है, जिससे गाजियाबाद, मेरठ, पलवल और सोनीपत से भी सीधा रास्ता मिलेगा। वहीं, औद्योगिक और मालवाहक ट्रैफिक के लिए उत्तर और पूर्व एक्सेस रोड लगभग बनकर तैयार हैं। जबकि, सेक्टर-28 की 60 मीटर चौड़ी सेवा सड़क को भी यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ा गया है, ताकि स्थानीय यातायात सुचारू रहे। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट तक रीजनल रैपिड रेल (फ्फ्ळर) परियोजना का डीपीआर राज्य सरकार ने मंजूर कर दिया है। रेल मंत्रालय भी एयरपोर्ट को चोला-रुंधी रेल लाइन से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। साथ ही, दिल्ली-वाराणसी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर में जेवर स्टेशन का प्रावधान किया गया है। एयरपोर्ट को आसपास के शहरों और मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए वढरफ्ळउ के साथ समझौता किया गया है। उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान के साथ भी अंतरराज्यीय बस सेवा की सहमति बन चुकी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण मिलकर 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाएंगे, जो यात्रियों को एयरपोर्ट तक पर्यावरण-अनुकूल यात्रा सुविधा देंगी। एयरपोर्ट पर महिंद्रा लॉजिस्टिक्स की ओर से एनआईए ब्रांडेड कैब सेवा शुरू की जा रही है। उबर, रैपिडो और मेक माई ट्रिप जैसी कंपनियां ऑन-डिमांड कैब सेवा देंगी। ओला के साथ अनुबंध भी अंतिम चरण में है। यात्री मोबाइल ऐप से कैब बुक कर सकेंगे, किराया देख सकेंगे और लाइव ट्रैकिंग कर पाएंगे। यात्रियों को खुद चलाने वाली या ड्राइवर सहित कारें किराए पर लेने की सुविधा भी मिलेगी। इन सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) उत्तर भारत का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक विमानन केंद्र बनने जा रहा है। यह देश के उन चुनिंदा एयरपोर्ट्स में शामिल होगा, जहाँ सड़क, रेल, रैपिड रेल और बस—चारों माध्यमों से एकीकृत कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

# 25 लाख की विधायक निधि से चांदे बाबा तालाब बनेगा हरियाली और आस्था का प्रतीक

**नई दिल्ली/लखनऊ।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण दिल्ली में गुरुवार को सरोजनीनगर क्षेत्र के चांदे बाबा तालाब (गढ़ी चुनौती) से संबंधित मामला सुना गया। सुनवाई के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह स्वयं उपस्थित रहे और तालाब क्षेत्र के गरीब दलित समुदाय के प्रभावित परिवारों की ओर से पक्ष रखा। डॉ. सिंह ने न्यायाधिकरण के समक्ष यह आग्रह किया कि इस क्षेत्र में रहने वाले गरीब परिवारों को विस्थापित न किया जाए, बल्कि तालाब का पुनर्विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यावरणीय सुधार जन-सहयोग और संवेदनशीलता के साथ किया जाए।



विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, पुनर्विकास और वृक्षारोपण के लिए विधायक निधि से कुल 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत किए हैं। यह प्रस्ताव न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे एनजीटी ने सराहा और रिकॉर्ड पर लिया है। साथ ही, जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ ने न्यायाधिकरण में शपथपत्र दाखिल कर यह सूचित किया कि मैक्स हेल्थकेयर ग्रुप के उरफफंड्स के माध्यम से भी इस क्षेत्र के विकास कार्य कराए जाएंगे। डीएम लखनऊ की ओर से प्रस्तुत ड्रोन वीडियो को भी न्यायालय ने देखा और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। डीएफओ लखनऊ ने भी तालाब क्षेत्र में चल रहे वृक्षारोपण और हरियाली कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट न्यायाधिकरण में प्रस्तुत की। यह भी स्पष्ट किया कि दलित समुदाय के गरीब परिवारों को अभी विस्थापित नहीं किया जाएगा। न्यायाधिकरण का ध्यान अब 36.9 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले इस ऐतिहासिक तालाब के पर्यावरणीय पुनर्जीवन और समग्र विकास कार्यों पर केंद्रित है। इस संबंध में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, विकास का अर्थ यह नहीं कि किसी की छत छिन जाए। हमारा उद्देश्य है कि गरीबों की रक्षा करते हुए प्रकृति की भी रक्षा हो। चांदे बाबा तालाब सरोजनी नगर की आस्था, हरियाली और एकता का प्रतीक बनेगा, मुझे पूर्ण विश्वास है।

# विधानसभा समितियां विधायिका की ताकत का प्रतीक

विशेष संवाददाता (vol)

- उप्र विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न समितियों की बैठक का किया शुभारम्भ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के समिति कक्ष में गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा की विभिन्न समितियों की बैठकों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्राक्कलन समिति, महिला एवं बाल विकास संबंधी समिति, आश्वासन समिति, प्रतिनिहित विधायन समिति तथा संसदीय अनुश्रवण समिति की बैठकें आयोजित हुईं।



इस अवसर पर अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि जनता ने सेवा करने का अवसर दिया है। प्रत्येक सदस्य, चाहे पक्ष का हो या विपक्ष का, जनता के प्रति जवाबदेह है। जो अधिकार हमें दिए गए हैं, उनका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। अधिकारियों के महत्व को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जवाबदेही जनप्रतिनिधियों की ही होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी दल से हों, लक्ष्य सबका एक होना चाहिए, जनसेवा और जनता के विश्वास की रक्षा। उन्होंने कहा कि समितियां विधायिका का अभिन्न हिस्सा हैं, जो कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करती हैं। ये समितियां विधायिका की शक्ति का प्रतीक हैं और लोकतंत्र के सुचारू संचालन में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विधानसभा समितियां मिनी विधानसभा की तरह कार्य करती हैं और सरकार की विश्वसनीयता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी संविधान से बंधे हुए हैं, विधायिका का सम्मान बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। जो जितने बड़े पद पर होता है, उसे उतनी ही आलोचना सहने की क्षमता रखनी चाहिए। समय के साथ विधायिका की कई शक्तियां कार्यपालिका को हस्तांतरित हो गई हैं इसलिए अब जरूरत है कि हम अपने अधिकारों और दायित्वों को फिर से सशक्त करें। प्राक्कलन समिति के सभापति मुकेश चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। विधानसभा के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने सभी को सम्मान दिया है और सदन की गरिमा को बढ़ाया है। न जाने कितने अध्यक्ष आए, लेकिन महाना जैसा कोई नहीं। महिला एवं बाल विकास संबंधी समिति की सभापति कृष्णा पासवान ने कहा कि जब से अध्यक्ष बने हैं, सभी सदस्यों का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने अध्यक्ष महाना का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। आश्वासन समिति के सभापति राजपाल बालियान ने कहा कि अध्यक्ष के मार्गदर्शन से समिति अपने कार्यों का कुशल संचालन कर पा रही है। प्रतिनिहित विधान समिति के सभापति राजीव सिंह बब्बू भैया ने कहा कि अध्यक्ष के दिशा-निर्देशन से उन्हें हमेशा प्रेरणा मिलती रही है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के सभापतित्व में अनुश्रवण समिति की बैठक में सदस्य अभय सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विधानसभा की कार्यप्रणाली में आज भी जनता के विश्वास और जवाबदेही का आभास होता है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनुशिका आयी प्रथम



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में गुरुवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में सरदार पटेल के जीवन पर आधारित 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने सरदार पटेल को दृढ़ संकल्प वाला व्यक्तित्व बताया। जिन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था में सुधार के लिए भी कई प्रयास किए। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में कार्य किया और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अथक प्रयास किए। उनका व्यक्तित्व सदैव अनुकरणीय रहेगा। मेजर (डॉ)मनमीत कौर सोढ़ी ने बताया कि प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कैडेट्स तक ये जानकारी पहुंचाई गई कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने 562 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता सुनिश्चित हुई।

# प्रदेश भर में भाजपा आज करेगी रन फॉर यूनिटी, सीएम योगी होंगे शामिल

**लखनऊ।** लौह पुरुष और देश की एकता के प्रतीक भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा 31 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज में एकता, अखंडता और राष्ट्रभावना को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, डॉ राधा मोहन सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा सहित प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला स्तर पर आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी में सम्मिलित होंगे।

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ इस दौड़ का आयोजन होगा। राजधानी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संजय राय, प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी और लखनऊ जिला में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह एवं शंकर लाल लोधी रन फॉर यूनिटी में सम्मिलित रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरूण सिंह मेरठ महानगर व डा. राधा मोहनदास अग्रवाल नोएडा महानगर सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### यूपी पुलिस का रन फॉर यूनिटी आज

**लखनऊ।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश में एक बार फिर एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता का संदेश गूंजेगा। 31 अक्टूबर को यूपी पुलिस प्रदेश के सभी जिलों और पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालयों पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन करेगी। पुलिस महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) एलआर कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत की एकता और अखंडता के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी थानों, स्कूलों, कॉलेजों, एनसीसी, स्काउट्स और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता के साथ यह दौड़ आयोजित होगी, जिसमें तिरंगे झंडे और राष्ट्रीय नारों के साथ देशभक्ति का वातावरण बनेगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी सुबह 7 से 10 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। प्रत्येक थाने या पुलिस मुख्यालय से 1 से 1.5 किलोमीटर की दूरी तक दौड़ का आयोजन होगा। मार्ग का चिन्हांकन, दिशा संकेतक, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुलतानपुर रोड पर गोसाईंगंज के कबीरपुर गांव में बुधवार देर रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है। गोसाईंगंज इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक सिठौली गांव निवासी शिवराज (42) और उसका साथी राकेश (40) बुधवार देर रात दोनों एक बाइक से लौट रहे थे। इस बीच कबीरपुर गांव में सड़क के कट से निकलकर बाइक खुर्दही बाजार की ओर मुड़ी। तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार शिवराज और राकेश उछलकर सिर के बल सड़क पर गिरे। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस घायल शिवराज और राकेश को सीएचसी गोसाईंगंज लेकर पहुंची। हालत गंभीर देख दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। आरोपी कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। काम पर से लौट रहे थे दोनों इंस्पेक्टर ने बताया कि शिवराज और राकेश दोनों मजदूरी करते हैं। दोनों कई दिनों से मलेशेमऊ में काम कर रहे थे। दोनों रात काम खत्म कर लौट रहे थे। इस बीच कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मनोज के परिवार में उनकी पत्नी मंजू, तीन बेटे निखिल, निहाल, प्रिंस और बेटी निधि हैं। शिवराज के परिवार में पत्नी कमला, बेटा राजा है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के देवा रोड स्थित टाटा मोटर्स के गेट के बगल में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव पेड़ की डाल पर लटकता हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली कि टाटा मोटर्स के गेट के बगल में सड़क किनारे लगे पेड़ से एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटक रहा है। छानबीन करने पर मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर शव की पहचान उन्नाव जिले के मौरावां थाना क्षेत्र स्थित बकसपुर गांव निवासी 27 वर्षीय रंजीत यादव पुत्र जिया लाल यादव के रूप में हुई। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक इसकी सूचना घरवालों को दे दी गई है।

**करंट लगने से मजदूर की मौत :** दुबग्गा इलाके में एक मजदूर की बुधवार को करंट लगने से मौत हो गई। घटना के समय मजदूर एक निजी स्कूल में सफाई का काम कर रहा था। दुबग्गा के जेहटा निवासी 41 वर्षीय शमीम मजदूरी कर जीवन यापन करते थे।

भाई शरीफ ने बताया कि बुधवार दोपहर वह मछली मंडी के पास निजी स्कूल में सफाई का काम कर रहे थे। तभी उनको करंट लग गया। करंट लगने के बाद ठेकेदार ने उन्हें ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी सानिया व तीन बेटियां हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**युवक की संदिग्ध हालत में मौत :** ठाकुरगंज क्षेत्र में बुधवार को एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

थाना क्षेत्र के नगरिया निवासी 45 वर्षीय महेश गुप्ता एक दुकान पर काम करता था। भांजे गोपी ने बताया कि महेश का तलाक हो गया था। वह अपनी मां के साथ रहता था। बुधवार रात वह नशे की हालत में घर पहुंचा और लड़खड़ाकर गिर गया। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## वेंटिलेटर की उपलब्धता पर हाईकोर्ट ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और आवश्यकता के संबंध में राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के अनुभव का उल्लेख करते हुए, कि भविष्य में किसी आपात स्थिति की स्थिति में वेंटिलेटर की त्वरित उपलब्धता हेतु राज्य सरकार को ठोस तंत्र विकसित करना चाहिए। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि राज्य सरकार यह जानकारी दे कि लखनऊ के प्राथमिक स्तर के अस्पतालों (सीएचसी एवं पीएचसी) में वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध है अथवा नहीं, तथा यदि है तो क्या वहां प्रशिक्षित कार्मिक तैनात हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया। न्यायालय ने कहा कि राजधानी के अस्पतालों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है, प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक अस्पताल। न्यायालय ने यह भी कहा कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू और लोहिया जैसे संस्थान मानकों के अनुसार न्यूनतम वेंटिलेटर संख्या रखते हैं, लेकिन यह देखा जाना आवश्यक है कि मरीजों की वास्तविक आवश्यकता इन मानकों से अधिक तो नहीं है। न्यायालय ने राज्य सरकार को यह भी आदेश दिया है कि लखनऊ खंडपीठ के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 16 जनपदों के सभी तीन स्तरों के अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और आवश्यकता का आंकलन कर अगली सुनवाई तक रिपोर्ट दाखिल की जाए। मामले की अगली सुनवायी 29 अक्टूबर को होगी।

## विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र निवासी विवाहिता ने पति, सास और ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाया हैं । सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के सैनिक हाउसिंग सोसायटी निवासी 29 वर्षीय डॉक्टर रिया वाजपेई ने हरियाणा के रेवाड़ी निवासी पति विश्वास शुक्ला उर्फ मोहित, सास और ससुर पर दहेज में कार न लाने और भद्दी- भद्दी गालियां देने और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया हैं।

पीड़िता का कहना है कि 25 मई 2025 को हरियाणा निवासी विश्वास शुक्ला से हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सरोजनी नगर स्थित साई लान में हुई थी। जिसमें उसके के पिता ने 5 लाख रुपये नगद, 5 सोने की अंगूठी, एक सोने का सेट, सोने की चेन, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, घर का फर्नीचर, सोफा सेट सहित कुल शादी का खर्चा मिलाकर लगभग 25 लाख रुपये हैसियत से ज्यादा खर्च किए हुए थे। जिसमें उसके पिता अपने परिचितों से उधार लेकर भी खर्च किए थे। पीडिता का कहना है कि विवाह के बाद वह अपने पति के साथ उसके पैतृक गांव उरई चली गई। जहां पर दोनों अपने सास सुमन शुक्ला और ससुर अरुण शुक्ला के साथ कुछ समय के लिए रहे । पीडिता का कहना है कि वह हरियाणा के अंबाला में वेटरिनरी ऑफीसर पद पर कार्यरत है और उसके पति विश्वास शुक्ला हरियाणा में एक प्राइवेट कंपनी में एच एस आई डी सी ग्रोथ सेंटर में काम करते हैं। पीडिता का कहना है कि उनके पति हर शनिवार को अंबाला आ जाते थे और हर सोमवार को सुबह वापस चले जाते थे। पीडिता का कहना है कि वह जब पति से बवाल जाने के लिए उनसे कहीं तो वह उससे गाली गलौज करने लगे और मारपीट किये और पर्स में रखे 10 हजार रुपये निकाल लिए और वहां से चले गये। पीडिता का कहना है कि उनके पति उनसे आधी सैलरी की मांग करते हैं ।कहते हैं कि तुम सरकारी नौकरी में हो और तुम्हें ज्यादा रुपये मिलते हैं ।इसलिए आधी सैलरी हमको भी दो । पीड़िता का कहना है कि उसके पति का दूसरी लड़की से भी अफेयर है। यह पूछने पर वह उससे मारपीट करने लगा। पीडिता का कहना है कि 18 अक्टूबर को उसके पति सरोजनीनगर स्थित घर पर आये और साथ में दीपावली मनाने के लिए उरई ले गये। जहां पर वह अपनी सास से पति के विषय में सारी बातें बताई तो उनकी सास ने पति को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए ससुर और पति को बुलाया और कहा कि इसको यहीं पर मार डालो। सारा मामला खत्म हो जाएगा। पीडिता का कहना है कि तीनों लोग मिलकर गंदी-गंदी गालियां देते हुए पीटने लगे। जिससे उसकी उंगली टूट गई और शरीर पर कई जगह गंभीर चोट भी लग गयी। पीड़िता ने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाते हुये अपने पिता को फोन किया और उसके पिता उरई पहुंच कर उसे अपने साथ लखनऊ ले आये। पीड़िता ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई। सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## कार सेंटर में लगी भीषण आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुडंबा में बृहस्पतिवार को कल्याणपुर स्थित मारुति सुजुकी नेक्सा के अधिकृत वर्कशॉप में आग लग गई। एक के बाद एक हुए धमाकों से लोग दहल उठे । हादसे में दो कार और करीब दो करोड़ का सामान जलकर राख हो गया। वर्कशॉप अवैध रूप से चल रहा था। दमकल कर्मियों ने दस गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया। सीतापुर रोड स्थित मौसमबाग कॉलोनी निवासी अश्वनी वर्मा का कल्याणपुर में बीके मोटर्स कार वर्कशॉप है। अश्वनी के भाई राम चंद्र प्रसाद वर्मा ने बताया कि वर्कशॉप में 12 कर्मचारी काम करते हैं। बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे सभी कर्मचारी लंच पर चले गए थे। करीब 2:15 बजे पड़ोस में स्थित निर्वाण हॉस्पिटल के कर्मचारियों को वर्कशॉप से धुएं का गुबार और आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठती दिखाई पड़ीं। शोर सुन वर्कशॉप के कर्मचारी भी आ गए। घटना की जानकारी दमकल और पुलिस को दी गई। कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए। तभी वर्कशॉप के स्टोर में इंजन ऑयल, मोबीऑयल और डीजल से भरे ड्रमों के कारण एक बाद-बाद एक करीब 12 धमाके होने लगे। धमक इतनी थी कि लोग दहल उठे।




घटनास्थल पर एफएसओ इंदिरानगर के के सिंह और एफएसओ बीकेटी एक-एक गाड़ी और टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर ही रहे थे कि तभी वर्कशॉप में रखे ज्वलनशील पदार्थ और प्लास्टिक के करण लपटें विकराल हो गईं। दमकल कर्मियों को सांस लेने में समस्या होने लगी। एफएसओ इंदिरानगर ने मदद के लिए फायर स्टेशन हजरतगंज, गोमतीनगर और सरोजनीनगर से आठ और गाड़ियां बुला लीं। वर्कशॉप में धुआं भरा हुआ था। इससे दमकल कर्मियों को दिखने में समस्या होने लगी। इस बीच वर्कशॉप का दफ्तर भी आग की चपेट में आ गया। ऐसे में टीम तीन हिस्सों में बट गई। दो टीमें बीआर सेट पहन कर अंदर दाखिल हुईं। एक टीम ने वहां खड़ी छह गाड़ियों को वहां से किसी तरह से बाहर निकाला। जबकि दूसरी टीम दफ्तर की खिड़कियों और गेट में लगी कांच को तोड़कर अंदर दाखिल हुई। तीसरी टीम बाहर से ही आग पर काबू पा रही थी। धुआं करीब दो किलोमीटर दूर से दिख रहा था। वहीं, रिंग रोड व पुल पर जाम लग गया।

**वर्कशॉप की दीवारों में आईं दरारें:** दमकलकर्मी जब वर्कशॉप में दाखिल हुए तो देखा कि धमाकों के कारण दीवारों में दरारें पड़ चुकी थीं। दो कार, हाइड्रोलिक मशीन, स्टोर रूम में रखे सामान से लपटें उठ रही थीं। टीम ने निर्वाण अस्पताल में लगे हौज रील और गाड़ियों से करीब ढाई घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

**बिना एनओसी चल रहा थी वर्कशॉप:** एफएसओ इंदिरानगर ने बताया कि वर्कशॉप अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था थी, मगर मालिक के पास एनओसी नहीं थी। ऐसे में उन्हें नोटिस भेज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। वर्कशॉप में कार के आने-जाने का एक ही रास्ता था। जबकि बगल में दफ्तर था। अगर हादसे के समय वर्कशॉप में कर्मचारी मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई।

**डॉक्टर व एक अन्य की जली कार:** एफएसओ ने बताया कि वर्कशॉप में खड़ी डॉक्टर प्रांजल अग्रवाल की एसयूवी और एक कार हादसे के कारण जली है। वहीं अश्वनी के भाई राम चंद प्रसाद वर्मा ने बताया कि हादसे के कारण भाई का करीब दो करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

## आशियाना में महिला का मंगलसूत्र लूटा

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में खरीदारी कर लौट रही महिला की टीशर्ट और बाल पकड़ कर एक लुटेरा मंगलसूत्र लेकर भाग निकला। घटना के बाद पीड़िता ने शोर मचाया। लोग दौड़े, लेकिन तब तक बदमाश भाग निकला। पुलिस ने जांच शुरू की है। आशियाना के सेक्टर आई निवासी नेहा मिश्रा के मुताबिक वह 28 अक्टूबर को बाजार गई थीं। कपड़े के शोरूम से निकल कर वह एलपीएस गेट के पास पहुंची थीं तभी एक बदमाश ने उनकी टीशर्ट और बाल पकड़ कर उनके गले से मंगलसूत्र खींच लिया। लूट के बाद लुटेरा बाइक से भाग निकला। पीड़िता ने शोर मचाया, लेकिन जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक लुटेरे भाग निकला। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। बेलगाम लुटेरे आए दिन अंजाम दे रहे घटनाएं बेखौफ लुटेरे चेन लूट की घटनाएं आए दिन कारित कर रहे हैं। 20 सितंबर को बदमाशों ने गुडंबा के जानकीपुरम गार्डन निवासी अतुल कुमार जैन की चेन लूट के दौरान बदमाशों के धक्का देने से गिरकर मौत हो गई थी। इसी तरह 12 सितंबर को जानकीपुरम थाने से पांच सौ मीटर की दूरी पर सेक्टर एफ निवासी सुनीता पांडेय की सोने की चेन लूट ली थी। आठ सितंबर को गोमतीनगर के विरामखंड निवासी शांति के गले से बदमाशों ने चेन लूट ली थी। 2 सितंबर को कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी निवासी बुजुर्ग महिला ललिता और इसी दिन सुशांत गोल्फ सिटी स्थित सेक्टर सात में संध्या गुप्ता की सोने की चेन बदमाश लूट ले गए थे। इसके अलावा 22 अगस्त इंदिरानगर के सियाराम विहार कॉलोनी निवासी योगेंद्र की पत्नी से चेन लूट ली गई थी। 29 जुलाई को विकास नगर सेक्टर चार निवासी महक आसिफ से बदमाशों ने चेन लूट ली थी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र का नाम S MISHRA से बदलकर ANSH MISHRA रख लिया है। सभी अभिलेखों में उसका नाम ANSH MISHRA ही लिखा व पढ़ा जाये। **दुर्गेश कुमार मिश्रा पुत्र श्री हृदय नारायण मिश्रा नि.- ग्राम गोडसरी, पोस्ट अहादा, तह. जयसिंहपुर, सुलतानपुर।**

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ दिन पूर्व नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बिजनौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कुछ दिन पूर्व पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर की सूचना के आधार पर यह ज्ञात हुआ था कि पीड़िता की उम्र लगभग 15 वर्ष हैं। घर से यह कहकर निकली थी कि वह त्रिपाठी मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रही हूं। परंतु वापस घर नहीं लौटी। इसके बाद बिजनौर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी और गुमशुदा/पीड़िता को बरामद किया गया। बयान के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी सुहैल खान पुत्र आफाक खान निवासी बिजनौर बाजार, लुकमान के मकान में किरायेदार, थाना बिजनौर की रहने वाली उम्र 19 वर्ष की पीड़िता को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के इस बयान के आधार पर मुकदमे में धारा




87/64 बीएनएस तथा 3/4(2) पाक्सो अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गई । थाना बिजनौर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए शातिर आरोपी को बीती बुधवार को ईदगाह मैदान, कस्बा बिजनौर के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है ।

## अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने वाले का पतन निश्चित है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा, लखनऊ के तत्वावधान में ज्ञान सरोवर विधालय, वृंदावन योजना, रायबरेली रोड, कालिन्दी पार्क के पास नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक चलेगा। आज छठवें दिन के यजमान आर पी जुयाल, बहादुर सिंह मेहता, बी एस बसेडा, ए के मिश्रा, एम एन सुयाल , विनय मिश्रा द्वारा प्रातः 10 बजे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। सांय 3 बजे व्यास महाराज पंडित मुकेश शुक्ला जी ने खचाखच भरे पंडाल में अपने मुखारविंद से श्रोताओं को भजन कीर्तन के साथ सभी शिव भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। आज छठवें दिन व्यास महाराज पंडित मुकेश शुक्ला ने महाशिव पुराण में भगवान शिव की शक्ति और उनके भक्त जलंधर असुर के बारे में बताया कि जलंधर असुर ने भगवान शिव की तपस्या करके अमरत्व का वरदान प्राप्त किया और अपनी शक्ति का उपयोग करके देवताओं को पराजित कर स्वर्ग पर अपना अधिकार जमा लिया। लेकिन भगवान शिव ने जलंधर को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। अंत में, भगवान शिव ने जलंधर को युद्ध में पराजित किया और उसे मार दिया। उसके बाद, भगवान शिव ने जलंधर के शरीर को अपने त्रिशूल पर रख लिया और उसे शिवलिंग के रूप में स्थापित कर दिया, जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में जलंधरेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध है।

व्यास मुकेश शुक्ला जी ने श्रोताओं को आगे बताया कि तुलसी का जन्म जलंधर की पत्नी वृंदा के रूप में हुआ था। वृंदा भगवान शिव की परम भक्त थी और उसने भगवान शिव की पूजा की। जब जलंधर की मृत्यु हुई, तो वृंदा ने भगवान विष्णु को श्राप दिया कि वह अपनी पत्नी सीता को खो देंगे, क्योंकि भगवान विष्णु ने जलंधर का रूप धारण करके वृंदा के साथ छल किया था। भगवान शिव ने वृंदा को वरदान दिया कि वह तुलसी के रूप में पृथ्वी पर जन्म लेंगी और भगवान विष्णु के साथ उनकी पूजा की जाएगी। तुलसी को भगवान विष्णु की प्रिय माना जाता है और उनकी पूजा में तुलसी का विशेष महत्व है।

## कृष्ण जन्मोत्सव मे हुई फूलों की बारिश



**लखनऊ।** नायक नगर, मोहिबुल्लापुर स्थित श्री दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मथुरा से पधारे कथा व्यास कृष्ण कुमार शास्त्री ने कृष्ण जन्मोत्सव कथा श्रवण कराकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाओं द्वारा एक कुंतल फूलों की बरसात करके उत्सव को और सुन्दर बना दिया। पूरे पंडाल को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया था। भक्तों को मक्खन, केशर मिश्री का प्रसाद एवं बधाई की थैली वितरित की गई। मुख्य आयोजक पंडित छोटे लाल तिवारी (दद्दा जी) ने बताया कि शुक्रवार को गोवर्धन महोत्सव पर 56 परिवारों द्वारा 56 व्यंजन भोग लगाया जाएगा। कथा में मुख्य रूप से सरवन मिश्रा, मनोज जैन, राजेश चंद्र अग्रवाल, अखिलेश कुमार अग्रवाल, उमेश टंडन, राम जी अग्रवाल, रुचि मिश्र, शुचि बाजपेई, कोमल शुक्ला, रेनू अग्रवाल, नीतू जैन सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

## चौकी प्रभारी की उदासीनता से नाराज युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

आलमबाग। आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने चौकी प्रभारी की उदासीनता से नाराज हो बुधवार रात्रि करीब 11 बजे विधानसभा गेट पहुंच अपने ऊपर पेट्रोल डाल आत्मदाह का प्रयास करने लगा मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ आशियाना पुलिस को सूचना दे युवक को आशियाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आशियाना के शारदा नगर योजना रुचि खंड प्रथम में अभयराज अपनी पत्नी मालती दो बेटो ऋषभ और अक्षांश के रहते है। अक्षांश नोएडा में अपने दोस्त रुचि खंड प्रथम निवासी आर्यन और सामर्थ्य पाल के साथ किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करते है। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के अनुसार नोएडा में तीनों दोस्तो में किराए को लेकर विवाद हुआ था छुट्टियों में तीनों दोस्त लखनऊ स्थित अपने घर आए थे बीते 26 अक्टूबर को अक्षांश खरीदारी करने आशियाना चौराहे पर पहुंचा था तभी दोस्तो से आमना सामना हो गया और तीन दोस्तो में मारपीट हो गया था जिसकी जानकारी अक्षांश ने अपनी मां को दी थी मां मालती ने उसी दिन आशियाना थाने पर शिकायत की थी जिसकी जांच आशियाना चौकी प्रभारी को सौंपा गया था। आरोप है कि चौकी प्रभारी मामले में कार्यवाही करने के बजाय लचर रवैया अपनाए रहे और जांच के नाम पर मामले को टरकाते रहे। चौकी प्रभारी की इस रवैए से नाराज बड़े बेटे ऋषभ नशे की हालत में रात्रि समय विधानसभा के गेट नंबर दो के पास पहुंच आत्मदाह का प्रयास करने लगा। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार युवक को सुपुर्द में ले परिजनों को जानकारी दे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है मारपीट के मामले में जांच के उपरांत विधिक कारवाई किया जाएगा।

## युवक पर डंडों व रॉड से हमला

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने रंजिश में एक युवक की डंडों व रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रहीमाबाद क्षेत्र के मनकौटी गांव निवासी मुईद का आरोप है कि रंजिश के चलते गांव के ही जीशान हुसैन, अब्दुला हुसैन व दो अज्ञात लोगों ने डंडों और लोहे की रॉड से जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित के मुताबिक 29 अक्टूबर की देर रात वह मलिहाबाद से बाइक पर सवार होकर साथी फैसल, अयान के साथ वापस आ रहा था। गांव के निकट उसपर हमला कर घायल कर दिया गया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में भी घुसकर पीटा।

# इंस्पेक्टर के खाते से 99 हजार उड़ाये, मुकदमा दर्ज

### कैंट थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी साइबर क्राइम सेल व पुलिस




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैंट इलाके में यातायात इंस्पेक्टर के एचडीएफसी बैंक खाते से जालसाजों ने कई बार में 99 हजार कैश पार कर दिया। एसएमएस आने पर पीड़ित को जानकारी हुई। इंस्पेक्टर ने खाता, फोन-पे बंद कराने के साथ ही साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई। प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के बभनी हेठार निवासी हरीराम यादव यातायात लाइन सदर में तैनात हैं। उनका रायबरेली रोड कालिंदी वन पार्क के पास वृंदावन योजना स्थित एचडीएफसी बैंक में बचत खाता है। हरीराम के मुताबिक उनका फोन-पे नहीं चल रहा था। जिसके चलते वह नौ अक्तूबर को बैंक गए थे। जहां बैंक कर्मियों ने दूसरी फोन-पे आई बनाकर चालू कर दी। साथ ही इंटरनेट बैंकिंग सेवा भी शुरू करा दी। उसी रात करीब आठ बजे उनके फोन पर रुपये कटने का एसएमएस आया। कई बार में उनके खाते से 99 हजार रुपये निकाल लिए गए। दो क्रेडिट कार्ड से पार किए 75 हजार रुपये लखनऊ। आलमबाग इलाके में जालसाजों ने आरबीएल बैंक कर्मी बताकर एक ग्राहक के दो क्रेडिट कार्ड से 75 हजार रुपये पार कर दिए।

पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल के अलावा थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया है। सरदारीखेड़ा निवासी मोहसिन के मुताबिक उनके पास आरबीएल बैंक व एचडीएफसी बैंक के दो क्रेडिट कार्ड हैं। उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को आरबीएल बैंक कर्मी बताया और करीब 10 मिनट तक बात करता रहा। उसके बाद उनके दोनों क्रेडिट कार्ड से 75,800 रुपये कट गए। उन्होंने फौरन दोनों बैंक से संपर्क कर सूचना दी। आरोप है कि उन्होंने बैंक के एक टोल फ्री नबर पर फोन किया था, उसी के बाद अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई थी।

**बैंककर्मी बन जालसाजों ने खाते से उडाए 75 हजार रुपये:** आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाले एक खाताधारक से जालसाजों ने बैंककर्मी बन दो क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर खाते से 75.80 हजार रुपए ट्रांसफर कर हडप लिया।

आलमबाग सरदारी खेड़ा निवासी मो मोहसिन पुत्र मो रफीक के अनुसार उसके पास दो क्रेडिट कार्ड आरबीएल बैंक और एचडीएफसी बैंक का हैं। बीते 23 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को आरबीएल बैंक का कर्मचारी बताया। कॉल करने वाले ने उन्हें अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी देने के लिए कहा और उनके खाते से 73 हजार रुपये निकालने के अलावा, 24 अक्टूबर को उनके दूसरे क्रेडिट कार्ड से 2,800 रुपये निकाल हडप लिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित क्रेडिट कार्ड होल्डर की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मुझे अलग-अलग तरह के किरदार करने का मौका मिला : शीजान खान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता शीजान खान इन दिनों जी टीवी के अपने नए शो गंगा माई की बेटियां को लेकर सुर्खियों में हैं। वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने किरदार, केमिस्ट्री, और शूटिंग के अनुभव साझा किए। इस इंटरव्यू में उन्होंने यह भी खुलासा किया कि दर्शकों से उन्हें और उनकी ऑन-स्क्रीन जोड़ी अमनदीप सिद्धू को मिल रहा प्यार एक पॉज़िटिव साइन है।

**शो के प्रोमो ने आते ही रिकॉर्ड तोड़ व्यूअरशिप हासिल कर ली. दर्शकों का इतना प्यार देखकर आपका अनुभव कैसा रहा ?**

सच कहूँ तो मैं स्पीचलेस था, जब प्रोमो रिलीज हुआ, उसी दिन मेरा बर्थडे था। मुझे यह यूनिवर्स से मिला गिफ्ट लगा। फैमिली, दोस्तों और फैंस से लगातार कॉल और मैसेज आते रहे। माँ और बहन की खुशी देखकर मुझे सुकून मिला। लगता है कि मैं सही दिशा में काम कर रहा हूँ. शो शुरू होने से पहले ही हमें इतना प्यार मिल रहा है, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

**दर्शक आपके और अमनदीप की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर काफी उत्साहित हैं इसका सीक्रेट क्या है ?**

हम दोनों ने पहले भी साथ काम किया है। इसलिए यह कोई अनजान रिश्ता नहीं था. जब दोस्ती में मस्ती और एक-दूसरे की टांग खींचना शुरू होता है तो मजा आता है. अमनदीप बेहतरीन परफॉर्मर हैं और वे हमेशा 100% देती हैं। मैं भी अपनी पूरी मेहनत करता हूँ. शायद इसी वजह से हमारी केमिस्ट्री स्क्रीन पर इतनी अच्छी लग रही है।

**शो में आपके किरदार सिद्धू के बारे में कुछ बताइए ?**

सिद्धू अपनी माँ का बेहद लाडला बेटा है, माँ जो कहती हैं वही करता है। वह वाराणसी का लड़का है और भगवान हनुमान व महादेव का भक्त है. जब भी वह किसी से लड़ता है, पहले सामने वाले को हाथ लगाकर देखता है कौन सामने खड़ा है ? यहीं से उसे शक्ति मिलती है। उसकी माँ का नाम उसके सीने पर टैटू के रूप में है. वह अपने होने पर गर्व करता है।

**आपके काम में इस बार कुछ अलग देखने को मिलेगा ?**

हाँ, बिल्कुल मुझे अलग-अलग तरह के किरदार करने का मौका मिला है, लेकिन सिद्धू मेरे लिए बहुत खास है. इसमें एक्शन की भरपूर डोज है। दर्शकों को सिर्फ झलक नहीं, बल्कि पूरा बुफे ऑफ एक्शन मिलेगा। यह किरदार मुझे चैलेंज करता है और मैं इसे पूरी शिद्दत से निभा रहा हूं।

**शूटिंग चंडीगढ़ में हो रही है, मौसम और माहौल कितना चैलेंजिंग रहा ?**

बहुत चैलेंजिंग, इंसान अपनी इच्छा शक्ति से बहुत कुछ जीत सकता है, लेकिन मौसम से नहीं। जब तेज धूप पड़ती है तो कुछ नहीं कर सकते. फिर भी हम सब मेहनत करते हैं क्योंकि जब नतीजा अच्छा होता है तो ये मुश्किलें छोटी लगती हैं।

**इस शो से आप फिर से रवि दुबे और सरगुन मेहता के प्रोडक्शन हाउस से जुड़े हैं, यह अनुभव कैसा रहा ?**

मेरे लिए यह इमोशनल प्रोजेक्ट है. मैं जी टीवी पर जोधा अकबर से जुड़ा था, और अब लोग कह रहे हैं कि यह मेरा कमबैक है। अगर कमबैक हो रहा है तो अपने पुराने घर जी टीवी पर ही. रवि और सरगुन बेहतरीन अभिनेता भी हैं और प्रोड्यूसर भी. वे आप पर भरोसा करते हैं, और यह भरोसा आपको और मेहनत करने की प्रेरणा देता है।

**अगर आपको सिद्धू और अमनदीप की जोड़ी को एक शब्द में बयां करना हो तो ?**

मैं कहूँगा—यह रिश्ता आग और पानी जैसा है. कभी आग, कभी पानी. दोनों की अपनी-अपनी तीव्रता है। यही चीज दर्शकों को मजेदार लगेगी।

**ऑफ-स्क्रीन आपका और अमनदीप का बॉन्ड कैसा है ?**

पहले हम ज्यादा टच में नहीं थे, लेकिन इस शो ने हमें करीब ला दिया। लंबे समय तक साथ काम करने से आप एक-दूसरे को समझने लगते हैं। अमनदीप जैसी को-एक्टर मिलना सौभाग्य की बात है। हम दोनों एक-दूसरे को सपोर्ट करते हैं और बेस्ट देने की कोशिश करते हैं। यही बॉन्ड स्क्रीन पर भी झलकता है।

**आप अपने दर्शकों को क्या संदेश देना चाहेंगे ?**

मैं सिर्फ यही कहूँगा कि जितना प्यार आपने मुझे अब तक दिया है, सिद्धू को उससे भी ज्यादा दीजिए। यह किरदार बहुत खास है और मैं वादा करता हूँ कि इसमें आपको एक अलग शीजान दिखेगा।

# हरि ओम मंदिर में हुआ भजन कीर्तन, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुरु नानक देव जयंती के उत्सव में दूसरे दिन 30 अक्टूबर को हरि ओम मंदिर लालबाग में आसा दी वार के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई इसके बाद तुलसी कथा, सत्संग व भजनों की प्रस्तुति श्री अनूप केसरवानी के द्वारा की गई आरती अरदास के पश्चात लंगर वितरण किया गया रिमझिम बरसात के बावजूद भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आनंद लिया जिसमें मुख्य रूप से जेपी नागपाल, सुरेश छाबलानी, प्रकाश गोधवानी, हरीश वाधवानी, मनोहर लाल केसवानी, श्रीमती अंजू नागपाल, श्रीमती गीता हरजानी, श्रीमती हरदेवी, राम बालानी, प्रदीप मन्ना, श्रीमती शांता वाधवानी, रमेश बलानी सहित तमाम सेवादार उपस्थित थे।

# देव दिवाली 5 को, शिववास समेत बन रहे हैं कई शुभ संयोग



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्तिक मास की पूर्णिमा का दिन हिंदू पंचांग के अनुसार अत्यंत शुभ माना गया है। इस वर्ष बुधवार, 5 नवंबर 2025 को कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया जाएगा। इस दिन श्रद्धालु देशभर में पवित्र नदियों विशेषकर गंगा, यमुना और गोदावरी में स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। मान्यता है कि इस दिन किया गया स्नान, दान और दीपदान हजार गुना फल देता है। गंगा तटों पर संध्याकाल में भव्य गंगा आरती और दीपोत्सव का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है, जिसे देव दीपावली के नाम से जाना जाता है। ज्योतिषीय दृष्टि से भी इस बार की देव दीपावली अत्यंत विशेष मानी जा रही है। 5 नवंबर को भद्रावास योग समेत कई शुभ और दुर्लभ योग बन रहे हैं। इन शुभ संयोगों में भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि इस दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करने से मनुष्य को मनोवांछित फल प्राप्त होता है और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

**देव दीपावली का मुहूर्त:** इस वर्ष देव दीपावली का पावन पर्व 5 नवंबर 2025, बुधवार को मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा तिथि 4 नवंबर की देर रात 10 बजकर 36 मिनट से आरंभ होकर 5 नवंबर की शाम 6 बजकर 48 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार पर्व का मुख्य उत्सव 5 नवंबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन गंगा आरती और दीपदान का शुभ समय संध्याकाल 5 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। इसी अवधि में श्रद्धालु भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर पुण्य अर्जित करेंगे।

**भद्रावास योग का शुभ संयोग:** देव दीपावली के दिन भद्रावास योग का दुर्लभ और शुभ संयोग भी बन रहा है। यह योग सुबह 8 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। इस दौरान भद्रा स्वर्ग लोक में रहेंगी, जिसे शास्त्रों में अत्यंत मंगलकारी माना गया है। मान्यता है कि जब भद्रा स्वर्ग या पाताल लोक में रहती हैं, तो पृथ्वी पर सुख-समृद्धि और शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस योग में भगवान शिव की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन से दुख और बाधाएँ दूर होती हैं तथा सौभाग्य और सफलता का आशीर्वाद प्राप्त होता है।


**शिववास योग का शुभ प्रभाव:** ज्योतिष गणना के अनुसार इस वर्ष देव दीपावली के दिन शिववास योग का अत्यंत मंगलकारी संयोग बन रहा है। यह योग शाम 6 बजकर 48 मिनट से प्रारंभ होगा। इस विशेष योग में भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करने से सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

माना जाता है कि शिववास योग में की गई पूजा से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का वास होता है। देव दीपावली के दिन बव करण और बालव करण के संयोग बन रहे हैं। बव करण का समय संध्याकाल 8 बजकर 44 मिनट तक रहेगा, जिसके बाद बालव करण का आरंभ होगा। ज्योतिष के अनुसार इन दोनों करणों में शिव-शक्ति की उपासना अत्यंत फलदायी होती है। इस समय श्रद्धापूर्वक की गई पूजा से सभी इच्छाएँ पूरी होती हैं और साधक को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है

**देव दिवाली की पूजा विधि :** पूजा करने से पहले गंगा नदी या किसी पवित्र जल में स्नान करें। स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद पूजा स्थल को अच्छे से साफ कर लें। घर के मंदिर या आंगन में दीप जलाएं। भगवान शिव और गंगा माता की पूजा करें। शिवलिंग पर जल, दूध, और बेल पत्र अर्पित करें। इसके बाद भगवान शिव की आरती करें। मां गंगा को दीप अर्पित करें और आरती करें। भगवान विष्णु को तुलसी के पत्ते अर्पित करें। भगवान विष्णु की आरती करें और मंत्र का जाप करें। भगवान शिव, मां गंगा और भगवान विष्णु को भोग अर्पित करें।

## अक्षय नवमी आज, शुभ योग में होगी श्रीहरि की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में अक्षय नवमी का विशेष महत्व होता है। यह तिथि बहुत ही शुभ और पुण्यदायी तिथि मानी जाती है। अक्षय नवमी हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को पड़ती है। इस दिन का खास महत्व आंवला के पेड़ से जुड़ा है, जिसे स्वास्थ्य और औषधीय गुणों वाला माना जाता है। इस बार अक्षय नवमी 31 अक्टूबर को मनायी जायेगी। मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करनी चाहिए और वहीं भोजन बनाकर सबसे पहले भगवान विष्णु और शिवजी को भोग अर्पित किया जाता है। अक्षय नवमी पर श्रद्धालु पूरे दिन व्रत रखते हैं। शाम को पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन व्रत रखने और विधिपूर्वक पूजा करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है। खासकर महिलाएं इस दिन उपवास रखती हैं और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं। इस अक्षय नवमी पर कई शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन वृद्धि योग भी बन रहा है। यह योग समृद्धि और उन्नति देने वाला माना जाता है और यह सुबह 6:17 बजे से प्रभावी रहेगा। पूरे दिन रवि योग का संयोग भी है, जिसमें किए गए कार्य सफल माने जाते हैं और मां लक्ष्मी की विशेष कृपा मिलती है। इसके अलावा, शिववास योग भी बना है, जो पूजा-पाठ और शुभ कार्यों के लिए बहुत फलदायी माना जाता है। इस दिन दो विशेष नक्षत्र बन रहे हैं धनिष्ठा और शतभिषा, जो शांति और समृद्धि का प्रतीक हैं। साथ ही, दो शुभ करण झ कौलव और तैतिल भी उपस्थित हैं। इन शुभ योगों में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और मनोकामना की पूर्ति होती है।

**अक्षय नवमी पूजा विधि:** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ-सुथरे कपड़े पहनें। व्रत का संकल्प लें और पूजा स्थल की सफाई करें। माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विधिपूर्वक पूजा करें। आंवले के पेड़ के नीचे पूजा सामग्री रखें और हल्दी, चावल, कुमकुम, फूल और जल से पूजा करें। घी का दीपक जलाएं और 7 बार परिक्रमा करें। उसी स्थान पर भोजन बनाएं और सबसे पहले भगवान विष्णु और शिवजी को भोग लगाएं। भोग अर्पित करने के बाद प्रसाद ग्रहण करें। अक्षय नवमी का यह दिन न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि आर्थिक और पारिवारिक समृद्धि के लिए भी बहुत लाभकारी माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य और पूजा का असर सालभर दिखाई देता है।

# गोपाष्टमी पर पूजी गईं गौमाता, गुड़ खिलाकर लिया आशीर्वाद



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में गोपाष्टमी का शुभ पर्व गाय माताओं की सेवा कर विधि विधान से मनाया गया। मंदिरों और गौशालाओं में गाय माता का पूजन, तिलक कर उन्हें गुड़, चना आदि खिलाया गया। लोगों ने गौमाता से सुख, शांति एवं संपन्नता का आशीर्वाद मांगा।

गोपाष्टमी उत्सव के तहत सुबह गौ पूजन हुआ। वैदिक मंत्रों के बीच आचार्य राजेश कुमार शुक्ल ने पूजन आरती संपन्न कराई। यहां पर पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने प्रथम स्थान पर सोनी गाय, गौरी गाय द्वितीय, लक्ष्मी गाय तृतीय के सेवकों को विशेष रूप से सम्मानित किया। महिलाओं ने सांस्कृतिक संध्या में सुंदर भजन कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभुजी चले आना... प्रस्तुति दी। चौक डिपो के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने महिलाओं का सम्मान किया।

श्री राधा कृष्ण की भव्य झांकी की प्रस्तुति हुई। फूलों की होली, गौसेवकों का सम्मान व जवाहर भवन के पंकज मेहरोत्रा ने किया। कार्यक्रम में राज कुमार रस्तोगी, मनोज गुप्ता, संजीव झिंगरन, घनश्याम अग्रवाल, आशीष मिश्रा, लोकेश बिहारी, डॉ. अनिल गुप्ता, आसाराम गुप्ता, गौरव गुप्ता, पं. कृष्णा शंकर शर्मा, सुनील शुक्ल, संजय रस्तोगी, रिषभ वाजपेयी, विनीता मिश्रा, नेहा मिश्रा, ऊषा अग्रवाल, सुषमा झिंगरन, संजय त्रिवेदी, डीपी सिंह, अंकुर दीक्षित, आनंद मिश्रा, विकास मिश्रा आदि ने मिलकर गौ पूजन किया। इसके अलावा गोपाष्टमी का पर्व इस्कॉन मंदिर, जानकीपुरम स्थित लक्ष्मण गौशाला, मलिहाबाद के श्री गोपेश्वर गौशाला, कान्हा उपवन, शास्त्री नगर के दुर्गा मंदिर, डालीगंज के प्राचीन मनकामेश्वर मठ मंदिर आदि स्थानों व घरों पर भी लोगों ने गाय का पूजन किया।

# 10 क्विंटल सीप और शंख से बना श्रीश्याम दरबार

- श्री श्याम मन्दिर में दो दिवसीय होगा श्री श्याम जन्मोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 1, 2 नवंबर को बीरबल साहनी मार्ग मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर में बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

श्री श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी पर देवउठनी एकादशी के साथ खाटू श्याम का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं इस अवसर पर लाखों की संख्या में श्री श्याम भक्त में दर्शन के लिए श्री श्याम मन्दिर पहुंचते हैं। श्याम जन्मोत्सव पर मंदिर में भीड़ को मद्देनजर रखते हुए श्याम जन्मोत्सव दो दिन मनाया जाएगा। पहले दिन 1 नवंबर को सुबह से भक्तों के लिए मन्दिर के कपाट खोल दिया जाएगा। इस बार श्याम दरबार की सजावट को विशेष रूप से भव्य और आकर्षक बनाया जा रहा है। कलकत्ता से आए कलाकारों द्वारा समुद्री शीप एवं शंख का उपयोग करके भव्य दरबार सजाया गया है।

बीते 17 दिन से लगे हुए हैं। इसमें लगभग 10 क्विंटल सीप और शंख का उपयोग किया गया है। समुद्र से निकले नेचुरल सीप, शंख और मोतियों से सजाया जा रहा है। इस साल सजावट की समुद्री सीप, मोती और शंख दरबार रखी गई है। मंदिर के कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि मंदिर को सजाने के लिए कोलकाता से एंथोनीयम फूल और अन्य खस फूल बेंगलुरु से मंगवाए जा रहे है। दरबार में थमाकोल और बंस की खपच्चियों का प्रयोग किया गया हैं।

**वस्त्र भी सीप, शंख और मोती बनेंगे:** अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि बाबा के वस्त्र भी सीप और शंख से तैयार हो रहे है। आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर 1 नवंबर को मिश्री-मावे से बना 101 किली का केक काटा जाएगा और भक्तों में बांटा जाएगा। पूरे दिन स्थानीय कलाकार श्याम का गुणगान करेंगे। 2 नवंबर को पूनम दीदी भजन पेश करेंगी। इसी दिन इस बार 200 परिवारों द्वारा बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। पिछले वर्ष लगभग ढाई लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जबकि इस बार यह संख्या इससे भी अधिक होने की सभावना है।

# दादी-नानी की कहानी से बच्चों को दिया साहस और समझदारी का संदेश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खेल-खेल में शिक्षा का संदेश देने वाली दादी-नानी की कहानी श्रृंखला में गुरुवार को बच्चों ने भूतों का राजा कहानी सुनी। यह आयोजन अलीगंज के बेलीगारद स्थित विश्वेश्वर दयाल इंटर कॉलेज में लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला के 74वें कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ। कहानी का रोचक व प्रेरक प्रस्तुतीकरण प्रसिद्ध स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मनोरंजक खेल से हुई, जिसने बच्चों को उत्साह से भर दिया। इसके बाद जीतेश श्रीवास्तव ने कहानी सुनाई। कहानी का नायक है नाई बिल्लू बादशाह, जो रोज गाँव के लोगों की हजामत बनाकर खुश रहता था। एक दिन सरपंच मुख्तार सिंह की हजामत करते समय गलती से उसकी आधी मूंछ कट जाती है। गुस्से में सरपंच उसे मारने दौड़ता है, और बिल्लू भागकर जंगल में छिप जाता है। रात में बिल्लू जिस पेड़ पर शरण लेता है, वहीं भूतों का राजा रहता है। भूत उसे डराने की कोशिश करता है, लेकिन बिल्लू अपनी सूझ-बूझ और हाजिरजवाबी से उसे मात दे देता है। अंततः भूत प्रसन्न होकर उसे सोने की अशर्फियों से भरी बोरी भेंट करता है और किसी को नुकसान न पहुँचाने का वचन देता है। अगले दिन बिल्लू सरपंच से माफी मांगता है और दोनों में मेल-मिलाप हो जाता है। कहानी का संदेश था-मुश्किल समय में घबराने की बजाय बुद्धिमानी से उपाय सोचने वाला व्यक्ति ही जीवन में आगे बढ़ता है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमनलता मिश्रा ने कथा प्रस्तोता दल का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक राज वर्मा, बलराम मिश्र, डॉ. एस. के. गोपाल, राहुल वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक मंजू श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार, अर्चना राय, दिनेश कुमार, दीपशिखा, आयशा खान, विकास कुमार, अर्चना तिवारी, आजमी सिद्दीकी, सीमा गुप्ता, गरिमा श्रीवास्तव, आदित्य वर्मा, अन्य अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# कलाकारों ने सामाजिक और पारिवारिक दूरी को मार्मिक ढंग से मंच पर किया पेश

## भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में दो नाटकों का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की सद्प्रेरणा से राजभवन में कार्यरत सुरक्षाकर्मियों द्वारा भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में आज नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता पर आधारित नाटकों का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन कमल यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नशा मुक्ति विषयक नाटक से हुआ, जिसमें नशे के दुष्परिणामों और समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने के महत्व को संवेदनशीलता एवं प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत एक दिन मोबाइल के बिन नामक नाटक का मंचन हुआ, जिसमें मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न सामाजिक एवं पारिवारिक दूरी को मार्मिक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर रक्षाबंधन का तोहफा नाटक का मंचन किया गया, जिसमें भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों, स्नेह और भावनात्मक जुड़ाव के साथ राजभवन उत्तरप्रदेश में चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए सशक्त संदेश दिया गया। यह नाट्य प्रस्तुति विश्वविद्यालय के राय उमानाथ बली सभागार में आयोजित की गई, जहाँ राजभवन उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों ने अपनी उत्कृष्ट कला, अभिनय कौशल और सामाजिक संवेदनशीलता से सभी दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम की मुख्य रूप से भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कुलपति प्रो. मांडवी सिंह नें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजभवन के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत ये नाट्य कृतियाँ केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना जगाने का सशक्त प्रयास हैं। इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में प्रेरणादायक भूमिका निभाते हैं। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने सभी कलाकारों और आयोजकों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसे सार्थक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

संक्षेप

## क्रय केंद्रों पर हंगामा

**सीतापुर।** क्रय केंद्रों पर किसानों का धैर्य फूट गया। बीते तीन दिनों में सिर्फ एक-एक ट्रॉली धान तौलने की वजह से किसानों ने केंद्रों पर जमकर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि पिछले नौ दिनों से वे अपनी ट्रॉली लेकर खड़े हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ह्वधान रखने की जगह नहीं हैह्व का बहाना बनाकर तौल करने से लगातार इंकार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे सर्द रातों में ट्रॉली लेकर केंद्रों पर बिताने को मजबूर हैं, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रही है। गुरुवार सुबह दर्जनों किसानों का सब्र टूट गया और उन्होंने किसान नेताओं के साथ मिलकर क्रय केंद्रों का घेराव कर अफसरों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान एडीएम सदर धामिनी एम. दास मौके पर पहुंचीं और किसानों से बातचीत कर क्रय केंद्र प्रभारियों को तुरंत तौल कराने के निर्देश दिए। किसानों ने कहा कि लगातार समस्याओं के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही और किसान आत्महत्या जैसी गंभीर स्थिति में पहुँच रहे हैं।

# डीएम ने मां ललिता देवी किये दर्शन, विकास परियोजनाओं पर जताई नाराजगी, दिए कड़े निर्देश

जिला संवाददाता



**सीतापुर।** नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने पदभार ग्रहण करने के बाद आज गुरुवार को पहली बार पौराणिक एवं धार्मिक स्थल नैमिषारण्य का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने शक्तिपीठ मां ललिता देवी मंदिर पहुंचकर विधिविधान से पूजन-अर्चन किया और जनपद सहित क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में पुजारी लाल बिहारी शास्त्री ने जिलाधिकारी को माता के महत्व की जानकारी दी और उन्हें हवन-पूजन कराया। इसके पश्चात जिलाधिकारी चक्रतीर्थ पहुंचे, जहां प्रधान पुजारी राजनारायण पांडेय और पुजारी सचिन शास्त्री ने उनका स्वागत किया। इसके बाद डीएम ने नैमिषारण्य में चल रही विभिन्न विकास एवं सौंदर्याकरण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से नैमिष कॉरिडोर परियोजना, चक्रतीर्थ कुंड कॉम्प्लेक्स, हेलीपैड निर्माण कार्य, मल्टीपार्किंग स्थल, सीतापुर-हरदोई मार्ग पर बन रहे पार्किंग एरिया, बाईपास, ट्रैक्टर-ट्रॉली पार्किंग आदि कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन गेटों को देखा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. राजा गणपति आर ने कहा कि नैमिषारण्य न केवल सीतापुर जनपद बल्कि पूरे प्रदेश का एक महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन केंद्र है, इसलिए यहां के विकास कार्यों को मॉडल परियोजना के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं के मद्देनजर पार्किंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। डीएम ने चक्रतीर्थ के पीछे बन रहे नए कुंड कॉम्प्लेक्स की प्रगति पर असंतोष जताते हुए निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने हेलीपैड क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि नैमिषारण्य जैसे पवित्र स्थल के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगी। उनके औचक निरीक्षण से अधिकारियों में हलचल देखी गई। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## रेडियंस इंटर कॉलेज में साइबर अपराध जागरूकता अभियान

तम्बौर/सीतापुर। रेडियंस इंटर कॉलेज, रामपाल रामकिशोरी देवी इंटर कॉलेज, वीरेंद्र सिंह शकुंतला देवी इंटर कॉलेज, बापू किशुन कुमार, सरदार पटेल इंटर कॉलेज में गुरुवार को साइबर क्राइम, मिशन शक्ति, 5, एकता दिवस, नए कानून के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। तम्बौर थाना प्रभारी बृजेश राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने का संदेश दिया। अभियान के दौरान छात्रों को अनजान लिंक, फर्जी कॉल या संदिग्ध वेबसाइटों पर व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी ऑनलाइन ठगी की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज की जा सकती है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश राय ने इस अवसर पर कहा कि ह्यह्यसाइबर अपराध समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है।

## वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**फतेहपुर।** मलवा थाना अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने के लिए चर्चित मलवां थाना अध्यक्ष राज किशोर ने बलवा व मारपीट करने तथा जान से करने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे आधा दर्जन वांछितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को आज यहां अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि इसी थाना क्षेत्र के मीरपुर कुरूस्ती गांव के रहने वाले तीन सगे भाइयों समेत छह आरोपी एक मामले में लगातार फरार चल रहे थे। अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी ने इनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर रखा था। धारा 147/149/323/504/506/452 की धाराओं में दर्ज मुकदमे में गांव के दयाराम पुत्र रामगोपाल, दुलीचंद पुत्र चुनका, कल्लू पुत्र दयाराम, राम शंकर पुत्र रामगोपाल, रामराज पुत्र रामगोपाल, शिरोमणि पुत्र दुलीचंद लगातार फरार चल रहे थे। थाना अध्यक्ष राज किशोर ने इन आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अपने खास मुखबिरों का जाल बिछा दिया। सभी आरोपी लोक छुपकर अपने घरों में रह रहे थे। थाना अध्यक्ष ने अपने सहयोगी उप निरीक्षकों मनोज कुमार, रितेश कुमार मौर्य, दिवाकर बिंद, हेड कांस्टेबल मनोज त्रिपाठी व सिपाही विमल कुमार को लेकर संभावित ठिकानों पर दविश देकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इलाकाई लोगों का कहना है कि थाना अध्यक्ष के रूप में राजकिशोर ने जब से कार्यभार संभाला है तब से अधिकांश अपराधी अपनी हरकतों को तिलांजलि दे चुके हैं। क्षेत्र के लोग एक साथ आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार करने को लेकर थाना अध्यक्ष की तारीफ कर रहे है।

## लहरपुर चेयरमैन ने नवागत जिलाधिकारी से की मुलाकात



**सीतापुर।** लहरपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने गुरुवार को सीतापुर में नवागत जिलाधिकारी राजा गणपति रामास्वामी राव से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को नगर पालिका परिषद द्वारा तैयार किए गए पुस्तकालय के उद्घाटन के लिए लहरपुर आने का आमंत्रण दिया। जिलाधिकारी ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वह अति शीघ्र लहरपुर का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि लहरपुर के विकास कार्यों और शैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने पौधा भेंट कर जिलाधिकारी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह धरती ऋषि-मुनियों, सूफी संतों और महान कवि नरोत्तम दास की तपोभूमि रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि सीतापुर जनपद के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुँचे। उन्होंने यह भी कहा कि वह सीतापुर को हरा-भरा और साक्षर बनाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे।

# वैन खाई में पलटी, महिलाओं और बच्चों समेत आठ घायल

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बारात से लौट रही एक वैन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई और सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत आठ लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू किया और सभी घायलों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली भेजा गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पांच गंभीर घायलों को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जबकि तीन घायलों का इलाज सीएचसी सिधौली में जारी है। जानकारी के अनुसार, सिधौली थाना क्षेत्र के गांव भंडिया से नौबस्ता (लखनऊ) बारात गई थी। यह शादी मोहम्मद दानिश पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी भंडिया की थी। देर रात जब बारात वापस लौट रही थी और वैन सिधौली कस्बे के ईदगाह के पास पहुंची, तभी चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार में वैन



पुलिया से टकराकर खाई में जा गिरी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के शीशे चकनाचूर हो गए और सवार लोग भीतर फंस गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। घायल व्यक्तियों की पहचान हसीन बानो पत्नी फरीद अहमद, मेहफिशा पुत्री फरीद अहमद, रजिया पुत्री फुरकान, सल्तनत पुत्री फुरकान और अक्सा पुत्री फुरकान के रूप में हुई है। इन पांचो की हालत गंभीर बताई जा रही है और इन्हें लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। वहीं मुजम्मिल पुत्र फुरकान, तौफीक पुत्र रमजान और ईशा पुत्री उस्मान का इलाज सीएचसी सिधौली में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वैन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सिधौली ने बताया कि हादसे का प्राथमिक कारण तेज रफ्तार प्रतीत होता है। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और घटना की जांच की जा रही है।

## ई-रिक्शा पलटने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत, चार घायल

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा उस समय हुआ जब परिवार रिश्तेदारी से लौटकर अपने घर नैपालापुर जा रहा था। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा में सवार विनोद, उसका भाई गुड्डू, बहनें विनीता और रीता, तथा विनोद की 5 वर्षीय पुत्री क्रांति रिश्तेदारी से लौट रहे थे। जब वाहन हेमपुर नेरी के पास नेशनल हाईवे-30 पर पहुंचा, तभी सड़क पर बने गड्ढे में पहिया जाने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने के दौरान सवार सभी लोग सड़क पर जा गिरे, जिससे चारों को गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने मासूम क्रांति (5 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों गुड्डू, विनीता और रीता का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, घायलों को सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृत बच्ची की मां और परिजन बेसुध होकर रोने लगे। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण सड़क पर गड्ढे में वाहन का असंतुलन बिगड़ना पाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ मतदाता सूची में होंगे सम्मिलित पात्रों के नाम

**उन्नाव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड़ ने बताया कि अर्हता तिथि 01 01 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रारम्भ हो गया है। बताया कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तैयारी प्रशिक्षण मुद्रण 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक, गणना अवधि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, मतदान केंद्रों का युक्तिकरण पुनर्विन्यास 4 दिसंबर तक, नियंत्रण तालिका अद्यतन एवं प्रारूप सूची तैयारी, 05 दिसंबर से 8 दिसंबर 2025 तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9.12.2025, दावे आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 9.12.2025 से 8 जनवरी 2026, सूचना चरण सुनवाई सत्यापन निस्तारण 9 12.2025 से 31 जनवरी 2026, सूची स्वास्थ्य परीक्षण व आयोग की आयोग की अनुमति प्राप्त करना, 3 फरवरी 2026 तक, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। कहा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल हो। कहा की बी एल ओ घर घर जाकर सुनिश्चित करेंगे कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में सम्मिलित न हो जाए।

## दबंगों ने की मारपीट पति व ससुर गंभीर रूप से घायल



**फतेहपुर।** जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार देर रात एक महिला व उसके परिवार पर दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,एक पीड़ित महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह रात्रि लगभग 10 बजे रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान उसने अपनी ननद के चिल्लाने की आवाज सुनी। जब वह मौके पर पहुँची तो देखा कि आरोपी मुशीर (पिता अज्ञात) उसकी ननद के साथ अश्लील हरकत कर रहा था और दूसरा आरोपी संजीव (पिता अज्ञात) उसकी ननद के कपड़े फाड़ने की कोशिश कर रहा था।महिला के विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने उसे भी लात-घूंसों से मारा-पीटा। शोर सुनकर एक अन्य अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आया और लाठी, डंडों व धारदार हथियार से पीड़ित महिला, उसके पति दिनेश व ससुर रामखेलावन पर हमला कर दिया। हमले में तीनों को गंभीर चोटें आईं।घटना के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि ह्वअगर पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे, तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे।ह्वघटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घायल दिनेश व रामखेलावन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला ने कोतवाली सदर में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के तहत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह निलंबित, आदेश जारी

**उन्नाव।** मानकविहीन एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद से हडकंप मच गया है। माना जा रहा है कि प्रभारी मंत्री के सामने पत्रकारों के द्वारा बार बार सवालों की बौछार लगाए जाने के बाद से तय माना जा रहा था कि सीवीओ पर कार्यवाही में अब तेजी देखने को मिलेगी। जांच के दायरे में फंसे सीवीओ महावीर सिंह पर शासन स्तर से कार्यवाही की गयी। पत्र जारी होने के बाद इस बात की पुष्टि हो गयी। सीवीओ पर वित्तीय अनियमितता सहित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे। पूरे मामले को अखबार ने प्रमुखता से उठाया। सेवानिवृत्त होने के एक दिन पहले शासन से निलंबन का आदेश जारी किया गया है। ऐसे में जहां स्थानीय स्तर पर विभाग उनकी विदायी की तैयारियों में जुटा हुआ था ऐसे में यह खबर कही न कही मायूसी भरी है। झाडू व तौलिया की मनमानी कीमत सहित रंगाई पुताई को लेकर किए गए भ्रष्टाचार पर अखबार ने मुखरता से खबर प्रकाशित की। सीवीओ अखबार के सवालों से बचते नजर आए। मामले की जांच के बाद टीम ने भी अनियमितताएं पायी। जांच भले ही कुछ दिन प्रभावित रही लेकिन कार्यवाही भी ऐसी हुयी जिसकी चर्चा गुरुवार को दिनभर हुयी। प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने 30 अक्तूबर को पत्र जारी कर बताया कि डा0 महावीर सिह सीवीओ उन्नाव को मरम्मतीकरण व सौन्दरीकरण का ठेका अपने चहेते ठेकेदारों को देने सहित गुणवत्ताविहीन मानकविहीन कार्य के बावजूद भुगतान करने सहित वित्तीय अनियमिता गबन का दोषी पाया गया। उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

# एक्सरे के नाम पर सुविधा शुल्क लेने का आरोप

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में आए दिन नए-नए मामले सामने आते रहते हैं लेकिन इस बार उन्नाव जिला अस्पताल की रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है ।यह मामला तब सामने आया जब एक व्यक्ति ने अस्पताल में चल रहे इस रिश्वतखोरी की शिकायत सीधा सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायती पत्र के माध्यम से की। शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए युवक ने बताया कि एक्सरे विभाग में मारपीट के दौरान आई चोटो के एक्सरे करने के बाद अंगूठा लगाने के नाम पर धन उगाही की जा रही है। इसके बाद शुरू होता है बड़ा खेल जिसमें जैसे केस बनवाना है उसी के आधार पर पैसा देना पड़ेगा।

ये उगाही की रकम एक्स-रे टेक्नीशियन द्वारा निर्धारित है। लोगों को बहला फुसलाकर राजी करने में भी एक्स-रे टेक्नीशियन एक्सपर्ट है। अब इस रिश्वतखोरी में सिर्फ टेक्नीशियन ही नहीं बल्कि छोटे कर्मचारियों से लेकर जिला अस्पताल के डॉक्टर भी शामिल है जिनकी सर परस्ती में रिश्वतखोरी का धंधा जोरो से फल फूल रहा है। ऐसे ही मन मुताबिक रिपोर्ट बनने के चलते निर्दोषों को भी गंभीर धाराओं में सजा हो जाती है।

आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले नीरज शुक्ला ने सीएम को पत्र लिखा जिसमें उन्होंने अस्पताल में चल रही छोटी से लेकर बड़ी मनमानी का जिक्र किया है।

पीड़ित ने शिकायती पत्र में लिखा कि एक्सरे विभाग में मारपीट के दौरान आई चोटो के एक्स-रे करने के बाद अंगूठा लगाने के नाम पर रु0 200 से लेकर 500 तक फीस के नाम से वसूले जाते हैं और अगर पैसे नहीं है तो अगले दिन अंगूठा लगाने के लिए पीड़ित को बुलाया जाता है।

एक्स-रे विभाग के इंचार्ज वीरेंद्र सिंह यादव और आशीष कुमार यादव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा रिश्वतखोरी का काम किया जा रहा है। पीड़ित ने इस बात की जानकारी जब जिला चिकित्सालय के तत्कालीन सीएमएस डॉक्टर रियाज अली मिर्जा से की तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि शिकायत का मामला डिप्टी सीएमएस डॉ संजीव कुमार देखते हैं। संजीव कुमार से जब इस बात की शिकायत की गई तो उन्होंने कहा कि चाय नाश्ते के लिए लिया होगा ठीक है हम डांट देंगे।

### क्या बोले सीएमएस

वही जब इस मामले पर सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता से बात की गई तो अलग अंदाज में बयान देते हुए कहा कि जो होगा देखा जाएगा।

बहुत सरदर्दी है दो रोटी खानी है सुकून से जिएंगे ज्यादा अच्छा है। कल ऑफिस खुलेगा एक टीम जाएगी डीएसएस वाली।

ऑडिट वाली आएगी। अभी सब परेशान घूम रहे हैं। सब कुछ इधर-उधर है।

## जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण

सीतापुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला कारागार, का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण संपन्न हुआ। निरीक्षण में मुख्य रूप से जिलाधिकारी राजागणपति आर, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिला न्यायाधीशध्सचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह और जेलर राजेश कुमार वर्मा सहित अन्य जेल अधिकारीगण भी निरीक्षण में मौजूद रहे।

अध्यक्ष ने महिला और किशोर बैरकों सहित सभी बैरकों का निरीक्षण किया और बंदियों से वार्ता की। इसके अतिरिक्त, जेल अस्पताल और पाकशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जो सभी संतोषजनक पाई गईं।

## बिसवां में वर्ष 2026-27 के पौधरोपण महाभियान को लेकर वन विभाग की तकनीकी कार्यशाला

**सीतापुर।** बिसवां क्षेत्रीय वन अधिकारी ए.के. सिद्दीकी की अध्यक्षता में वन विभाग कार्यालय परिसर में एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य वर्ष 2026-27 में होने वाले बृहद वृक्षारोपण महाभियान को सफल और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम प्रतिनिधियों को आवश्यक तकनीकी जानकारी प्रदान करना था।

कार्यशाला में ग्राम विकास विभाग के टीए, एपीओ, जीआरएस, ग्राम प्रधान, कृषक और पौधशाला कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी ए.के. सिद्दीकी ने पौध उत्पादन, मिट्टी की तैयारी, गड्ढों की खुदाई, रोपण विधि और पौध संरक्षण की वैज्ञानिक पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन प्रक्रियाओं का पालन करके ही वृक्षारोपण महाभियान की सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यशाला में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी आदित्य सिंह चैहान, एस.के. शैलेश, वन दरोगा प्रद्युम्न त्रिपाठी, हिमांशु वर्मा, नरेंद्र पाल, राजनाथ यादव, अनिरुद्ध कुमार, सुश्री शिखा शुक्ला और रामनरेश सिंह चैहान सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वन विभाग ने आश्वस्त किया कि इस प्रशिक्षण के बाद सभी प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों में पौधारोपण और संरक्षण कार्य को वैज्ञानिक ढंग से लागू करेंगे, जिससे महाभियान की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

## वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान 1 से 28 नवम्बर तक

सीतापुर,। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ग्रामीण आबादी के वित्तीय समावेशन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में शुरू की गई सेंटर फॉर फाइनेंसियल लिटरेसी (ब्थ्स्) परियोजना के तहत अब सीतापुर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। क्रिसिल फाउंडेशन एवं भारतीय डाक विभाग की साझेदारी के अंतर्गत यह पहल की जा रही है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय साक्षरता और वित्तीय पहुँच सुनिश्चित करना है। डाक अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ ने बताया कि इस अभियान के तहत क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा सीतापुर डाक मंडल के सहयोग से जिले के चिन्हित ब्लॉक कृ सिधौली, मिश्रिख, बिसवां, पहला, परसेण्डी, गोधलामऊ, खैराबाद, महमूदाबाद और एलिया कृ के ग्रामों में 1 नवम्बर से 28 नवम्बर 2025 तक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में ग्रामीणों को आईपीपीबी खाते, आधार, मोबाइल बैंकिंग, मर्चेंट खाते, तथा एसएसए, आरडी, एसबी, टीडी जैसे डाक वित्तीय उत्पादों की जानकारी दी जाएगी।

# जिलाधिकारी ने ऐप के प्रचार-प्रसार और प्रभावी उपयोग पर दिए निर्देश



जिला संवाददाता

**सीतापुर,।** कलेक्ट्रेट सभागार में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की स्कॉलर प्लानेट ऐप को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने की। बैठक में ऐप की कार्यप्रणाली, छात्र हित में उपयोगिता, विषय वस्तु की गुणवत्ता, शिक्षक-छात्र संवाद के डिजिटल माध्यम और तकनीकी सहायता व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कॉलर प्लानेट ऐप छात्रों को आधुनिक, गुणवत्तापरक और निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष अभियान चलाया जाए और अधिक से अधिक छात्रों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक विद्यालय में ऐप के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाए। प्रधानाचार्य स्वयं ऐप की उपयोगिता को समझें और शिक्षकों व छात्रों को सक्रिय रूप से जोड़ें। यदि संचालन में कोई तकनीकी दिक्कत आती है, तो उसका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शिक्षकों का ऐप पर पंजीकरण कराते हुए छात्रों को असाइनमेंट भी दिए जाएँ। साथ ही, विद्यालयों में शैक्षिक सुविधाओं की कमी को जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, स्कॉलर प्लानेट ऐप के सदस्य, विद्यालय प्रधानाचार्य और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने ऐप पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

## अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व की अध्यक्षता में आयोजित हुई कार्यशाला

**उन्नाव।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के पन्ना लाल सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव की उपस्थिति में खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 धान खरीद के सम्बंध में कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही अधिकारियों और क्रय एजंसियों के प्रतिनिधियों को खरीद के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने धान खरीद के सबन्ध में बिंदुवार जान कारी दी। अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड़ ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक सेंटर में किसानों के वैठने पानी की व्यवस्थाएं रंहे केंद्रों पर सभी किसानों की धान खरीद हो जाए और समय से भुगतना भी हो जाय यह सुनिश्चित किया जाए। कहा सभी केंद्र क्रिया शील हों सभी केंद्रों पर किसानों से सही व्यवहार हो और आवश्यक सविधाएँ किसानो को उपलब्ध कराई जांय। कहा किसानो को कोई भी परेशानी न हो यह विशेष ध्यान दिया जाए।

कोई भी दिक्कत आती है तो मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर लिया जाए सत्यापन में कोई लापरवाही न हो। कहा किसान कोई केंद्र से वापस न जाय यह सुनिश्चित किया जाए। खरीद से पहले सभी केंद्रों में व्यवस्थाएं ठीक कर लिया जाए। किसान का धान प्रत्येक दशा में खरीदा जाए। कोई दिक्कत है तो किसानो को समझाया जाए।

निर्देशित करते हुए कहा कि हर हाल में जनपद के लक्ष्य को पूरा किया जाए साथ ही प्रत्येक दिन का टार गेट पूरा किया जाए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि धान खरीद एक नंबर से शुरू होगी किसानो का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है किसान किसी भी जनसेवा केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकता है। जनपद में कुल 40 क्रय केंद्रों में धान की खरीद की जाएगी। जिसमें विपणन शाखा के कुल 16 केंद्र पीसीएफ के 22 और भारतीय खाद्य निगम के दो केंद्र बनाए गए हैं। जनपद में 35 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें विपणन शाखा के 22000 लक्ष्य पीसीएफ का 11000 भारतीय खाद्य निगम का 2000 खरीद का लक्ष्य रखा गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया है खरीद 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक हो सकेगी। किसान किसी भी जन सेवा केंद्र से .पद पर रजिस्ट्रेशन कर सकता है।

जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., वाराणसी

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/536 दिनॉकः-30.10.2025

निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा वाराणसी में नवीन अनुमोदित क्रय केन्द्र बी.पैक्स जाल्हूपुर पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 03.11.2025 की अपराहन 14:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(सौजन्य त्रिपाठी)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-वाराणसी।
मो.नं.- 8765984590 - dsvns.pcf@gmail.com

संक्षेप

## लूटपाट के तीन आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**रायबरेली।** शहर कोतवाली पुलिस ने लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में शहर कोतवाल शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद खुर्शीद उर्फ खुर्शीद, महबूब अंसारी उर्फ कल्लू और आशीष कौशल शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट में प्रयुक्त एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। शहर कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सई नदी पुल के पास से मो. कुर्शीद उर्फ खुर्शीद पुत्र मोहम्मद अकील अहमद, निवासी मोहल्ला कंचाना नई बस्ती, जायस, थाना जायस, जिला अमेठी, महबूब अंसारी उर्फ कल्लू पुत्र स्व. महबूब अंसारी, निवासी मोहल्ला कंचाना नई बस्ती, जायस, थाना जायस, जिला अमेठी, आशीष कौशल पुत्र स्व. उमाशंकर कौशल, निवासी मोहल्ला सिखाना हवेली, थाना जायस, जनपद अमेठी शामिल है। उनके पास से 6 एंड्रॉयड मोबाइल (लूट से संबंधित)। घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद हुई है।

## नाले के पास मिली लावारिस नवजात

**अमेठी ।** जनपद के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चेतपुर पोस्ट पीढ़ी में सुबह लगभग 5 बजे नाले के पास एक लावारिस नवजात शिशु मिलने की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को कृष्ण कुमार द्वारा सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने तत्काल पुलिस के सहयोग से मौके पर पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित निकाला। इसके बाद नवजात को प्राथमिक उपचार हेतु फुरसतगंज सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने प्रारंभिक चिकित्सा प्रदान करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा नवजात बच्ची को जिला अस्पताल गौरीगंज के एनआईसीयू (ठक्कव) वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी है।

## पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी आज

**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे अम्बेडकर चौराहा अमेठी से महात्मा गाँधी चौराहा अमेठी तक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार के मा0 राज्यमंत्री, राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी संजय चौहान सहित भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने जनपद के स्थानीय विद्यालय के छात्र व छात्राओं एवं स्थानीय खिलाड़ियों तथा जनसामान्य से जिला खेल कार्यालय अमेठी के अधिकारी कर्मचारी की तरफ से उक्त कार्यक्रम में ससमय अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी, धान की फसलें चौपट



**रायबरेली।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खरीफ सीजन की तैयार फसलें, खासकर धान की फसल, पानी में डूबकर पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। सुबह से देर रात तक लगातार हो रही झमाझम बारिश ने खेतों को कीचड़ में बदल दिया, जिससे किसानों के साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया। किसान अब परिवार चलाने की चिंता सता रही है।

जिले के विभिन्न इलाकों में बारिश का कहर साफ दिखाई दे रहा है। सलोन क्षेत्र के रतासों गांव के ठाकुर त्रिभुवन सिंह ने बताया कि धान की फसल तो पूरी तरह चौपट हो गई है, लेकिन इसके अलावा आलू की बुवाई के लिए तैयार खेतों पर भी भारी मार पड़ी है। हमारे खेत आलू बोने के लिए पूरी तरह तैयार थे, लेकिन यह बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। अब बुवाई शुरू करने में देरी होगी और नुकसान दोगुना हो जाएगा। उन्होंने बताया कि उनके कई एकड़ खेत में पानी भर गया, जिससे मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित हुई है। इसी तरह गंगागंज क्षेत्र के किसान राज कुमार सिंह ने बारिश की तीव्रता का जिक्र करते हुए कहा, सुबह से लेकर देर रात तक जोरदार बारिश हुई। धान की फसल खेतों में लेट गई और अब कटाई करना असंभव हो गया है। यह नुकसान सिर्फ एक-दो किसानों का नहीं, पूरे इलाके का है। अजीत सिंह ने आगे बताया कि बारिश के कारण खेतों में पानी जमा हो गया, जिससे फसल सड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसान राम मनोहर की स्थिति और भी दयनीय है। उन्होंने बताया, पूरे साल की कमाई मैंने धान की फसल में लगा दी थी। अब सब कुछ खत्म हो गया। परिवार कैसे पालूंगा, यह सोचकर रातों की नींद उड़ गई है। राम मनोहर जैसे सैकड़ों किसान इस आपदा से जूझ रहे हैं। प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार, जिले में सैकड़ों एकड़ धान और अन्य फसलों की भूमि प्रभावित हुई है। धान की फसल कटाई के ठीक मुहाने पर थी, लेकिन बारिश ने इसे पूरी तरह नष्ट कर दिया। आलू बुवाई के लिए तैयार खेतों में पानी भरने से मिट्टी सख्त हो गई, जिससे आगे की फसलें भी जोखिम में हैं।

स्थानीय प्रशासन और कृषि विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बारिश से हुए नुकसान की भरपाई करना बेहद मुश्किल है। एक अनौपचारिक सर्वे में पता चला है कि रायबरेली के कई ब्लॉकों जैसे लालगंज, डलमऊ, डीह और सलोन में सबसे ज्यादा असर पड़ा है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते मुआवजा नहीं मिला तो कर्ज के बोझ तले दबकर कई आत्महत्या जैसी घटनाएं हो सकती हैं। किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। फसल बीमा योजना के तहत क्लेम प्रक्रिया तेज की जाए और राहत राशि सीधे खातों में ट्रांसफर हो। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा।

## यूपी एजूकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन ने किया धरना-प्रदर्शन

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश एजूकेशनल मिनिस्टीरियल आफीसर्स एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रांगण में जनपदीय स्तर पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। एसोसिएशन के जनपदीय अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार और जनपदीय सचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की और ज्ञापन सौंपा। धरना में शामिल सदस्यों ने बताया कि एसोसिएशन की प्रांतीय इकाई द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत यह प्रदर्शन आयोजित किया गया है। एसोसिएशन ने मांग की है कि पदोन्नति में पारदर्शिता, समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया, वेतनमान में वृद्धि, कार्यस्थल



पर सुरक्षा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का शीघ्र कार्यान्वयन होना चाहिए । प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा कुलदीप सिंह सुशील कुमार प्रीतम धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। धरना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## बुआई के समय किसानों के सामने खाद का संकट

**अमेठी ।** बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में सपाइयों ने खाद की किल्लत को लेकर उपजिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा ! सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि इस समय आलू मटर गेहूं सहित तमाम फसलों की बुआई प्रगति पर है किसान ऊअढ व यूरिया की समस्या से जूझ रहा है गोदामों पर खाद नदारद है किसान सुबह शाम गोदामों का चक्कर काट रहा है और खून की आंसू रो रहा है, कुछ एक केंद्रों पर खाद आती भी है तो कर्मचारियों की मिली भगत से कालाबाजारी हो जाती है जहां किसानो का शोषण हो रहा है ।

## विधायक ने किया जन सेवा केन्द्र का लोकार्पण



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शेषपुर गांव में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजनांतर्गत जन सेवा केंद्र का विधायक ने लोकार्पण किया। गुरुवार को सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह व बीडीओ एसएन चैबे की मौजूदगी में शेषपुर गांव में नव निर्मित जन सेवा केंद्र का लोकार्पण विधायक ने शिलापट से पर्दा हटाकर फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि गांव के लोगों को ब्लाक व तहसील का चक्कर न लगाना पड़े इसलिए सरकार गांव में ही जन सेवा केंद्र खोलने का काम कर रही है। वहीं प्रमुख ने कहा कि डिजिटल सेवा कामन सर्विस सेंटर गांव में खोलकर सरकार हम ग्रामीणों के लिए आनलाइन से जुड़े सभी कार्य को करने में आसान बना रही है। बीडीओ ने कहा कि जाब कार्ड बनवाना, श्रमिक पंजीकरण, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन योजना आदि कार्य एक ही जगह अब होने लगेंगे। इस मौके पर प्रधान शेषपुर हरखाली, प्रेमसागर कल्लू वर्मा, पिंटू सिंह, सोनू, बीडीसी राजकुमार यादव, धर्मेंद्र सिंह, सचिव सचिन कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

## परिवार और समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है महिला शिक्षा : डॉ. आरजू

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड में सप्त शक्ति संगम 2025 का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संत तुलसीदास पीजी कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. अंजू पांडेय ने कहा कि नारी परिवार और प्रकृति ये तीनों समाज की संतुलित व्यवस्था के प्रमुख स्तंभ हैं। इनका संरक्षण ही सच्चे प्रगति का मार्ग है। डॉ. आरजू मिश्रा ने महिला शिक्षा को परिवार और समाज के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ देकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। देश की वीरांगनाओं एवं महिलाओ अहिल्याबाई होलकर, रानी लक्ष्मीबाई, रानी पद्मावती, दुर्गा भाभी, सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की भूमिका निभाई। उनके अभिनय ने महिला शक्ति, साहस और देशभक्ति की भावना को सजीव कर दिया, जिससे पूरा वातावरण भावनाओं और प्रेरणा से ओतप्रोत हो गया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन शिक्षिका रेनू सिंह ने किया।

## बंदरों के आतंक से बाजारवासी परेशान निजात दिलाने की की मांग

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया बाजार में इन दिनों बंदरों का आतंक चरम पर है। जिससे बाजारवासी परेशान और भयभीत हैं। पिछले दो महीनों से बंदरों के झुंड ने पूरे बाजार और आस-पास के इलाकों में उत्पात मचा रखा है। जानकारी के अनुसार, बंदर घरों की छतों और सड़कों पर घूमते रहते हैं। बंदर लोगों पर हमला कर काटकर घायल कर रहे हैं। बाजारवासियों का कहना है कि बंदर न केवल लोगों को काट रहे हैं। बल्कि छतों पर लगे डिश एंटीना के तार, पानी की टंकियाँ और कपड़ों की रस्सियाँ तक उखाड़ कर फेंक देते हैं। जिससे आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यवसायी अनिल कुमार अग्रहरि और विजय कुमार ने बताया कि पिछले एक पखवाड़े से लगभग एक दर्जन लोगों को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया है। पीड़ितों में शिव कुमारी, शनी, मुन्नी देवी, अक्षत, सरोजा सहित कई अन्य लोग शामिल हैं। वहीं, सत्तर वर्षीय बुजुर्ग बब्बन प्रसाद को बंदरों ने दो बार हमला कर घायल कर दिया है। बाजारवासियों में इस घटना के बाद से दहशत का माहौल है। लोग दिन में भी घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। अनिल कुमार अग्रहरि ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। जिससे बाजारवासी भयमुक्त होकर अपने दैनिक कार्य कर सकें।

## रिमझिम बारिश में बच्चों ने दिखाया जोश जयसिंहपुर में हुई बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** रिमझिम बारिश के बीच गुरुवार को बेलहरी खेल मैदान में न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने भीगते हुए पीटी, दौड़, रंगोली समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बारिश के बावजूद बच्चों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार मयंक मिश्रा और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह रहे। प्रतियोगिता में 15 प्राथमिक विद्यालयों और 4 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक विद्यालय सिपाह और उच्च प्राथमिक विद्यालय धनऊडीह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज यादव ने किया, जबकि निर्णायक मंडल में अविनाश सिंह, नीलम त्रिपाठी और सपना शामिल रहीं। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, शिक्षक राजेंद्र कुमार, अमित नागर, रामचेत वर्मा, राम मगन, शिवनारायण, दीपक तिवारी, पृथ्वीराज सिंह, सर्वेश सहित अनेक शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। बारिश के बीच खेल भावना और अनुशासन का अनोखा संगम देखने को मिला, जिसने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# एनटीपीसी में पब्लिक स्पीकिंग व एंकरिंग कार्यशाला का आयोजन

**रायबरेली।** क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) गौतम देब के मार्गदर्शन में उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ द्वारा परियोजनाओं के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय ह्लपब्लिक स्पीकिंग एवं एंकरिंगह्व कार्यशाला का आयोजन ऊंचाहार में किया गया जिसका उद्देश्य कक्षा 8 से 10 तक के स्कूली बच्चों में संप्रेषण कौशल और मंच पर आत्मविश्वास की भावना को विकसित करना था।

क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) गौतम देब ने इस कार्यशाला का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख (मानव संसाधन) समिरन सिन्हा रे भी ऑनलाइन उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन द लीड नेविगेटर्स संस्था द्वारा किया गया, जिसमें पब्लिक स्पीकिंग के विभिन्न पहलुओं कृ जैसे उच्चारण, अभिव्यक्ति और वॉयस मॉड्यूलेशन कृ पर व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन शामिल थे।



एनटीपीसी ऊँचाहार और एनटीपीसी टांडा के विद्यालयों से कुल 28 विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को चयनित विषयों पर बोलने के अवसर दिए गए और उन्हें उच्चारण, स्पष्टता एवं आत्मविश्वास सुधारने के लिए व्यक्तिगत सुझाव प्रदान किए गए। यह संवादात्मक कार्यशाला एनटीपीसी की उस प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करती है, जिसके तहत कंपनी एनटीपीसी परिवार के बच्चों और अपने विस्तारित हितधारक समुदाय के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**एनटीपीसी व चकरिय विकास प्रणाली संस्था के बीच समझौता, ज्ञापन पर हस्ताक्षर :** एनटीपीसी ऊँचाहार एवं चकरिय विकास प्रणाली संस्था (सी.वी.पी.एस.) के बीच रायबरेली जनपद में टीबी जागरूकता शिविरों के आयोजन एवं पोषण सामग्री वितरण के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता, भीगी धान की फसल, बोई फसलों पर मंडराया खतरा



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दो दिनों से बदले मौसम और गुरुवार भोर में हुई रिमझिम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों और खलिहानों में पड़ी धान की फसल भीग गई है, वहीं तेज हवाओं के कारण खड़ी फसलें भी गिर गईं। इसके अलावा हाल ही में बोई गई आलू, मटर, चना, सरसों और अलसी जैसी फसलों पर भी खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। इस समय किसान खरीफ सीजन की धान कटाई और रबी फसलों की बुवाई, दोनों काम एक साथ कर रहे हैं। कुछ किसानों ने अगेती धान की कटाई हाथ से मजदूर लगाकर कराई है, लेकिन बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। वहीं कंबाइन मशीन से कटाई कराने वाले किसान भी परेशान हैं, क्योंकि कटाई के बाद खेतों या खलिहानों में रखी उपज भीग गई है। गुरुवार की भोर से जयसिंहपुर क्षेत्र में रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। किसान दिनेश वर्मा ने बताया कि करीब डेढ़ बीघा धान की फसल कट चुकी है, लेकिन लगातार बूंदाबांदी से खेत में ही भीग गई है। किसान अनिल कुमार चैधरी ने कहा कि चार बीघा में धान पककर तैयार है, एक बीघा की कटाई कराई थी, लेकिन बारिश से बाकी फसल कटने में दिक्कत हो रही है और खड़ी फसल भी गिर गई है। किसान राम केवल का कहना है कि दो दिन से बारिश जारी है जिससे काफी परेशानी बढ़ गई है। वहीं राम कैलाश ने बताया कि कंबाइन से चार बीघा धान की कटाई कराई है, लेकिन अब उसे सूखने के लिए धूप चाहिए। अगर बारिश जारी रही तो पूरा धान खराब हो जाएगा। किसान सियाराम, विकास पटेल, अंकित, अरविंद और सुभाष का कहना है कि उन्होंने आलू, मटर, सरसों और चना की बोआई कराई है। ज्यादा पानी बरस गया तो नई फसलें सड़ने का खतरा है। फिलहाल किसान खेतों और खलिहानों में पड़ी कटी फसल को सहेजने में जुटे हैं, ताकि बारिश से नुकसान कम किया जा सके।

## श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर हरचंदपुर में दिव्य कीर्तन का होगा भव्य आयोजन

जिला संवाददाता (vol)

**हरचंदपुर, रायबरेली।** कस्बे के प्रतिष्ठित जनपद इंटर कॉलेज में एक नवंबर की शाम को खाटू नरेश श्याम बाबा के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एक दिव्य और भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्री श्याम सेवा समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण लखनऊ की प्रख्यात भजन गायिका सोनल शुक्ला और बरेली के प्रसिद्ध कीर्तनकार एवं गायक कुक्की अरोरा होंगे। दोनों कलाकार श्याम प्रभु की अद्वितीय महिमा, उनके चमत्कारों और भक्ति भाव से ओत-प्रोत भजनों का गुणगान करेंगे। उनकी मधुर वाणी और श्रद्धापूर्ण प्रस्तुति से भक्तगण श्याम बाबा के दर्शन का अनुभव करेंगे।

कीर्तन संध्या सायंकाल ठीक 5 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम स्थल पर श्याम प्रभु की दिव्य और भव्य दरबार सजाया जाएगा, जिसमें विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा और पुष्प वर्षा के बीच भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। पूरे आयोजन में भक्ति और उत्साह का वातावरण रहेगा। श्री श्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्याम प्रेमियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस पुनीत आयोजन में शामिल होकर श्याम बाबा की कृपा प्राप्त करें और पुण्य के भागीदार बनें। समिति ने सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता और भक्ति भाव को बढ़ावा देने वाला भी साबित होगा। श्याम भक्तों के लिए यह एक अविस्मरणीय शाम होगी।

## विजेथुआ धाम में रामलीला मंच से गूंजा जय श्रीराम



**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** विजेथुआ धाम स्थित श्रीराम भक्त रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के प्रथम दिवस मंचन में नारद मोह और रावण जन्म के प्रसंगों का सजीव अभिनय प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान दर्शक भक्ति और रोमांच से सराबोर हो उठे। कथा अनुसार राजा शीलनिधि अपनी कन्या विश्व मोहिनी का स्वयंवर रचाते हैं। विश्व मोहिनी को देखकर नारद मुनि मोहित हो जाते हैं और भगवान विष्णु से सुंदर रूप देने की प्रार्थना करते हैं। भगवान विष्णु उन्हें बंदर का मुख दे देते हैं। स्वयंवर में विश्व मोहिनी भगवान विष्णु के गले में जयमाला डाल देती है, जिससे कुपित होकर नारद उन्हें शाप दे देते हैं। मंच पर राजा शीलनिधि की भूमिका राम गुलाब, भगवान विष्णु की सोनू मोदनवाल, तथा कामदेव की भूमिका कन्हैया पांडेय ने निभाई। नारद मुनि के रूप में तूफानी पांडेय का रौद्र अभिनय दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी विवेक तिवारी के पिता वरिष्ठ अधिवक्ता राम मिलन तिवारी ने फीता काटकर किया। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर हौंसिला प्रसाद पांडेय, राहुल सिंह, अमृत लाल अग्रहरि, बुद्धू पांडेय, राम विनय सिंह, राम गुलाब मोदनवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की आरती उतारी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने की। मंच संचालन अशोक कुमार दूबे और निर्देशन उदय प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

## गुरुनानक के प्रकाश पर्व के पूर्व प्रभातफेरी आयोजित



**रायबरेली।** गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व को मनाने के पूर्व में गुरुद्वारा गुरुनानक देव जी फिरोजगांधी नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में सबसे आगे पवित्र निशान साहिब को गोलू सलूजा लेकर चल रहे थे प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची, रास्ते में संगत ने पुष्प वर्षा व अपने-अपने घरों में, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखजीत सिंह से अरदास करवाई इसमें सभी के भले की अरदास की गई व प्रसाद भी दिया गया जो गुरुद्वारा साहिब में पहुंचने पर सभी लोगों का प्रसाद एक साथ वितरण संगत में किया गया । प्रभात फेरी में बच्चे, स्त्री, पुरुष भजन कीर्तन करते चल रहे थे, संगत गुरु नानक देव जी के जयकारे भी लगाते चल रही थी। गुरुद्वारा साहब पहुंचने पर अरदास हुई चाय, लंगर का प्रसाद और लड्डू आदि का वितरण किया गया जिसको श्रद्धालुओं ने बहुत श्रद्धा से ग्रहण किया। इसमें प्रमुख रूप से परमजीत सिंह गांधी सभासद, गुरमीत सिंह मोंगा, दलजीत सिंह अरोड़ा, कुलदीप सिंह अरोड़ा गुरजीत सिंह तनेजा, कवलजीत सिंह खनूजा, अमरीक सिंह अरोड़ा, सोनी सलूजा, राजू सलूजा, बंटी सलूजा, हरप्रीत सिंह तनेजा, चरणदीप सिंह मोंगा, कबीर सिंह मोंगा, समर गांधी, लकी अरोड़ा, शैंकी अरोड़ा, अमरिंदर सिंह सिंहआदि उपस्थित थे।

# अंबर सिंह की स्मृतियों को अक्षुण्ण रखने के लिए हुआ कवि सम्मेलन

**लालगंज, रायबरेली।** शिक्षाविद् एवं समाज सेवी अम्बर सिंह (नेता) जी स्मृतियों को अक्षुण्ण रखने के लिए बाबू सिंह इण्टर कॉलेज, भूपगंज छिवलहा के प्रांगण में को विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी संयुक्त अध्यक्षता वरिष्ठ कवि बलदेव सिंह सागर तथा प्रांजल भाषा के श्रेष्ठ कवि सतीश कुमार सिंह ने किया। डॉ शैलजा दुबे की वाणी वंदना से प्रारंभ कवि सम्मेलन में सुमधुर कवि कुमार मयंक (लालगंज), प्रवीण प्रसून की प्रेम व सामाजिक सरोकार की गजलों, ने शमा बांध दिया । उमाकांत मिश्र (फतेहपुर) संतोष शुक्ला (रायबरेली) व डॉ रामकिशोर वर्मा (उन्नाव) की हास्य व्यंग की छंद बद्ध कविताओं ने ठहाके लगवाये। कवयित्री संध्या त्रिपाठी (लखनऊ) के गीत ने श्रोताओं के दिलों जगह बनाई, वहीं ओज के सशक्त हस्ताक्षर योगेश चैहान (लखनऊ) राष्ट्र चेतना के



ओजस्वी स्वर ने वाहवाही लूटी। डॉ शैलजा दुबे (एटा) व गोविंद गजब के मुक्तक, छंद व गीत सराहे गए। जयराम जय कानपुर के नवगीतों को ताल के साथ सुना गया। कवि सम्मेलन के संयोजक सतीश कुमार सिंह व अध्यक्ष बलदेव सिंह सागर के गीतों ने तालियां बटोरी। साहित्य कला संस्कृति के लिए समर्पित वैसवारे के सुधी श्रोताओं ने अंत तक अपनी उत्साह वर्धक उपस्थिति ने कवि सम्मेलन को सफल बनाया। अंत में आगतों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कवि सम्मेलन के आयोजक व विद्यालय के प्रबंधक राम सकल सिंह ने कवियों को सम्मानित करते हुए कविता के पावन मंच से चुटकुले पढ़े जाने की प्रसंशा की। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। सभी ने जहां श्रद्धेय अंबर सिंह को नमन किया वहीं कवियों का भी तालियां बजा कर, उत्साह वर्धन किया।

## लौह पुरुष की जयंती पर पदयात्रा का आयोजन

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि शासन के निदेर्शानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर से 26 नवम्बर तक सरदार/150 एक भारत आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जनपद में 31 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे बस स्टेशन चैराहा पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया जाएगा जो शहर के प्रमुख स्थानों से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर रायबरेली में समाप्ति होगी। परिसर में स्वदेशी मेले के अंतर्गत विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगाए जाएंगे।

## प्रेरणा दिवस के रूप में मनायी गयी बाबू धनन्जय सिंह की 86वीं जयंती

**सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षत्रिय शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष बाबू धनञ्जय सिंह की 86वीं जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में श्री धनन्जय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल मे परिसर में मनाई गयी। क्षत्रिय शिक्षा समिति द्वारा राणा प्रताप पीजी कॉलेज, राणा प्रताप विधि महाविद्यालय, एमजीएस इंटर कॉलेज, श्री धनन्जय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल संचालित होता है। बाबू धनञ्जय सिंह की



जयंती के अवसर पर परिसर में हवन-पूजन का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह, उपाध्यक्ष शुभ नारायण सिंह, मंत्री एवं प्रबंधक, रमेश सिंह टिन्नू, राणा प्रताप कॉलेज के प्रबंधक बालचंद्र सिंह, प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी, एमजीएस इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक प्रो. विनोद सिंह, प्रधानाचार्य महेश सिंह, प्रिंसिपल नीलम सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रव्यापी एसआईआर

मतदाता सूचियों को चाक-चौबंद बनाने के लिए चुनाव आयोग ने राष्ट्रव्यापी विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत कर दी है। चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम घोषित किया है। अंतिम एसआईआर 2002-04 में किया गया था। 21 साल बाद यह अभियान छेड़ा गया है, जाहिर है कि मतदाताओं की संख्या, छंटनी, पात्रता आदि में व्यापक परिवर्तन आए होंगे! एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ से अधिक मतदाता शामिल होंगे। यह कवायद अंतिम सूची के साथ 7 फरवरी, 2026 को समाप्त होगी। भारत का संविधान अनुच्छेद 324 और 326 में चुनाव आयोग को विशेषाधिकार देता है कि वह निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र चुनाव कराए और समय-समय पर मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करता रहे। एसआईआर का दूसरा चरण उप्र से शुरू होगा, क्योंकि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश का सबसे बड़ा राज्य है। उप्र में अप्रैल-



मई, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, लेकिन आयोग की प्राथमिकता पर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल राज्य और संघशासित क्षेत्र होंगे, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होंगे, लेकिन उसे फिलहाल एसआईआर से अलग रखा गया है। असम के संदर्भ में अजीब विरोधा भास सामने आया है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा एस आई आर के पक्षधर हैं, लेकिन चुनाव आयोग असम में नागरिकता की स्थिति भिन्न मानता है। आयोग की दलील है चूंकि सर्वोच्च अदालत की देखरेख में असम में एनआरसी पर अदालत का फैसला अभी आना है, लिहाजा असम पर बाद में एसआईआर का आदेश जारी किया जाएगा। हकीकत यह है कि असम में एनआरसी के तहत जिन 19 लाख से अधिक लोगों की गणना की गई थी, उसमें 7 लाख से ज्यादा ही मुसलमान पाए गए। शेष 12 लाख से ज्यादा गैर-मुस्लिम थे। एनआरसी की यह कवायद 2019 में ही पूरी हो चुकी है, लेकिन सर्वोच्च अदालत का फैसला शेष है। इसी तरह शीर्ष अदालत के आदेशानुसार महाराष्ट्र में 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय (बीएमसी) के चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस एसआईआर के पक्ष में हैं और उसे डॉक्ट्रिन के तौर पर पेश कराना चाहते हैं, लेकिन चुनाव आयोग तैयार नहीं है। केरल में भी स्थानीय निकाय के चुनावों की चर्चा जारी है, लेकिन अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में एसआईआर को टाल दिया है, लेकिन केरल में यह अभियान चलाया जाएगा। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है और बिहार के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। अलबत्ता शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप से आधार कार्ड को मान्य दस्तावेज स्वीकार करना पड़ा। लेकिन एक विरोधाभास यह भी है कि चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार में दावों, अपील या आपत्ति का शून्य आवेदन भी उसे नहीं मिला, लिहाजा वह बिहार में अपने प्रयोग पर संतुष्ट है, लेकिन विपक्षी दल और चुनावी पंडितों की एक जमात बार-बार, लगातार पूछ रही है कि आयोग ने कितने घुसपैठिए पकड़े और मताधिकार के लिए अपात्र घोषित किया? चुनाव आयोग इन सवालों पर निरुत्तर रहा है, लेकिन उसके सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जिला चुनाव अधिकारियों ने ऐसी शिकायतें गृह मंत्रालय को भेज दी हैं। विदेशी अवैध प्रवासी या घुसपैठिए कितने हैं, उन पर क्या कार्रवाई की जाएगी, यह गृह मंत्रालय ही तय करेगा। यह उसी का विशेषाधिकार है। मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने का फैसला सही है लेकिन इसे संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए ताकि किसी को बेवजह परेशानी न उठानी पड़े।

विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्पमात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता से बढ़कर दूसरा कोई शत्रु नहीं होता है।
-चाणक्य.

# वेतन तार्किक बनाने की पहल करेगा आयोग

डॉ. अनिता राठौर

> भारी भरकम सरकारी वेतन ने श्रम बाजार को विषम कर दिया है। श्रम आधारित भारतीय उद्योगों को पर्याप्त संख्या में अच्छे श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे निर्माण क्षेत्र का बड़ा हिस्सा सूना पड़ गया है। लाखों युवा रेलवे गैंगमैन या पीएसबी क्लर्क बनने की तैयारी में लगे रहते हैं। वह सामाजिक विज्ञान कॉलेज में डिग्री लेने के लिए प्रवेश लेते हैं, जबकि यह शिक्षा एकदम बेकार है अगर सरकारी नौकरी की लॉटरी न लगे तो।

एक सरकारी इंटर कॉलेज में अध्यापकों के 93 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वहां फिलहाल 30 अध्यापक ही काम कर रहे हैं यानी 63 स्थान रिक्त पड़े हैं। नियुक्तियों पर सरकारी पाबंदी की वजह से इन्हें भरा नहीं जा रहा। उनकी जगह पीटीए (पैरेंट्स टीचर्स एसोसिएशन) फण्ड से युवाओं को मामूली पारिश्रमिक पर रखकर काम चलाया जा रहा है या रिटायर्ड हुए अध्यापकों को 15-20 हजार मासिक देकर वापस बुला लिया जाता है। नई नियुक्तियां इसलिए नहीं हो रहीं कि अध्यापकों का वेतन बहुत अधिक है और राज्य सरकारें अपने खर्चे में वृद्धि नहीं करना चाहतीं। उत्तर प्रदेश में एक लेक्चरर लगभग 70,000 रुपऐये के मासिक प्रारम्भिक वेतन पर नियुक्त होता है। यह हाल पूरे देश में सिर्फ सरकारी कॉलेजों का ही नहीं है बल्कि तकरीबन हर सरकारी संस्था का है। केंद्र व राज्यों की संस्थाओं में तकरीबन 80 लाख से अधिक रिक्त स्थान होने का अनुमान है।

अब एक दूसरी तस्वीर देखिये। हाल ही में मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने घोषणा की है कि वह स्थानीय पुलिस में 7,500 कांस्टेबलों की भर्ती करेगी। दस लाख से अधिक आवेदन आये। इस जॉब के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं कक्षा पास है। लेकिन पीएचडी, इंजीनियर व पोस्टग्रेजुएट भी नौकरी पाने की कतार में लगे हुए थे। इससे देश में बेरोजगारी का अंदाजा स्वतः ही लगाया जा सकता है। हम जानते हैं कि उच्चतम यूपीएससी सिविल सर्विसेज से लेकर सबसे निचले पायदान के रेलवे पदों तक, भारत में सरकारी नौकरियों के लिए जबरदस्त प्रतिस्पर्धा है। जहां जॉब्स हैं, वहां खर्च बढ़ने के डर से नियुक्तियां नहीं की जा रहीं और इसलिए जहां भर्ती की कोई मामूली सी भी गुंजाइश निकलती है, तो बेरोजगारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। इस पृष्ठभूमि में भारत सरकार ने 27 अक्टूबर 2025 को 8वां वेतन आयोग नोटिफाई किया है। इस नोटिफिकेशन का अर्थ यह है कि सरकार में जो टॉप जॉब्स में हैं, उनके वेतनों में अतिरिक्त वृद्धि कर दी जायेगी। यही बात सरकारी नौकरियों के आकर्षण को बढ़ाये हुए है। इसी बात से प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी आहत होते हैं, क्योंकि (अगर 2-3 प्रतिशत सीईओ, जीएम या उच्च प्रबंधन के स्तर के पदों को छोड़ दिया जाये तो) वे अपने समतुल्य सरकारी कर्मचारियों की तुलना में, अधिक काम करने के बावजूद, कम वेतन पाते हैं।




## आठवां वेतन आयोग

हकीकत यह है कि औसत सरकारी जॉब भी औसत भारतीय के लिए भव्य, जीवन को बदलने वाली और लाटरी लगने के समान है। ब्लू-कॉलर जॉब्स पर डाटा तलाश कर पाना कठिन कार्य है। वाइट-कालर जॉब्स पर डाटा आसानी से मिल जाता है। इसलिए उसकी समीक्षा की जा सकती है। मसलन, बैंकिंग को लें। सरकारी बैंकों में वेतन लगभग सरकारी कर्मचारियों के ही बराबर हैं।

वित्तीय वर्ष 2025 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रति कर्मचारी का औसत वेतन तकरीबन 27-28 लाख रुपये था (वार्षिक रिपोर्टों में कुल कर्मचारियों के खर्च प्रावधानों को प्रकाशित डाटा के आधार पर कुल कर्मचारियों की संख्या से भाग देने पर)। अब अगर इसकी तुलना आईसीआईसीआई व एचडीएफसी बैंकों से की जाये, तो उनके कर्मचारियों को इसके आधे से भी कम वेतन मिला। सरकारी बैंकों में औसत 20-28 लाख रुपए सालाना है, जबकि प्राइवेट बैंकों में इससे बहुत कम पैसा मिलता है। जिन अन्य सेक्टर्स में अच्छा डाटा उपलब्ध है, उनमें भी यही ट्रेंड देखने को मिलता है। भारी भरकम सरकारी वेतन ने श्रम बाजार को विषम कर दिया है। श्रम आधारित भारतीय उद्योगों को पर्याप्त संख्या में अच्छे श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे निर्माण क्षेत्र का बड़ा हिस्सा सूना पड़ गया है। लाखों युवा रेलवे गैंगमैन या पीएसबी क्लर्क बनने की तैयारी में लगे रहते हैं। वह सामाजिक विज्ञान कॉलेज में डिग्री लेने के लिए प्रवेश लेते हैं, जबकि यह शिक्षा एकदम बेकार है अगर सरकारी नौकरी की लाटरी न लगे तो। राजनीतिशास्त्र या समाजशास्त्र की डिग्री वाले का निर्माण उद्योग में कोई काम ही नहीं है। वह तो डिग्री लेकर भी पुलिस में कांस्टेबल बनने की कोशिश करेगा, जहां केवल 10वीं पास की जरूरत होती है। भारी भरकम सरकारी वेतन से यह भी हुआ है कि भारत के फिस्कल स्थान पर चंद लोगों का कब्जा है, जबकि जरूरत उनसे भी कम की है। सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट में भारत व अमेरिका में सरकारी कर्मचारियों की संख्या की तुलना की गई थी। अमेरिका भी भारत की तरह बड़ा देश है और उसका राजनीतिक ढांचा भी संघीय है।

भारत में, 2014 में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की संख्या लगभग 18 लाख थी, जिनमें रेलवे व डाक विभाग के कर्मचारियों को नहीं गिना गया था। अमेरिका में फेडरल कर्मचारियों की संख्या 21 लाख थी। अगर जनसंख्या के हिसाब से एडजस्ट किया जाये तो अंतर जबरदस्त है। भारत में प्रति 1,00,000 व्यक्तियों में 139 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी थे, जबकि अमेरिका में 668 व्यक्तियों में एक। भारत का कूटनीतिक कोर मुश्किल से 1,000 का है, जबकि अमेरिका, चीन व छोटे छोटे यूरोपीय देशों में इनकी संख्या हजारों में पहुंचती है। भारी भरकम सरकारी वेतन से सरकारी कर्मचारियों की उत्पादकता में कोई इजाफा नहीं होता है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने कार्तिक मुरलीधरन के नेतृत्व में सरकारी स्कूल टीचर्स पर एक शोध किया, जिसका शीर्षक था 'डबल ओर नथिंग' (दोगुना या कुछ भी नहीं)। अध्यापकों के एक समूह के वेतनों को दोगुना कर दिया गया और दूसरे नियंत्रित समूह के वेतन में कोई वृद्धि नहीं की गई। नतीजे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। दोगुनी वेतन लेने के बाद भी अध्यापकों की उपस्थिति या विषय ज्ञान नियंत्रित समूह जैसा ही रहा और छात्रों के परफॉर्मेंस पर भी कोई फर्क नहीं पड़ा। इस महत्वपूर्ण शोध से स्पष्ट हुआ कि सरकारी कर्मचारियों की बिना शर्त वेतन वृद्धि उनकी उत्पादकता में कोई इजाफा नहीं करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की आर्थिक प्रगति को सुधारों से गति दी जा सकती है, वह सुधार क्या हों, कोई नहीं जानता, सिवाय इसके कि सरकारी बाबुओं के वेतन में इजाफा कर दिया जाये। यह वृद्धि अब इतनी अधिक हो गई है कि राज्य सरकारों को खजाना खाली होने का डर लगा रहता है और वह वहां भी नियुक्तियां करने में संकोच करती हैं, जहां कर्मचारियों की वास्तव में कमी है, जैसे स्कूल। इसी वजह से तदर्थ अध्यापकों से काम लिया जाने लगा जो मामूली भत्ते पर बिना जॉब सुरक्षा के काम करते हैं।

कुल मिलाकर प्राइवेट सेक्टर की तुलना में सरकारी सेक्टर में वेतन आवश्यकता से अधिक है, जिससे न सिर्फ खजाने पर बोझ बढ़ता है बल्कि श्रम बाजार भी गड़बड़ा जाता है। अधिक टीचर, डॉक्टर, नर्स, नगरपालिका कर्मचारी नियुक्त करने की सरकारी क्षमता कम हो जाती है। इसलिए भारत में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सबसे अच्छा व महत्वपूर्ण सुधार यह होगा कि सरकारी कर्मचारियों के वेतन में कटौती की जाये। जब एक प्राइवेट विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर 35,000 रुपये प्रति माह लेकर सुखी व संतुष्ट रह सकता है, तो यह क्या जरूरी है कि सरकारी इंटर कॉलेज के लेक्चरर का वेतन 70,000 रुपये से शुरू किया जाये? इतने में तो दो लेक्चरर रखकर कॉलेजों में अध्यापकों की कमी को दूर किया जा सकता है और बेरोजगारी की समस्या को भी काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन क्या 8वां वेतन आयोग सरकारी वेतनों को तर्कसंगत बनाकर आवश्यक सुधार की ओर भारत को लेकर जायेगा? शायद नहीं।

सोशल मीडिया

आज बेंगुसराय, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। वोटर्स के अपार समर्थन का आभार। नीतीश कुमार.



छठी मइया के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास को कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के द्वारा ड्रामा कहना आस्था का अपमान है। इसको बिहार के लोग कभी नहीं भूलेंगे। पीएम मोदी.



लोकतंत्र में हिंसा का स्थान नहीं है, लोकतंत्र में विचारधारा और जन हित के मुद्दों की लड़ाई होती है। बमबारी और गोलीबारी नहीं। सत्ता पोषित अपराधी तांडव मचा रहे हैं। तेजस्वी यादव.



# प्रकृति का उपहार

अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमे शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# सामाजिक न्याय हेतु ज्ञापन...

व्यंग्यलोक

महोदय जी! हम आपके हलके के पल पल सीनियर होते चोर इस ज्ञापन के माध्यम से अपने नित बुरे होते हाल आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं। वैसे आपके सिवा हम किसी और को अपना दुखड़ा सुनाएंगे तो वह हम पर दूसरों तक से थूक उधार ले थूकेगा ही। महोदय जी! आपने इस समज में गीदड़ों सियारों, गिरगिटों, कौवों, सापों को सामाजिक न्याय दिलाने के नेक इरादे से उनके लिए अनेकोंनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रखी हैं। इसके लिए हम भी उनकी ओर से आपके तहेदिल से शुक्र गुजार हैं। हम इस बात को खुले मन से स्वीकारते हैं कि एक जमाने के समाज में हम अपनी अपनी फील्ड के नामी चोर जाति के रहे हैं। अपनी जात खुलकर बताने में हमें कोई शर्म नहीं। हम जो हैं सो हैं। हम उनमें से नहीं जो गजब के देशद्रोही होने के बाद अपना चेहरा चौबीसों घंटे टीवी पर तो अपनी जात पग पग छिपाए फिरते हैं। हम उनमें से भी नहीं जो गजब के चोर होने के चलते अपना वेश खांटी ईमानदारों का बनाए फिरते हैं। इससे होता भी क्या मंत्री जी! हम अपनी जात छिपाए रहें तो छिपाए रहें। कौन किस जात का है, हम जानें या न, पब्लिक सब जानती है। परमादरणीय मंत्री जी! हम उस नामी गिरामी जात से ताल्लुक रखते हैं जिनके नाम कभी हजारों लाखों के इनाम रखे जाते रहे हैं पर हम तब पकड़ में नहीं आते थे तो नहीं आते थे। आते भी कैसे? हमें पकड़ने वाले ही हमें सूचना दे देते थे कि हम तुम्हें पकड़ने आ रहे हैं। प्लीज! हमारे लिए कहीं और चले जाओ। और आखिर में तब अपनी नाक बचाने को पुलिस किसी हमारे हमशक्ल को पकड़ जनता के समाने पेश कर देती थी। एक समय में समाज में हमारे नाम का डंका बजाता था। पांच बजते ही पुलिस स्टेशन के पास तक के दुकानदार भी तब अपने नौकरों को डरते हुए कहते थे- पांच बज गए। जल्दी से दुकान का शटर गिरा दें। नहीं तो चोर आ जाएंगे। पर सदा को तो किसी की जवानी और कहानी एक सी तो नहीं रहती नहीं न मंत्री जी! जो सूरज हर सुबह बड़े रौब से निकलता है, उसे शाम के वक्त लाख न चाहते हुए भी सिर झुकाए ढलना ही पड़ता है। मंत्री जी! अपनी जिंदगी में सब कहीं न कहीं चोर होते हैं। कुछ तन के चोर होते हैं, तो कुछ मन के। जो तन और मन के चोर नहीं होते, वे शर्तिया धन के चोर होते हैं। यहां जो अपने को साधु बने फिरते हैं, अकेले में अपने को साधु कहने से वे भी डरते हैं। यह समाज तरह तरह के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष चोरों से भरा पड़ा है। हमारी शरीफी बस यही रही हमने प्रत्यक्ष चोरों वाला रास्ता चुना। यहां कोई टैक्स चोर है तो कोई स्नैक्स चोर! कोई पानी चोर है तो कोई जवानी चोर! कोई रोटी चोर है तो कोई धोती चोर! कोई चेन चोर है तो कोई चैन चोर! कुल मिलाकर, जमा घटाकर महोदय जी से निवेदन है कि अब शेष जीवन सम्मानपूर्वक जीने हेतु सरकार की ओर से सीनियर चोर पेंशन व्यवस्था करा दीजिए।


राम विलास जॉगिड़

# दिग्गज विलेन के. एन. सिंह के अनसुने किस्से


बॉलीवुड

ये इक्का, ये दुग्गी और ये चौक्की... जानी, पत्ते तुम्हारे बड़े हैं, लेकिन जीतेंगे हम क्योंकि ये है रामपुरी। इस किस्म के धमकी भरे डायलाग जब सूट-बूट और हैट पहने व मुंह में पाइप दबाये के.एन सिंह अपनी घनी भौहों व उनींदी पलकों के बीच बड़ी-बड़ी आंखों से घूरते हुए बोलते थे, तो दर्शकों में घबराहट का होना स्वाभाविक था, लेकिन पर्दे पर उनके साथी कलाकार भी सहम जाते थे। के.एन सिंह अन्य खलनायकों की तरह पर्दे पर चिल्लाते नहीं थे, बल्कि अपनी आंखों व संयम से बोले गये धमकी भरे शब्दों से भय उत्पन्न करने में सफल हो जाते थे। दिलीप कुमार के तो उनकी उपस्थिति में पसीने ही छूट गये थे। हुआ यूं कि बॉम्बे टॉकीज फिल्म 'ज्वार भाटा' से दिलीप कुमार को लांच कर रहा था। उनका पहला ही सीन के.एन सिंह के साथ था। दिलीप कुमार ने उनकी फिल्में देखी हुई थीं और वह अपने मन में के.एन सिंह की रौबीली व खतरनाक छवि बनाये हुए थे। के.एन सिंह को सेट पर साक्षात देखकर दिलीप कुमार घबरा गये। इस पर निर्देशक अमिय चक्रवर्ती ने के.एन सिंह से अनुरोध किया कि वह चाय पीने के लिए सेट से बाहर चले जाएं और कुछ देर बाद लौटें। के.एन सिंह ने इस अचानक आग्रह का कारण मालूम किया तो दिलीप कुमार की घबराहट की बात सामने आयी।

के.एन सिंह का देविका रानी चौधरी के बॉम्बे टॉकीज में पहुंचने का किस्सा भी दिलचस्प है। कृष्ण निरंजन सिंह, जो बाद में के.एन सिंह के नाम से विख्यात हुए, का जन्म 1 सितम्बर 1908 को देहरादून (अब उत्तराखंड में) में हुआ था। वह अपने छह भाई बहनों में सबसे बड़े थे। उनके पिता चंडी प्रसाद सिंह जाने-माने क्रिमिनल वकील थे। उन्होंने के.एन सिंह को पढ़ने के लिए लखनऊ भेज दिया। हाईस्कूल करने के बाद के.एन सिंह वापस देहरादून लौट आये, जहां उनके पिता उन्हें जल्द से जल्द उनके पैरों पर खड़ा करना चाहते थे। नतीजतन के.एन सिंह ने कई कामों में अपने हाथ आजमाए- कभी लाहौर में प्रिंटिंग प्रेस लगायी तो कभी राजाओं व नवाबों को जंगली जानवर सप्लाई किये और कभी चाय बागान मजदूरों के लिए विशेष जूते बनवाये। लेकिन किसी काम में उनका दिल नहीं लगा, सब असफल रहे और उनके पिता को भारी नुकसान उठाना पड़ा। आखिर थककर पिता ने पुत्र को सलाह दी कि वह उनकी तरह वकील बन जाएं और लंदन जाकर बैरिस्टर की शिक्षा ग्रहण करें। के.एन सिंह के बात समझ में आ गई और वकालत के पेशे को सही से समझने के लिए एक दिन वह कचेहरी गये। वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गये। एक व्यक्ति जिसने वास्तव में कत्ल किया था, उसे वकील के दांव पेचों ने 'बाइज्जत बरी' करा दिया था। वह वकील के.एन सिंह के पिता थे। इस नाइंसाफी को देखकर के.एन सिंह का वकालत के पेशे से मोह भंग हो गया। के.एन सिंह एथलीट थे और वेटलिफ्टिंग किया करते थे। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उनका चयन बर्लिन ओलंपिक के लिए भी हुआ था। वह सेना में भी जाने के इच्छुक थे। लेकिन तभी उनकी एक बहन, जो अपनी शादी के बाद कलकत्ता में रहती थीं, बीमार हो गईं और उनकी देखभाल करने के लिए परिवार के आदेश पर के.एन सिंह को कलकत्ता जाना पड़ा। कलकत्ता जाते समय देहरादून में ही के.एन सिंह के दोस्त नित्यानंद खन्ना ने उन्हें अपने ममेरे भाई पृथ्वीराज कपूर के नाम एक सिफारिशी पत्र दिया। पृथ्वीराज कपूर उन दिनों कलकत्ता में ही अपनी नाटक कम्पनी चलाया करते थे। कपूर ने के.एन सिंह की मुलाकात देबकी बोस से करायी जो उन दिनों न्यू थिएटर्स की फिल्मों का निर्देशन किया करते थे। इस तरह के.एन सिंह को 'सुनहरा संसार' (1936) फिल्म में छोटा सी भूमिका मिली। उनकी प्रभावी अदाकारी की खबरें बॉम्बे (अब मुंबई) तक पहुंचीं। निर्देशक एआर कारदार ने 1937 में के.एन सिंह को बॉम्बे आने का निमंत्रण दिया और उन्हें निर्माता फाजली भाई की फिल्म 'बागबान' में खलनायक का किरदार मिला। 1938 में रिलीज हुई इस फिल्म ने के.एन सिंह को अभिनय संसार में स्थापित कर दिया और वह सोहराब मोदी के मिनर्वा स्टूडियो में 500 रुपए मासिक वेतन पर काम करने लगे। तभी देविका रानी की पारखी नजर के.एन सिंह पर पड़ी और उन्होंने उन्हें बॉम्बे टॉकीज ज्वाइन करने का निमंत्रण दिया और मालूम किया कि आप कितने वेतन की आशा करते हैं? के.एन सिंह ने कहा, 'आप ही तय करें कि मुझे क्या मिलना चाहिए।' देविका रानी ने उन्हें 1600 रुपए मासिक वेतन पर रख लिया। स्टूडियो सिस्टम टूटने तक के.एन सिंह बॉम्बे टॉकीज से जुड़े रहे। इसके बाद वह स्वतंत्र रूप से अभिनय करने लगे।

**कैलाश सिंह.**

## आप की बात

### बांग्लादेश में साजिशें

बांग्लादेश में भारत विरोधी अभियान चीन की नयी साजिश हो सकती है। अभी कुछ समय पहले मालदीव में राजनीतिक कारणों से भारत विरोधी मुहिम चल रही थी। अब इसमें बांग्लादेश के कट्टरपंथी भी शामिल हो गये हैं। अब ऐसी हरकतें बांग्लादेश में भी शुरू हो गयी हैं। हालांकि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना बहुत मेच्योर नेता हैं। उन्होंने बांग्लादेश में 'इंडिया आउट' को साजिश बताया है, लेकिन बीते डेढ़ दशक से हाशिए पर खड़े बांग्लादेश के विपक्ष ने और उसकी नेता बेगम खालिदा जिया ने भारत विरोध को सियासी ताकत बढ़ाने का हथियार बना लिया है। बात सिर्फ बांग्लादेश और मालदीव की ही नहीं है बल्कि भारत के बल पर जीने वाला हिन्दू बहुल राष्ट्र नेपाल और श्रीलंका जैसे देश भी सियासी बदलाव के साथ भारत के लिए चुनौती बन जाते हैं। पाकिस्तान और चीन तो खैर हैं ही हमारे दुश्मन। ऐसे में भारत के सामने सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आखिर वह इन स्थितियों से कैसे निपटे? छोटे-छोटे छुद्र राजनीतिक समूह सियासी ताकत हासिल करने, सत्ता पाने के लिए भारत विरोध को मुद्दा बनाते हैं और सत्ता मिल गयी तो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं। सत्ता न मिली तो भी भारतीय हितों पर कुठाराघात करते हैं। बांग्लादेश बनाने के लिए भारत ने शहादत दी है, नेपाल भारत की मदद के बिना नहीं चल सकता, मालदीव को भी भारत कई बार बचा चुका है और श्रीलंका तो हाल-फिलहाल दिवालिया ही हो गया था। भारत की मदद से ही संभलने की कोशिश कर रहा है।

**प्रमोद कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

### शहरों में जरूरी है स्वच्छता

शहर अवसरों के हब होते हैं। इसलिए आधुनिक शहर देश की जरूरत हैं। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है।

उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। इससे शहरों का स्वरूप बिगड़ता है। जीवन में स्वच्छता कितना जरूरी है यह बीते दो सालों के दौरान कोरोना महामारी साबित किया है। अगर साफ-सफाई ठीक से रखी जाये। समय-समय पर अच्छे से हाथ की धुलाई की जाये तो इससे महामारी से भी बचाव होता है। गंदगी के कारण एक नहीं बल्कि तमाम बीमारियां फैलती हैं इसलिए देश को संकल्प लेकर महामारी के साथ ही अब गंदगी और गंदी आदतों को भी विदा करना चाहिए। देश में बीते कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चल रहा है, लेकिन आज भी प्रदेश के शहरों की हालत ठीक नहीं है।

**राजेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

## संक्षेप

### निसान के निर्यात ने छू लिया 12 लाख का आंकड़ा

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने भारत से 12 लाखवीं कार का निर्यात करते हुए निर्यात परिचालन में उल्लेखनीय पड़ाव पार किया है। यह उपलब्धि ह्यमेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड फिलॉसफी को लेकर निसान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही एएमआईओ क्षेत्र में कंपनी के लिए रणनीतिक निर्यात हब के तौर पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका की भी पुष्टि करती है। 12 लाखवीं कार के रूप में नई निसान मैग्नाइट बी-एसयूवी को जीसीसी क्षेत्र में भेजा गया।

### एलआईसी एमएफ ने लॉन्च किया कंजम्पशन फंड

मुंबई। एलआईसी म्यूचुअल फंड ने अपने थीमैटिक फंड एलआईसी एमएफ कंजम्पशन फंड को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो उपभोग थीम पर आधारित है। स्कीम का न्यू फंड ऑफर 31 अक्टूबर को खुलेगा और 14 नवंबर को बंद होगा। स्कीम 25 नवंबर से निरंतर बिक्री और पुनर्खरीद के लिए दोबारा खुल जाएगी। इसे निफ्टी इंडिया कंजम्पशन टोटल रिटर्न इंडेक्स के साथ बेंचमार्क किया जाएगा। फंड अपनी कुल संपत्ति का 80-100 फीसदी हिस्सा घरेलू उपभोग आधारित मांग से लाभान्वित होने वाली कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी-संबंधी प्रतिभूतियों में निवेश करेगा।

### महिलाओं के सशक्तीकरण में मिला सहयोग

नयी दिल्ली। सैनिटेशन फर्स्ट ने कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से अयोध्या के मसोधा ब्लॉक में एक इंटीग्रेटेड वाटर, सैनिटेशन, हाइजीन और महिला सशक्तीकरण पहल का सफल क्रियान्वयन किया है। इस पहल का लक्ष्य पानी की कमी को दूर करना, कृषि एवं पशुपालन में सहयोग करना और कम्युनिटी एसेट के रूप में पारंपरिक तालाबों एवं कुओं को रीस्टोर करना है। चार सामुदायिक तालाबों को पुनर्जीवित करना, तीन कुओं को रीस्टोर करना, जिससे पानी की आपूर्ति बेहतर हुई स्कूलों और प्रधान भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना, तीन ग्राम पंचायतों में सफाई की व्यवस्था को बेहतर करना, सफाई को लेकर शिक्षित करना और स्कूली बच्चों तक पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

### बिंगो पोटैटो चिप्स का नया कैम्पेन लॉन्च

नयी दिल्ली। बिंगो पोटैटो चिप्स ने ये कमाल कर दिखाया है। ब्रांड अपने अब तक के सबसे बेबाक चैप्टर में कदम रख रहा है, जिसकी शुरूआत होती है एक सेल्फ-रोस्ट से, जिसे बेहद अनोखे कैंपेन के रूप में तैयार किया गया है कई सालों से बिंगो प्रेमियों की पसंद बना हुआ है। जब बात बिंगो पोटैटो चिप्स की आती है, खासकर उत्तर और पश्चिम भारत में तो कहना गलत नहीं होगा कि अब तक यह रहा है एक Big No मगर ब्रांड ने इससे कतराने के बजाय, पूरे आत्मविश्वास से इसे स्वीकार किया है। अपने नये कैम्पैन में बिंगो खुले दिल से और थोड़ी मस्ती के साथ, अपनी नाकामयाबी मान रहा है और लोगों को आमंत्रित कर रहा है कि वे बिंगो पोटैटो चिप्स पोटैटो चिप्स के जबरदस्त बदलाव के गवाह बने।

### एमवे के संचालन में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

नईदिल्ली। एमवे के वैश्विक संचालन में भारत की रणनीतिक भूमिका को मजबूत करता है भारत, अमेरिका और चीन के साथ एमवे के केवल तीन वैश्विक विनिर्माण केंद्रों में से एक है। इस मजबूत नींव पर निर्माण करते हुए, कंपनी अगले तीन से पाँच सालों में 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी ताकि एमवे बिजनेस ओनर्स/डिस्ट्रीब्यूटर्स की क्षमताओं को और मजबूत किया जा सके, अपनी भौतिक उपस्थिति का विस्तार किया जा सके, और ग्राहक अनुभव को बढ़ाया जा सके।

### हैलोवीन हमेशा से मेरा फेवरेट रहा है: अनुष्का

मुंबई। जी टीवी के कलाकार अनुष्का मर्चंडे, सायंतनी घोष, निहारिका चैकसे और अभिषेक शर्मा ने बताया कि वे इस बार का हैलोवीन कैसे मनाने वाले हैं और इसे खास क्या बनाएगा। सरू में अनिका का किरदार निभा रहीं अनुष्का मर्चंडे ने मुस्कुराते हुए कहा कि हैलोवीन हमेशा से मेरा फेवरेट रहा है क्योंकि इस दिन आप किसी भी किरदार में ढल सकते हैं- चाहे वो सुपरहीरो हो, कोई डरावना भूत या आपका कोई पसंदीदा कैरेक्टर। बतौर कलाकार, ये बात मुझसे बहुत जुड़ती है। मुझे नए लुक्स और मेकअप के साथ एक्सपेरिमेंट करना बहुत पसंद है, और हैलोवीन इसके लिए एकदम परफेक्ट मौका देता है। जगद्धात्री में माया का किरदार निभा रहीं सायंतनी घोष ने कहा कि मुझे हमेशा से हैलोवीन बहुत दिलचस्प लगता है।

# सेंसेक्स में 593 अंकों की गिरावट




मुंबई। विदेशी कोषों की ताजा बिकवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दरों पर स्पष्ट रुख न आने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 593 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी में 176 अंक की गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 592.67 अंक यानी 0.70 प्रतिशत टूटकर 84,404.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 684.48 अंक गिरकर 84,312.65 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 176.05 अंक यानी 0.68 प्रतिशत टूटकर 25,877.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और मारुति के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। फेडरल रिजर्व की सतर्क टिप्पणी और विदेशी कोषों की निकासी का सिलसिला दोबारा शुरू हो जाने से निवेशक धारणा प्रभावित हुई और मानक सूचकांक फिसल गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,540.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,692.81 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अपेक्षा के अनुरूप अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की। हालांकि, फेड चेयरमैन जेरोम पावेल द्वारा इसे 2025 की आखिरी ब्याज दर कटौती बताए जाने से मौद्रिक नीति में आगे ढिलाई की उम्मीदें कम हो गईं। अमेरिकी डॉलर में आई मजबूती ने भी भारत सहित उभरते बाजारों में जोखिम-मुक्त धारणा को बढ़ावा दिया। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.06 प्रतिशत नुकसान में रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप अपरिवर्तित रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 2.52 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि प्रौद्योगिकी खंड में 1.02 प्रतिशत, बैंकिंग खंड में 0.72 प्रतिशत और वित्तीय सेवा खंड में 0.59 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,291 के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,876 कंपनियों में तेजी रही और 155 अन्य अपरिवर्तित रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

# सोना 1000 रुपये गिरकर 123400 रुपये पर, चांदी 3300 रुपये चढ़ी



नयी दिल्ली। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की धीमी गति और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत के बाद डॉलर में मजबूती के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार के बंद भाव 1,23,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,000 रुपये गिरकर 1,22,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,24,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। नीतिगत घोषणा के बाद अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की तीखी टिप्पणियों के बाद बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों में एक चौथाई अंक की कटौती की, लेकिन संकेत दिया कि आगामी दिसंबर की बैठक में दरों में एक और कटौती की बाजार की उम्मीदें जल्दबाजी वाली हो सकती हैं। गांधी ने आगे कहा कि इस घटनाक्रम के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और डॉलर में बढ़ोतरी हुई, जिससे सर्राफा पर दबाव बढ़ा। विश्लेषकों ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ संभावित व्यापार समझौते पर टिप्पणी के बाद वाशिंगटन और चीन के बीच तनाव कम होने से सोने की सुरक्षित निवेश की अपील पर और असर पड़ा। हालांकि, बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 3,300 रुपये बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को चांदी की कीमत 1,51,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर मांग घटने से प्रतिभागियों ने अपने सौदे के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमत बृहस्पतिवार को 32 रुपये घटकर 5,340 रुपये प्रति बैरल रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल के नवंबर में आपूर्ति वाले अनुबंधों का भाव 32 रुपये घटकर 5,340 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 14,105 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल का भाव 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60.19 डॉलर प्रति बैरल रहा जबकि ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत लुढ़कर 64.62 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## रुपया 48 पैसे टूटकर 88.70 प्रति डॉलर पर



मुंबई। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कमजोर घरेलू बाजारों और अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख़ के चलते बृहस्पतिवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुक़ाबले 48 पैसे गिरकर 88.70 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व ने अपनी फ़ेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक में ब्याज दर में 0.25 अंक की कटौती की है।

हालांकि, फ़ेडरल रिज़र्व के प्रमुख जेरोम पावेल की टिप्पणी आक्रामक रही, जिससे दिसंबर के लिए ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गईं। इसके अलावा, पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) की ओर से मासांत की डॉलर मांग और विदेशी पूंजी की निकासी भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाज़ार में, रुपया 88.37 पर खुला और बाद में कारोबार के दौरान 88.74 के दिन के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में, स्थानीय मुद्रा डॉलर के मुक़ाबले 88.70 (अस्थायी) पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे कम है। बुधवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.22 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि मजबूत डॉलर, कमजोर घरेलू बाजारों और फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख के कारण रुपया थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। मासांत में तेल विपणन कंपनियों की डॉलर मांग भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के मुताबिक दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। हालांकि, फेडरल रिजर्व के प्रमुख पावेल ने कहा कि दिसंबर में दरों में कटौती कोई पूर्व-निर्धारित निष्कर्ष नहीं है, क्योंकि मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है और श्रम बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है।

## चालू वित्त वर्ष में भारत का चावल निर्यात 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ेगा

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों से बेहतर मांग के कारण इस वित्त वर्ष में भारत का चावल निर्यात मात्रा के के स्तर पर 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की संभावना है।

वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत ने 12.95 अरब डॉलर मूल्य के 2.01 करोड़ टन चावल का निर्यात किया, जो 172 से अधिक देशों तक पहुंचा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) वाणिज्य मंत्रालय की एक इकाई है जो देश के कृषि निर्यात से संबंधित मुद्दों को देखती है। इस वित्त वर्ष में चावल निर्यात बढ़ेगा। हम मात्रा के लिहाज से दोहरे अंक में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। मूल्य के लिहाज से भी निर्यात बढ़ेगा। दो दिवसीय वैश्विक चावल सम्मेलन बृहस्पतिवार को यहां भारत मंडपम में शुरू हुआ। चावल की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ चावल आधारित प्रसंस्कृत उत्पादों जैसे राइस क्रैकर्स के निर्यात को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। सरकार ने 26 देशों की पहचान की है, जो वर्तमान में भारत से बहुत कम मात्रा में चावल खरीदते हैं। उन्होंने कहा कि फिलिपीन सहित इन 26 देशों में निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। हम भारतीय चावल की किस्मों को बढ़ावा देने के लिए इन 26 देशों में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहे हैं।

### रेहान का नया फ्रेगरेंस कलेक्शन लॉन्च

नई दिल्ली। दुबई में रेहान के नए फ्रेगरेंस कलेक्शन एक्वाटिका और ऑब्सिडियन को लॉन्च किया। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लॉन्च के साथ, रेहान - जो पूर्वी शालीनता और आधुनिक स्टाइल के अनूठे मेल के लिए जाना जाता है, ने दो नई और एक-दूसरे से अलग सुगंधों के माध्यम से सबका ध्यान आकर्षित किया। दोनों फ्रेगरेंस अपने अलग मूड और अंदाज को खूबसूरती से अभिव्यक्त करते हैं।

## कोयला एक्सचेंज के मसौदे को मिलेगा अंतिम रूप

कोलकाता। कोयला सचिव विक्रम देव दत्त ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रस्तावित कोयला एक्सचेंज के मसौदा नियमों को नवंबर के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

दत्त ने यहां एशिया माइनिंग कांग्रेस के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, कोयला एक्सचेंज से संबंधित नियमों का मसौदा सार्वजनिक क्षेत्र में है। इस पर आए सुझावों का हम अध्ययन कर रहे हैं। नवंबर के अंत तक नियमों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। कोयला एक्सचेंज के गठन का उद्देश्य घरेलू कोयला व्यापार में पारदर्शिता, दक्षता और बाजार-संचालित व्यवस्था को लाना है। मसौदा नियमों के अनुसार, देश में स्थापित किए जाने वाले कोयला एक्सचेंज को पंजीकृत और नियंत्रित करने के लिए कोयला नियंत्रक संगठन की नियुक्ति की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने अक्टूबर के मध्य तक इसके बारे में हितधारकों से टिप्पणियां मांगी थी। कोयला सचिव ने कहा कि भारत का कोयला उत्पादन मजबूत बना हुआ है और देश ने पिछली वित्त वर्ष में पहली बार उत्पादन और आपूर्ति दोनों में एक अरब टन का आंकड़ा पार किया है। दत्त ने कहा, साल की पहली छमाही में मांग थोड़ी कम रही क्योंकि घरेलू बिजली उत्पादन चार प्रतिशत से अधिक घट गया। ऐसे में हमारे पास कोयला खदान और बिजली संयंत्र दोनों स्तरों पर रिकॉर्ड भंडार है। हम अपेक्षा करते हैं कि कोल इंडिया और वाणिज्यिक खनन कंपनियों दोनों का उत्पादन लक्ष्य के करीब रहेगा।

### भारत के युवा इनोवेटर्स सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 में चमके

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज अपने राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के चौथे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। यह कार्यक्रम युवा छात्रों को प्रेरित करता है कि वे तकनीक के माध्यम से अपने समुदायों की वास्तविक चुनौतियों के लिए व्यावहारिक और प्रभावशाली समाधान विकसित करें। शीर्ष चार विजेता टीमों को 1 करोड़ रुपये की इनक्यूबेशन ग्रांट प्रदान की गई। ये टीमें आईआईटी दिल्ली के एफआईआईटी लैब्स में विशेषज्ञ मेंटरशिप के साथ अपने प्रोटोटाइप को बड़े पैमाने पर उपयोगी समाधानों में विकसित करेंगी। जूरी पैनल में सैमसंग के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ शिक्षा, सरकार और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों के नवाचारों का मूल्यांकन चार प्रमुख विषयों पर किया सुरक्षित, स्मार्ट और समावेशी भारत के लिए एआई, भारत में स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याण का भविष्य, तकनीक से पर्यावरणीय स्थिरता, और खेल तथा तकनीक के माध्यम से सामाजिक बदलाव।

### बजाज कैपिटल ने लॉन्च किया डिजीगोल्ड और डीजीसिल्वर

नयी दिल्ली। बजाज कैपिटल टाइगर फिनटेक ने डिजीगोल्ड और डीजीसिल्वर प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की है एक डिजिटल-फर्स्ट समाधान जो सोना और चांदी खरीदने-बेचने की प्रक्रिया को आसान, पारदर्शी और सुलभ बनाता है। अब भारतीय निवेशक केवल 100 रुपये से निवेश शुरू कर सकते हैं, अपने पोर्टफोलियो को रियल-टाइम में ट्रैक कर सकते हैं और ऑगमॉन्ट की साझेदारी के माध्यम से सुरक्षित तरीके से सिक्कों की डोरस्टेप डिलीवरी प्राप्त कर सकते हैं। डिजीगोल्ड और डीजीसिल्वर इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, जिनकी प्रमुख विशेषताएँ हैं कम निवेश सीमाः केवल रुपये 100 से सोना या चांदी में निवेश शुरू करें, एसआईपी या लम्पसम, दोनों विकल्प उपलब्ध।

## बीएसएनएल ने दूसरी तिमाही में लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत किया हासिल

नयी दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में अपने लक्षित राजस्व का 93 प्रतिशत यानी 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिया। बीएसएनएल की तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में कंपनी का राजस्व 11,134 करोड़ रुपये रहा। इस (जुलाई-सितंबर) तिमाही में हमने अपने लक्ष्य का 93 प्रतिशत राजस्व हासिल कर लिया। हमने 5,740 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा था जिसमें से हमने 5,347 करोड़ रुपये हासिल कर लिए। इसलिए, हम उस बड़े लक्ष्य के काफी करीब हैं जो हमने पिछले साल की आय में उछाल के आधार पर अपने लिए तय किया था। मंत्री ने कहा कि समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में बीएसएनएल का लक्ष्य राजस्व को 20 प्रतिशत बढ़ाकर 27,500 करोड़ रुपये करना है। हमारा एआरपीयू भी बढ़ा है। इस वर्ष की पहली तिमाही में यह 81 रुपये था, जो इस वर्ष की दूसरी तिमाही में बढ़कर 91 रुपये हो गया है।

### निवेशकों ने सोने को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचाया

नयी दिल्ली। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल द्वारा जारी की गई साल 2025 की तीसरी तिमाही की रिपोर्ट में सामने आया कि सोने की त्रैमासिक मांग मूल्य के लिहाज से (ओटीसी सहित) 1,313 टन या 146 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गई, जो किसी भी तिमाही के लिए दर्ज सबसे ज्यादा मांग थी। मांग में हुई यह वृद्धि निवेश की मांग की बदौलत रही, जो तीसरी तिमाही में 47% की साल दर साल वृद्धि के साथ 537 टन थी। यह सोने की कुल मांग के 55 प्रतिशत के बराबर थी। निवेशकों ने लगातार तीसरी तिमाही में भौतिक सोने के आधार वाले गोल्ड ईटीएफ खरीदना जारी रखा, जिससे वैश्विक इनफ्लो 222 टन बढ़कर 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। इस साल आज तक गोल्ड ईटीएफ की होल्डिंग 619 टन बढ़कर 64 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गई है, जिसमें उत्तर अमेरिका में सूचीबद्ध फंड्स का 346 टन का सबसे बड़ा योगदान है।

## पेज एक का शेष

### 17 बच्चों को

लिया। बच्चों को मुक्त कराने के अभियान के दौरान आरोपी घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सत्यनारायण ने कहा, सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बृहस्पतिवार दोपहर एलएंडटी बिल्डिंग के पास आर ए स्टूडियो में एक घंटे से ज्यादा समय तक नाटकीय स्थिति बनी रही। अधिकारी के अनुसार, आर्य ने लगभग 15 वर्ष की आयु के लड़कों और लड़कियों को एक वेब सीरीज के ऑडिशन के लिए बुलाया था। उन्होंने बताया कि आर्य के पास एक एयर गन और कुछ रसायन भी थे। शुरुआत में पुलिस ने यह नहीं बताया कि अभियान के दौरान गोलीबारी हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि शाम 5:15 बजे आर्य को मृत घोषित किया गया। पुलिस उपायुक्त दत्ता नलावडे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि महावीर क्लासिक बिल्डिंग में आर ए स्टूडियो के अंदर एक व्यक्ति ने बच्चों को बंधक बना लिया है। उन्होंने बताया कि पवई पुलिस के अधिकारीत्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी), बम निरोधक दस्ते और दमकल विभाग की एक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के स्टूडियो में घुसने से पहले, आर्य ने एक वीडियो जारी किया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### सरकार के

चल रही हैं और इनमें 105-106 ऐसी हैं, जो एक सप्ताह में गन्ना खरीद का भुगतान कर रही हैं। यही नहीं, अब तो हम शुगर कॉम्प्लेक्स बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना क्षेत्र में नया निवेश आ रहा है। गन्ना अब सीजनल नहीं रहा, वर्षपर्यंत का कार्यक्रम है। कहीं सीबीजी, कहीं डिस्टिलरी, कहीं कोजन प्लांट सब कुछ आगे बढ़ रहा है। सम्मान तो सरकार का नहीं, अन्नदाता किसान का होना चाहिए, जिन्होंने यूपी को चीनी, गन्ना व एथेनाल उत्पादन में देश में नम्बर एक कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2007 से 2017 तक मात्र 1,47,346 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान हो सका था। 2017 से अब तक साढ़े 08 वर्ष में 2,90,225 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान हुआ। पिछली सरकारों के 10 वर्षों की तुलना में हमारी सरकार में 1,42,879 करोड़ रुपये अधिक भुगतान हुआ। सीएम ने कहा कि ढाई करोड़ लोग गन्ना सेक्टर से जुड़े हुये हैं। सरकार सबका ध्यान रखेगी। अन्नदाता किसान सहयोग करें, सरकार सब सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट गन्ना किसान प्रणाली से गन्ना पर्ची व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन हुई और बिचौलियों का राज खत्म किया गया। अब किसी को सिफारिश की जरूरत नहीं है। इसी तरह और तकनीकी नवाचार भी किये जायेंगे। अकेले चीनी मिलों के माध्यम से 10 लाख परिवारों को आजीविका मिली है। सरकार ने खांडसारी को भी प्रोत्साहित किया है। जहां जरूरत होगी, सीबीजी प्लांट लगेगा। चीनी मिल लगेगी, एथेनाल प्लांट लगेगा। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि लगभग आठ वर्ष पहले गन्ना किसानों के बीच दो शब्द बहुत प्रचलित थे। गन्ना माफिया और घटतौली। साढ़े आठ वर्ष के बाद ये दोनों शब्द आज उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के जीवन से पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं।

### शौर्य, स्वाभिमान

द ग्रेट एस्केप गैलरी के संबंध में निर्देश दिए कि इसमें आगरा किले से छत्रपति शिवाजी महाराज की ऐतिहासिक मुक्ति की घटना को 7ऊ तकनीक, डिजिटल साउंड, लाइट और विजुअल इफेक्ट्स के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए ताकि आगंतुक उस क्षण की वीरता और रणनीति को सजीव रूप में अनुभव कर सकें। उन्होंने कहा कि यह अनुभाग शिवाजी महाराज के स्वराज्य संकल्प का प्रतीक बने। मुख्यमंत्री ने अग्रदूतों की गैलरी में प्रथम स्वाधीनता संग्राम 1857 के अमर सेनानियों से जुड़ी वस्तुओं, स्मृतियों और दस्तावेजों को सुरक्षित प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह गैलरी उन अग्रदूतों की गाथा कहे जिन्होंने स्वतंत्रता की नींव रखी। यहां झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहेब, तात्या टोपे और अनेक वीरों की स्मृतियाँ आधुनिक तकनीक के साथ प्रदर्शित हों। मुख्यमंत्री ने त्योहारों की गैलरी के संबंध में कहा कि इसमें काशी की महाशिवरात्रि और देव दीपावली, ब्रज का श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और रंगोत्सव, तथा प्रयागराज का महाकुंभ जैसे उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्वों का जीवंत चित्रण हो। उन्होंने निर्देश दिया कि यहां केवल तस्वीरें न लगाई जाएं, बल्कि प्रत्येक पर्व को इंटरएक्टिव अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया जाए, जहां प्रकाश, ध्वनि, संगीत और रंगों के माध्यम से आगंतुक उत्सव का अनुभव कर सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि नदियों की गैलरी में गंगा, यमुना, सरयू और घाघरा जैसी नदियों से जुड़ी आस्था, संस्कृति और लोकजीवन का सजीव चित्रण हो। साथ ही देवासुर संग्राम जैसे अनुभाग के माध्यम से सृष्टि, धर्म और मानव मूल्यों की भारतीय व्याख्या को भी दशार्या जाए। उन्होंने कहा कि संग्रहालय परिसर में स्थापित सभी कलाकृतियां, मूर्तियां और स्थापत्य तत्व उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतिनिधित्व करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय की प्रत्येक दीवार, आंगन और कलाकृति बोलती हुई कहानी बने, जिसमें लोककला, पारंपरिक शिल्प और आधुनिक कला का समन्वय झलके।

### लोकआस्था का

अनुशासन और सौंदर्य का संतुलन प्रदर्शित हो। उन्होंने कहा कि गंगा तट पर दीपदान का दृश्य श्रद्धा और अनुशासन की मिसाल बने। इसके लिए घाटों पर भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या अवरोध न हो। मुख्यमंत्री ने पर्यटन, नगर निगम, पुलिस, जल पुलिस, संस्कृति, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी, विद्युत व स्वास्थ्य विभागों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देव दीपावली के अवसर पर घाटों पर स्मार्ट लाइटिंग, आकर्षक फ्लोरल डेकोरेशन, थीम-आधारित इंस्टालेशन तथा ड्रोन और सीसीटीवी मॉनिटरिंग की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि घाटों, गलियों और प्रमुख मार्गों की सफाई और सजावट पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा प्रत्येक घाट पर पर्याप्त सफाई कर्मी तैनात रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंट्रोल रूम सक्रिय रहे और कमांड सेंटर से सीसीटीवी फीड की निगरानी निरंतर की जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त शौचालय, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सीय सहायता और प्राथमिक उपचार केंद्र स्थापित किए जाएँ। घाटों के समीप आपातकालीन नौका एवं एम्बुलेंस सेवाएँ उपलब्ध रहें। नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें लाइफ जैकेट, पंजीकरण टैग और निर्धारित रूट की जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने नमो घाट, राजघाट, राजेन्द्र प्रसाद घटा, दशाश्वमेध घाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की और कहा कि वहाँ दीप सज्जा, पर्यटक सुविधाएँ और सुरक्षा उपाय उच्च स्तर पर किए जाएँ। उन्होंने कहा कि नाविक समुदाय काशी की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है, उनका उत्साह और योगदान देव दीपावली की गरिमा को और बढ़ाता है। प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि उन्हें पर्याप्त सहयोग मिले और श्रद्धालुओं को सुरक्षित नौका सेवाएँ प्राप्त हों।

### ट्रंप ने अब

के तहत बुधवार को इस फैसले की घोषणा की। विभाग ने उनके रोजगार अनुमति पत्र (ईएडी) की वैधता बढ़ाने से पहले विदेशी नागरिकों के दस्तावेजों की उचित जांच और सत्यापन को प्राथमिकता देने की बात कही। विभाग ने बताया, यह अंतरिम नियम 30 अक्टूबर से पहले स्वतः विस्तारित रोजगार अनुमति पत्र को प्रभावित नहीं करता। दस्तावेज की वैधता सामान्यतः एक से दो वर्ष तक होती है लेकिन कुछ श्रेणियों के लिए इसे पांच वर्ष के लिए भी प्रदान किया जा सकता है।

### ट्रंप की शी

प्रतिशत रह जाएगी। ट्रंप ने कहा, अगर मैं इस बैठक का शून्य से 10 के पैमाने पर आकलन करूं तो 10 अंक दूंगा, बल्कि मैं बैठक को 12 अंक दूंगा। उन्होंने बताया कि वह अप्रैल में चीन की यात्रा करेंगे और शी चिनफिंग उसके कुछ समय बाद अमेरिका आएंगे। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने उन्नत कंप्यूटर चिप्स के निर्यात पर भी चर्चा की। एनविडिया कंपनी इस मुद्दे पर चीनी अधिकारियों से बातचीत करेगी। ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही चीन के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हमारे बीच अब बहुत कम बड़े अवरोध बचे हैं। बहरहाल, दक्षिण कोरिया में 100 मिनट लंबी बैठक के बाद ट्रंप ने आशावादी रुख दिखाया लेकिन दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव की संभावनाएं अब भी बनी हुई हैं। दोनों देश उद्योग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के विकास और यूक्रेन युद्ध जैसे वैश्विक मामलों में प्रभाव के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में दूसरे कार्यकाल के लिए वापसी के बाद से ट्रंप ने आक्रामक रूप से शुल्क (टैरिफ) लगाए हैं और इसके जवाब में चीन ने दुर्लभ मृदा तत्वों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसके मद्देनजर यह बैठक आवश्यक हो गयी थी। दोनों देशों में माना जा रहा है कि कोई भी पक्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि इसका असर उनके अपने आर्थिक हितों पर पड़ेगा। जब बैठक शुरू होने पर दोनों नेता बैठे तो शी ने पहले से तैयार वक्तव्य पढ़ते हुए मतभेदों के बावजूद एक साथ काम करने की इच्छा पर जोर दिया।

### कांग्रेस देश

की बाढ़ तक, सब कुछ जनता ने देखा है। सभा स्थलों पर उमड़े जनसैलाब ने मोदी-धामी, एक ही नामः विकास और सम्मान के नारों से पूरा माहौल ऊर्जावान बना दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बिहार और देश दोनों का भविष्य तभी सुरक्षित और समृद्ध हो सकता है, जब राजनीति में ईमानदारी, पारदर्शिता और राष्ट्रहित सर्वोपरि हों। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में भारत ने विकास, सुरक्षा और आत्मगौरव के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। आज देश का हर गरीब, किसान, महिला और युवा प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, जनधन, स्वामित्व और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है।

### बेमौसम बारिश

कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन बारिश ने काम रोक दिया है। खेतों में पानी भर गया है और धान गिरने लगा है। धान की कटाई जहां पूरी नहीं हो पाई, वहीं आलू की बोआई और गेहूं की बुवाई भी प्रभावित हुई है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि मोंथा तूफान का असर अब उत्तर प्रदेश पर पड़ रहा है, जिसके चलते प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पहली नवंबर से मोंथा तूफान का असर धीरे-धीरे कम होगा और 2 नवंबर से मौसम शुष्क होना शुरू हो जाएगा। मौसम में सर्दी के बढ़ने की वजह से लोगों ने अब सुबह और शाम को स्वेटर और जैकेट पहननी शुरू कर दी हैं। पंखे और एसी पूरी तरह से बंद हो चुके हैं।

### 17 फरवरी

छात्रों के रजिस्ट्रेशन आंकड़ों के आधार पर परीक्षाओं से 146 दिन पहले 24 सितंबर, 2025 को संभावित डेटशीट जारी की गई थी। बोर्ड ने आगे कहा, यह पहली बार है जब सीबीएसई ने परीक्षा से लगभग 110 दिन पहले अंतिम डेटशीट जारी की है, क्योंकि स्कूलों द्वारा उम्मीदवारों की लिस्ट समय पर जमा की गई थी।




## प्रतिदिन स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है : श्रेयस



सिडनी। भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं और चोट से उबरने की राह पर हैं। श्रेयस को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान एलेक्स कैरी का कैच लपकते समय तिल्ली की चोट (स्प्लीनिक रप्चर) के साथ पसली में चोट लगी थी। उन्होंने चोट लगने के बाद पहली बार एक्स और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट में लिखा , मैं रिकवरी की राह पर हूं और प्रतिदिन स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है। उन्होंने लिखा, इतनी शुभकामनाओं और समर्थन से मैं अभिभूत हूं। मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद। श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की मदद से मैदान से बाहर चले गए, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बयान में कहा, चोट का तुरंत पता चल गया और खून बहने को तुरंत रोका गया। उसकी हालत अब स्थिर है और वह अब भी निगरानी में है। मंगलवार 28 अक्टूबर को दोबारा किए गए स्कैन में काफी सुधार दिखा और श्रेयस ठीक हो रहा है। बीसीसीआई ने कहा, बीसीसीआई की मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों से सलाह करके उसकी प्रगति पर नजर रखेगी।

## युवा एशियाई खेल : भारत को मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक



बहरीन। भारत ने एशियाई युवा खेलों में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां मुक्केबाजी में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के अलावा बीच कुश्ती में भी तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। भारतीय मुक्केबाजों खुशी चंद, अहाना शर्मा और चंद्रिका भोरेशी पुजारी ने स्वर्ण पदक जीते जबकि लैंचेनबा सिंह मोइबुंगखोंगबाम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह भारत के पदकों की संख्या 41 हो गई जिसमें 12 स्वर्ण, 15 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं।

सुबह के स्वर्णिम सत्र में खुशी (46 किग्रा) ने चीन की लुओ जिनशियू के खिलाफ 4-1 से शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुक्केबाजी में दिन का पहला स्वर्ण जीता। अहाना (50 किग्रा) ने इसके बाद एकतरफा जीत हासिल की जब पहले राउंड में ही दक्षिण कोरिया की मा जोंग हयांग के खिलाफ रैफरी को मुकाबला रोकने (आरएससी) के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके बाद चंद्रिका (54 किग्रा) ने उज्बकिस्तान की मुहम्मदोवा कुमरिनिसो को 5-0 से हराकर भारत की स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। पदक की गिनती और भी बढ़ सकती है क्योंकि हरनूर कौर (66 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) शाम के सत्र में अपने-अपने वर्ग में फाइनल में हिस्सा लेंगी जिसमें भारत की नजरें स्वर्ण पदक का रिकॉर्ड बनाने पर है। लड़कों के फाइनल में लैंचेनबा (50 किग्रा) को कजाखस्तान के नूरमाखान झुमगली के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

बीच कुश्ती में सानी सुभाष फुलमाली और अंजलि ने क्रमशः लड़कों और लड़कियों के 60 किग्रा और 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जबकि अर्जुन रुहिल भी लड़कों के 90 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर रहे। सुजॉय नागनाथ तनपुरे (70 किग्रा) और रविंदर (80 किग्रा) को अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हारने के बाद रजत पदक मिला। सानी सुभाष ने फाइनल में ईरान के अमीराली डोमिरकोलाई को 2-0 से हराया जबकि अंजलि ने वियतनाम की बुई एमगोक थाओ थॉम को 2-1 से शिकस्त दी। अर्जुन ने 90 किग्रा वर्ग में ईरान के मोहम्मदमहदी फोतोउही को हराया। सुजॉय ईरान के सिना शोकोउही से l-2 से हार गए जबकि रविंदर को भी ईरान के ही तौराज खोडेई के खिलाफ l-2 से हार का सामना करना पड़ा।

# फाइनल में द. अफ्रीका से भिड़ेगा भारत

## महिला विश्व कप : सेमीफाइनल में पांच विकेट से ऑस्ट्रेलिया को हराया, जेमिमा ने बनाये 127 रन



एजेंसी

नवी मुंबई। भारत ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। ऊ पाटिल स्टेडियम में 339 रन का टारगेट भारतीय टीम 48.3 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया। जेमिमा रॉड्रिग्ज 127 और अमनजोत कौर 15 रन बनाकर नाबाद लौटीं। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीसरी बार इस टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। 2 नवंबर को उसका सामना साउथ अफ्रीका से होगा। भारतीय टीम ने 59 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। यहां से जेमिमा रॉड्रिग्ज ने मोर्चा संभाला और टीम को जीत दिलाई। वे 134 बॉल पर 127 रन बनाकर नाबाद लौटीं। जेमिमा ने 14 चौके लगाए। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (89 रन) के साथ 167, दीप्ति शर्मा (24 रन) के साथ 38, ऋचा घोष (26 रन) के साथ 46 और अमनजोत कौर (नाबाद 15 रन) के साथ नाबाद 31 रन की अहम साझेदारियां कीं। किम गार्थ को 2 विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया की ओर से फीबी लिचफील्ड ने 119, एलिस पेरी ने 77 और एश्ले गार्डनर ने 63 रन बनाए। भारत के लिए स्पिनर श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट झटके। क्रांति गौड़, अमनजोत कौर और राधा यादव को 1-1 विकेट मिला। 3 बैटर्स रन आउट भी हुईं। सलामी बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड (119 रन) के शतक तथा एलिस पैरी (77 रन) और एश्ले गार्डनर (63 रन) के अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत को जीत के लिए 339 रन का लक्ष्य दिया। अगर बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (49 रन देकर दो विकेट) ने 3-0-9-2 के तीसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी नहीं की होती तो ऑस्ट्रेलियाई टीम इससे भी विशाल स्कोर तक पहुंच गई होती। श्री चरणी ने बेथ मूनी (24) और फॉर्म में चल रही एनाबेल सदरलैंड (03) को आउट किया।

श्री चरणी ने भारत को पारी पर नियंत्रण लाने में मदद की क्योंकि अन्य भारतीय गेंदबाजों को पिच पर संघर्ष करना पड़ रहा था जिस पर उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही थी। वहीं कुछ गलतियां क्षेत्ररक्षण में भी हुईं जिससे मेजबान टीम के लिए चीजें और मुश्किल हो गईं। बल्कि श्री चरण के इस स्पैल से ऑस्ट्रेलियाई रन गति धीमी हुई। मेहमान टीम दो विकेट पर 220 रन के स्कोर से छह विकेट पर 265 रन तक पहुंच गई लेकिन इसके बाद गार्डनर की 45 गेंद में चार चौके और इतने ही छक्के जड़ति पारी ने टीम को 300 रन के पार करा दिया। टीम एक गेंद रहते 338 रन के स्कोर पर सिमट गई। लिचफील्ड ने 93 गेंद की पारी के दौरान 17 चौके और तीन छक्के जड़े। पैरी ने 88 गेंद में छह चौके और दो छक्के जमाए।



## भारत व ऑस्ट्रेलिया फिर आमने सामने, भारत के हौसले बुलंद

एजेंसी



मेलबर्न। कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐतिहासिक एमसीजी मैदान पर होने वाले दूसरे टी20 मैच के लिये यहां बुलंद हौसलों के साथ पहुंच गई है। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और शिवम दुबे अपने आक्रामक खेल से टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढने के बाद आस्ट्रेलिया पहुंचे हैं लेकिन पिछले कुछ समय से कप्तान सूर्यकुमार का बल्ला खामोश रहना चिंता का सबब बना हुआ था। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में हालांकि सूर्यकुमार ने 24 गेंद में 39 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की।

उन्होंने जोश हेजलवुड को 125 मीटर ऊंचा छक्का लगाया जो लंबे समय तक याद रहेगा। बारिश के कारण हालांकि कैनबरा में दूसरा मैच धुल गया जब भारत ने 9.4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बनाये थे। सूर्यकुमार और शुभमन गिल दोनों आस्ट्रेलियाई आक्रमण की बखिया उधेड़ने को तत्पर लग रहे थे। मेलबर्न में भी शुक्रवार को बारिश होने का अनुमान है हालांकि भारतीय टीम अपनी लय बनाये रखने की पूरी कोशिश करेगी। दूसरे मैच से पहले भारत के लिये अच्छी बात सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना है। विश्व कप से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम से बेखौफ खेल की उम्मीद करते हैं और उसके लिये सूर्यकुमार का फॉर्म अहम होगा। गंभीर चाहते हैं कि उनकी टीम नियमित तौर पर 250, 260 और उससे अधिक स्कोर बनाये।

हाल ही में भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक प्रदर्शन से जाहिर है कि बल्लेबाज गंभीर का फलसफा बखूबी समझ गए हैं। भारत की नजरें श्रीलंका के साथ सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब बरकरार रखने पर लगी होंगी। भारत ने पिछली बार रोहित शर्मा की कप्तानी में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुआ टी20 विश्व कप जीता था। भारत को कैनबरा में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन जसप्रीत बुमराह, वरूण चक्रवतर्ह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की मौजूदगी में भारत का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है। उन्हें हालांकि मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा जो अतीत में उनके लिये परेशानी का सबब बन चुके हैं। आस्ट्रेलियाई टीम भी काफी आक्रामक क्रिकेट खेलती है। हेड, मार्श, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और जोश इगलिस बड़े स्कोर बनाने का माद्दा रखते हैं।

## संक्षेप

### पीसीबी ने 2025-26 के लिए खिलाड़ियों से किए घरेलू करार

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को 2025 . 26 सत्र के लिये घरेलू क्रिकेटरों से करार की संख्या बढाकर 131 से 157 कर दी। पीसीबी ने चार वर्गों में करार किये हैं। बोर्ड ने 30 खिलाड़ियों को ए श्रेणी करार, 55 को बी श्रेणी, 51 को सी श्रेणी और 21 को डी श्रेणी के करार दिये हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा , ये करार पिछले साल के प्रदर्शन को ध्यान में रखकर दिये गए हैं। अधिकारी ने नये करार की रकम नहीं बताई लेकिन पिछले सत्र में पीसीबी ने ए श्रेणी के लिये 550000 पाकिस्तानी रूपये, बी के लिये चार लाख और सी के लिये ढाई लाख तय किये थे। इसके साथ ही अनुबंधित खिलाड़ियों को चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैच के लिये दो लाख पाकिस्तानी रूपये , लिस्ट ए मैच के लिये सवा लाख और टी20 मैच के लिये एक लाख पाकिस्तानी रूपये मैच फीस भी दी जा रही थी।

### मैककिबिन ने हांगकांग ओपन में कोर्स रिकॉर्ड बनाया

हांगकांग। भारत के स्टार गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग ओपन के पहले दौर में पांच अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त 22वें स्थान पर रहे। यह इस साल उनकी तीसरी इंटरनेशनल सीरीज है। लाहिड़ी के लिए दिन उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्होंने एक ईगल और पांच बर्डी लगाई लेकिन एक बोगी कर बैठे। अजीतेश संधू ने भी चार अंडर 66 के कार्ड से शानदार शुरुआत की और अपने साथी भारतीय एस एस पी चौरसिया के प्रदर्शन की बराबरी की। लिव गोल्फ स्टार टॉम मैककिबिन ने बोगी फ्री 10 अंडर 60 का कार्ड खेलकर पहले दौर में बढ़त हासिल करने के साथ नया कोर्स रिकॉर्ड भी अपने नाम लिखाया।

## आस्टिन की अभ्यास के दौरान गले पर गेंद लगने से मौत

एजेंसी

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के 17 वर्ष के क्रिकेटर बेन आस्टिन की यहां अभ्यास के दौरान गले में गेंद लगने से मौत हो गई जिससे 2014 में फिल ह्यूज की मौत की दुखद यादें ताजा हो गई। आस्टिन को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। उन्हें फर्नट्री गली में अभ्यास के दौरान गेंद गले और सिर में लगी थी।


वह टी20 मैच से पहले नेट अभ्यास कर रहे थे। उन्हें हादसे के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने बृहस्पतिवार को उनकी मौत की पुष्टि की। क्लब ने कहा हम बेन की मौत से बहुत दुखी हैं। उसके परिवार, दोस्तों और जानने वालों के प्रति हमारी संवेदनायें। अभ्यास के वक्त उन्होंने हेलमेट पहना था लेकिन नेकगार्ड नहीं। इस हादसे के बाद एक बार फिर हर स्तर पर खेल में सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की मांग जोर

पकड़ने लगी है। इससे पहले क्रिकेट विक्टोरिया ने बेन के पिता जेस आस्टिन के हवाले से परिवार की ओर से एक बयान जारी किया था। बयान में कहा गया हम अपने चहेते बेन के निधन से बेहद दुखी हैं। ट्रेसी और मेरे लिये बेन लाड़ला बेटा था और कूपर तथा जाश का चहेता भाई था। वह हमारे परिवार और दोस्तों के जीवन का उजाला था। इस हादसे ने उसे हमने छीन लिया। उसे क्रिकेट से प्यार था और यह खेल उसके जीवन की खुशी था। इसमें यह भी कहा गया हम उस गेंदबाज के भी साथ खड़े हैं जो उस समय नेट्स पर गेंदबाजी कर रहा था। इस हादसे ने दो युवाओं को प्रभावित किया है। उसके और उसके परिवार के साथ भी हमारी संवेदनायें हैं।

## जिम्नास्टिक एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा गोवा

पणजी। भारत पहली बार कलात्मक जिम्नास्टिक की एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है जिसका आयोजन गोवा में 31 अक्टूबर से दो नवंबर तक होगा। भारतीय जिम्नास्टिक्स महासंघ द्वारा गोवा के खेल एवं युवा मामलों के निदेशालय और गोवा खेल प्राधिकरण के साथ मिलकर आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप में पूरे एशिया के शीर्ष कलात्मक जिम्नास्ट तीन दिन तक चुनौती पेश करेंगे। एशियाई जिम्नास्टिक यूनियन के तकनीकी अध्यक्ष ऐगुल डुकेनबायेवा ने इस प्रतियोगिता को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि पहली बार एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करना अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक में भारत की बढ़ती मौजूदगी का प्रतीक है।डुकेनबायेवा ने कहा कि यह प्रतियोगिता एकता, कला और एथलेटिक उत्कृष्टता की भावना को दिखाती है जो हमारे खेल को परिभाषित करता है।

## बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप 11 दिसंबर से



एजेंसी

नयी दिल्ली। बीडब्ल्यूएफ एयर बैडमिंटन विश्व कप के पहले टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में 11 से 14 दिसंबर तक किया जाएगा जिसमें 12 देशों की टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, अजरबेजान, हांगकांग, ब्राजील, इंडोनेशिया, बुल्गारिया, नाइजीरिया, चीन, यूएई, मिस्र और वेनेजुएल ने कड़ी क्वालीफिकेशन प्रक्रिया से गुजरने के बाद टूर्नामेंट में जगह बनाई है।

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने विज्ञप्ति में कहा, तीन स्पर्धाओं- पुरुष ट्रिपल, महिला ट्रिपल और टीम रिले- में अधिकतम 96 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार, पुरुष एकल के पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी वोंग विंग की विन्सेंट हांगकांग चीन की रिले टीम का हिस्सा होंगे। एयर बैडमिंटन इस खेल का नया आउटडोर प्रारूप है जिसमें बैडमिंटन की वैश्विक पहुंच को बढ़ाने की बहुत जूयादा क्षमता है।

### इंदौर में दिसंबर में खेली जायेगी राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता

इंदौर (मध्यप्रदेश)। देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर दिसंबर के दौरान राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें 10 लाख रुपये की इनामी राशि दांव पर होगी। अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद रमेश प्रभु ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया इंदौर, राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता की पहली बार मेजबानी करेगा। संभावित कार्यक्रम के मुताबिक इसे 19 से 21 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। प्रभु ने कहा, देश में पिकलबॉल अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं रहा है। यह अब प्रतिस्पर्धात्मक खेल बन चुका है। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में पिकलबॉल राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का हिस्सा बने और आगे चलकर इसे ओलंपिक खेलों में भी शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल प्रतियोगिता पुरुष और महिला वर्गों में अलग-अलग आयु श्रेणियों में खेली जाएगी।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट : लंच से पहले हो सकता है चाय सत्र

नयी दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर हिस्से में सर्दियों के महीनों में जल्दी सूर्यास्त होने के चलते भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुवाहाटी के बरसापारा में 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में ब्रेक में फेरबदल करते हुए पहले सत्र के बाद चाय का सत्र और दूसरे सत्र के दौरान लंच का सत्र कराया जा सकता है। भारत में टेस्ट मैच सुबह 9:30 बजे शुरू होते हैं और शाम 4:30 बजे समाप्त होते हैं लेकिन गुवाहाटी में मैच सुबह नौ बजे शुरू होकर शाम चार बजे समाप्त होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, ऐसी संभावना है कि पहला ब्रेक सुबह 11 बजे से 11:20 बजे तक चाय का ब्रेक होगा जबकि दोपहर l:20 बजे से 2:00 बजे तक लंच हो सकता है। चाय के बाद का सत्र दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक होगा। गुवाहाटी में आमतौर पर सूरज 4:15 बजे तक डूब जाता है।

## दक्षिण अफ्रीका को भारत 'ए' ने 299 पर रोका

एजेंसी



बेंगलुरू। जोर्डन हरमान और जुबैर हमजा की शतकीय साझेदारी के बावजूद तनुष कोटियान की अगुवाई में भारत ए के स्पिनरों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेते हुए दक्षिण अफ्रीका ए को चार दिवसीय मैच के पहले दिन नौ विकेट पर 299 रन पर रोक दिया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर दक्षिण अफ्रीका ए के लिये हरमान (71) और हमजा (66) ने दूसरे विकेट के लिये 130 रन की साझेदारी की। हमजा को तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने आउट किया जो विकेट के पीछे ज्षभ पंत को कैच दे बैठे।

इसके बाद से भारतीय गेंदबाजों ने पकड़ बना ली। हरमान को आफ स्पिनर कोटियान ने पगबाधा आउट किया। कोटियान ने 83 रन लेकर चार विकेट चटकाये। सलामी बल्लेबाज लेसेगो सेनोकवाने ने तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज की गेंद पर पहली स्लिप में आयुष म्हात्रे को कैच थमाया। वहीं रिवाल्डो मूनसैमी ने बायें हाथ के स्पिनर मानव सुतार की गेंद पर स्लिप में आयुष बडोनी को कैच दिया। कप्तान मार्कस एकेरमैन ने कोटियान की गेंद पर सुतार को कैच सौंपा। दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट 27 रन के भीतर गंवा दिये। हरमान और हमजा जब तक क्रीज पर थे, दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने दबदबा बना रखा था। उन्होंने बरार, कम्बोज और खलील अहमद को खुलकर खेला। जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में चोटिल होने के बाद पंत का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था और उन्होंने रिकवरी के अच्छे संकेत दिये। वहीं दूसरी ओर भारत ए के तनुश कोटियान ने कहा कि मुंबई के अनुभवी बल्लेबाजों जैसे अजिंक्य रहाणे को नेट्स पर गेंदबाजी करने से उनके ऑफ-स्पिन कौशल को निखारने में मदद मिली।

रहाणे स्पिन के बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कोटियान ने चार विकेट लिए जिससे भारत ए ने बृहस्पतिवार को पहले चार दिवसीय मैच के पहले दिन दक्षिण अफ्रीका ए का स्कोर नौ विकेट पर 299 रन कर दिया। कोटियान ने दिन के खेल के बाद कहा, मुंबई रणजी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए खेल चुके हैं और वे स्पिन के खिलाफ किसी भी टीम में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। इसलिए मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलती है। उन्होंने कहा ऑफ-स्पिनर को खेलने में जिस क्षेत्र में कठिनाई होगी, वे हमें उन क्षेत्रों के बारे में बताते हैं। इससे हमें रणनीति बनाने और क्षेत्ररक्षकों को सजाने में मदद मिलती है। कोटियान ने कहा हमारे पास अजिंक्य रहाणे हैं।

## दिल्ली पुलिस की सोनिका यादव ने जीता कांस्य

एजेंसी




नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस कॉन्सटेबल सोनिका यादव के लिए इस महीने की शुरुआत में आंध्र प्रदेश में अखिल भारतीय पुलिस भारोत्तोलन क्लस्टर 2025-26 प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक सिर्फ एक खिलाड़ी की उपलब्धि से कहीं अधिक पक्के इरादे और जोश की जीत थी। उत्तर जिला सामुदायिक पुलिसिंग सेल की 30 साल की कॉन्सटेबल सोनिका ने 17 अक्टूबर को कुल 145 किग्रा वजन उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी जीत को सच में खास बनाने वाली बात यह थी कि उन्होंने यह कामयाबी सात महीने की गर्भवती होने के बावजूद हासिल की। पिछले तीन साल से पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रही सोनिका ने कहा कि उनकी ट्रेनिंग और अनुशासन ने उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रहने में मदद की। उन्होंने बताया, मैंने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान 145 किग्रा वजन उठाया लेकिन यह मेरी सामान्य क्षमता से कम था इसलिए मेरे बच्चे पर कोई असर नहीं पड़ा। सोनिका को अपनी गर्भावस्था का पता प्रतियोगिता की ट्रेनिंग के दौरान चला। उनके डॉक्टर ने उन्हें सलाह दी कि वह अपना वर्कआउट जारी रखें लेकिन अपनी सीमाओं का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा मेरे डॉक्टर ने कहा कि मैं अभ्यास जारी रख सकती हूं क्योंकि मेरा शरीर और गर्भ दोनों स्वस्थ हैं। मुझे बस वजन कम करने और सावधान रहने की जरूरत है। शुरू में सोनिका का परिवार उनके प्रतियोगिता में हिस्सा लेने को लेकर डरा हुआ था लेकिन कांस्य पदक जीतने बाद परिवार गौरवांवित है। सोनिका ने कहा, मेरे भाई और भाभी ने कहा कि यह पदक हमारे भविष्य के चैंपियन का है, फिर वह चाहे लड़का हो या लड़की। यह मेरे लिए सबसे अधिक खुशी का पल था।

# राहुल ने किया छठी मैया का अपमान

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी की मां का अपमान किया, इंडिया गुट का सफाया तयः शाह



नालंदा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का सफाया हो जाएगा क्योंकि लोग कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां का कथित तौर पर अपमान करने और राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री एवं छठी मैया का उपहास किये जाने का बदला लेंगे।

नालंदा, लखीसराय और मुंगेर जिलों में एक के बाद एक रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह दावा कर छठी मैया का अपमान किया है कि छठी मैया की पूजा करने वाले मोदी एवं अन्य लोग नाटक कर रहे हैं। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर कटाक्ष करते हुए शाह ने लोगों से ईवीएम पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चुनाव चिह्न वाले बटन को इतनी जोर से दबाने का आह्वान किया कि उसके झटके इटली तक महसूस किए जाएं। शाह ने कहा, मुंगेर में सीता माता को छठी माता के रूप में पूजा जाता है... राहुल गांधी भारत की संस्कृति से अनभिज्ञ हैं इसलिए उन्होंने इस देवी का अपमान किया क्योंकि इटली उनका ननिहाल है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष शाह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में 70 वर्षों तक रोड़ा अटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मंदिर के निर्माण के लिए मुगलों के समय से पांच शताब्दियों तक संघर्ष चला था। उन्होंने नालंदा में एक आधुनिक विश्वविद्यालय विकसित करने के लिए मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि बख्तियार खिलजी जैसा कोई भी लुटेरा अब इसे नष्ट नहीं कर पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के सीतामढ़ी जिले में देवी सीता के जन्मस्थान पुनौरा धाम को नया रूप देने का काम चल रहा है और दो साल में आप प्रधानमंत्री मोदी को इसकी प्राण-प्रतिष्ठा करते हुए देखेंगे। शाह ने नालंदा में अपनी रैली की शुरुआत गुरु-शिष्य चाणक्य और चंद्रगुप्त की जोड़ी की याद करते हुए की, जो इस क्षेत्र में रहते थे और जिन्हें मौर्य साम्राज्य की स्थापना का श्रेय दिया जाता है। यह संभवतः प्राचीन भारत का सबसे शक्तिशाली साम्राज्य था। गृह मंत्री ने दावा किया कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान बिहार में जंगलराज था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को दिया गया प्रत्येक वोट राज्य में विकास लाएगा। उन्होंने आरोप लगाया, 1992 से 2004 तक लालू-राबड़ी शासन के दौरान बिहार में 32,000 से अधिक अपहरण और 12 बड़े नरसंहार हुए... नीतीश कुमार ने जंगल राज को समाप्त कर दिया... लेकिन राजद एक नए चेहरे के साथ राज्य में जंगल राज को वापस लाने की कोशिश कर रहा है। शाह ने नीतीश कुमार शासन और राजद राज की तुलना करते हुए कहा कि जहां कुमार के 20 साल के शासन में एक भी नरसंहार नहीं हुआ, वहीं राजद के सत्ता में रहने के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 38 नरसंहार हुए थे। गृह मंत्री ने दावा किया कि जब से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राज्य में राजग सरकार बनाई है।

## वित्त मंत्री सीतारमण भूटान की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पड़ोसी देश भूटान के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए बृहस्पतिवार को वहां की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुईं। सीतारमण वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की टीम का नेतृत्व कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह यात्रा भूटान के साथ भारत की स्थायी साझेदारी को दर्शाती है, जो आपसी सम्मान, विश्वास और क्षेत्र में प्रगति और समृद्धि के लिए साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। बयान के अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्री अपनी आधिकारिक यात्रा के पहले दिन ऐतिहासिक सांगचेन चोखोर मठ का दौरा करेंगी। इस मठ की स्थापना 1765 में हुई थी। यह आधुनिक बौद्ध अध्ययन में संलग्न 100 से अधिक भिक्षुओं का निवास स्थान है। यात्रा के दौरान सीतारमण भूटान में भारत सरकार के सहयोग से क्रियान्वित कई प्रमुख परियोजना स्थलों का दौरा करेंगी। इसमें कुरिचू जलविद्युत संयंत्र बांध और पावरहाउस, ग्यालसुंग अकादमी, सांगचेन चोखोर मठ और पुनाखा द्ज़ोंग का अवलोकन शामिल है। केंद्रीय वित्त मंत्री का भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के प्रधानमंत्री महामहिम दाशो शेरिंग तोबगे से मुलाकात का कार्यक्रम है। सीतारमण भूटान के वित्त मंत्री लेके दोरजी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगी, जिसमें भारत-भूटान आर्थिक एवं वित्तीय सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। सीतारमण कुटीर एवं लघु उद्योग बाजार का भी दौरा करेंगी।

## संक्षेप

### अमेरिका ने विदेशी नागरिकों के लिए कार्य परमिट के स्वतः विस्तार को समाप्त किया

वाशिंगटन। अमेरिका में एच1बी वीजा का शुल्क एक लाख अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाये जाने के कुछ सप्ताह बाद ही अधिकारियों ने विदेशी नागरिकों के लिए कार्य परमिट के स्वतः विस्तार की प्रक्रिया को समाप्त कर दिया। अमेरिका का यह कदम बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों और श्रमिकों को प्रभावित कर सकता है। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने आव्रजन पर नकेल कसने के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को इस फैसले की घोषणा की। विभाग ने उनके रोजगार प्राधिकरण दस्तावेजों (ईएडी) की वैधता बढ़ाने से पहले विदेशी नागरिकों के दस्तावेजों की उचित जांच और सत्यापन को प्राथमिकता देने की बात कही। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नए नियम के अनुसार, जो विदेशी नागरिक 30 अक्टूबर, 2025 को या उसके बाद अपने रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज का नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन करेंगे, उन्हें अब स्वतः विस्तार नहीं मिलेगा। यूनाइटेड स्टेट्स सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज निदेशक जोसेफ एडलो के हवाले से विज्ञप्ति में बताया गया, किसी विदेशी नागरिक के रोजगार प्राधिकरण या दस्तावेज की वैधता बढ़ाने से पहले उचित जांच और सत्यापन सुनिश्चित करना एक व्यावहारिक उपाय है।

## रूस ने यूक्रेनी ऊर्जा ढांचों को फिर निशाना बनाया, पूरे देश में बिजली गुल

कीव। रूस ने एक बार फिर ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमला करके यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, जिसके कारण बृहस्पतिवार को पूरे देश में बिजली गुल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी प्रधानमंत्री ने रूस की इस रणनीति को व्यवस्थित ऊर्जा आतंक बताया। इन हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। रूस कड़ाके की सर्दी शुरू होने के साथ ही यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने हमले में 650 से ज्यादा ड्रोन और विभिन्न प्रकार की 50 से अधिक मिसाइलें दागीं।

यूक्रेन के शहर पानी, सीवेज और हीटिंग सिस्टम चलाने के लिए केंद्रीकृत सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करते हैं और बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण ये काम नहीं कर पाते। रूस अपना व्यवस्थित ऊर्जा आतंक जारी रखे हुए है और सर्दियां शुरू होते ही यूक्रेनवासियों के जीवन और गरिमा पर प्रहार कर रहा है।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए समुद्री क्षेत्र पर अधिक ध्यान देना चाहिए



मुंबई। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए समुद्री क्षेत्र पर अधिक ध्यान देना होगा।

मंत्री ने यहां भारत समुद्री सप्ताह 2025 में दावा किया कि पुर्तगाल के वास्को डी गामा ने भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज नहीं की थी, बल्कि उन्होंने केवल गुजराती नाविकों का पीछा किया था। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार सृजन करने की क्षमता है और पिछले 11 वर्ष में भारत में इस क्षेत्र में अच्छी प्रगति हुई है। मांडविया ने कहा, समुद्री क्षेत्र एक वैश्विक क्षेत्र है... भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए समुद्री क्षेत्र पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत 18वीं शताब्दी तक एक बड़ी समुद्री शक्ति था जिसे बाद में ब्रिटिश शासन ने नष्ट कर दिया। भारत का मात्रा के हिसाब से करीब 95 प्रतिशत व्यापार तथा मूल्य के हिसाब से 70 प्रतिशत व्यापार समुद्र के रास्ते होता है। मंत्री ने कहा कि जो देश समुद्र पर राज करते हैं, वे दुनिया पर राज करते हैं। इसलिए सरकार जहाज निर्माण के लिए परिवेश तैयार करने पर काम कर रही है।

## प्रधानमंत्री में ट्रंप को झूठा कहने का दम नहीं: राहुल



नालंदा/शेखपुरा (बिहार)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऑपरेशन सिंदूर रुकवाने का दावा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 50 बार अपमान किया है, लेकिन मोदी डरपोक हैं और उनमें यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठे हैं।

उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में लगातार दूसरे दिन दो जनसभाओं को संबोधित किया और यह दावा भी किया कि बिहार में सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं चला रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह चला रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, नरेन्द्र मोदी जी के हाथ में नीतीश जी का रिमोट कंट्रोल है। वह जो बटन दबाते हैं, वही चैनल नीतीश चालू कर देते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आखिरी मिनट पर वोट चोरी करने का प्रयास होगा, लेकिन बिहार के युवाओं को पूरा दम लगाकर इसे रोकना है। उन्होंने बिहार की जनता से यह वादा भी किया कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर नालंदा को फिर शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनाया जाएगा तथा बिहार में महागठबंधन की सरकार सभी वर्गों के लिए काम करेगी। कांग्रेस नेता ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने संबंधी ट्रंप के दावे का हवाला देते हुए कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 50 बार भारत के प्रधानमंत्री का अपमान किया...ट्रंप ने कहा है कि मैंने मोदी को फोन पर ऑपरेशन सिंदूर बंद करने के लिए कहा। नरेन्द्र मोदी ने दो दिनों में ऑपरेशन सिंदूर बंद कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि सात विमान गिराए गए। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी में यह कहने का दम नहीं है कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को ट्रंप से मिलने के लिए विदेश जाना था, लेकिन वह डर गए और नहीं गए। राहुल गांधी ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समय का उल्लेख करते हुए कहा, 1971 में अमेरिका ने अपनी नौसेना का सातवां बेड़ा भेजा, लेकिन इंदिरा गांधी ने साफ कह दिया था कि हम आपकी नौसेना से नहीं डरते, हमें जो करना होगा, हम करेंगे। इंदिरा गांधी महिला थीं, लेकिन इस मर्द (नरेंद्र मोदी) से ज्यादा दम उनमें था। उन्होंने आरोप लगाया, नरेन्द्र मोदी जी डरपोक हैं। उनमें न तो दृष्टिकोण है और न ही दम है। मैं नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि आप बिहार की अपनी किसी जनसभा में यह कहें कि अमेरिका के राष्ट्रपति झूठे हैं, वो झूठ बोल रहे हैं तथा उनके कहने पर मैंने ऑपरेशन सिंदूर नहीं रोका था। मैं आपको गारंटी से कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री यह बात नहीं बोल सकते क्योंकि वह डरपोक हैं।

## सरकार बजट सत्र में सख्त बीज कानून पेश करेगी : चौहान



नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार अगले साल की शुरुआत में संसद के बजट सत्र के दौरान बीज की गुणवत्ता को विनियमित करने के लिए कड़े प्रावधानों वाला कानून पेश करने की योजना बना रही है। किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि इन संशोधनों का उद्देश्य कृषक समुदाय के लिए गुणवत्तापूर्ण इनपुट सुनिश्चित करना है।

मंत्री ने कहा कि देश की लगभग 46 प्रतिशत आबादी अभी भी अपनी आजीविका के लिए खेती पर निर्भर है और किसानों की बेहतर आय सुनिश्चित करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। चौहान ने कहा, हम संसद के बजट सत्र (2026 की शुरुआत में) में बीज कानून लाने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घटिया गुणवत्ता वाले बीजों की बिक्री और वितरण पर रोक लगाने के लिए कड़े प्रावधान होंगे। उन्होंने कहा कि आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों की अनुमति नहीं है और बेहतर किस्मों को विकसित करने के लिए अनुसंधान चल रहा है। केंद्र सरकार के स्तर पर बीज अधिनियम में संशोधन पर अभी भी सक्रिय रूप से काम चल रहा है, लेकिन अभी तक इसे औपचारिक रूप से अधिनियमित या कानून के रूप में अधिसूचित नहीं किया गया है। सरकार का ध्यान, बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और घटिया या नकली बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अनिवार्य ट्रेसेबिलिटी (उत्पत्ति स्थल), प्रमाणन और गुणवत्ता नियंत्रण प्रावधानों को लागू करने पर केंद्रित है। इस बीच, हरियाणा और पंजाब सहित कुछ राज्यों ने वर्ष 2025 में अपने-अपने बीज अधिनियमों में स्वतंत्र रूप से संशोधन किया है, जिसमें उल्लंघन के लिए कठोर दंड और बेहतर प्रवर्तन उपाय शामिल हैं। किसानों को बेहतर लाभ सुनिश्चित करने के लिए, चौहान ने कहा कि सरकार एकीकृत खेती को बढ़ावा देगी और उन्हें कृषि के साथ-साथ मुर्गी पालन और डेयरी जैसी संबद्ध गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। मौजूदा समय में, देश भर में 10 लाख एफपीओ हैं, जिनसे 53 लाख किसान जुड़े हुए हैं, जिनमें से 1,100 एफपीओ का वार्षिक कारोबार एक करोड़ रुपये का है। उन्होंने कहा कि दो करोड़ किसानों को एफपीओ में लाने का लक्ष्य है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में 24 राज्यों और 140 जिलों के 500 से अधिक प्रगतिशील किसानों, एफपीओ, कार्यान्वयन एजेंसियों और क्लस्टर-आधारित व्यावसायिक संगठनों ने भाग लिया।

## इंटरटेनमेंट...

## फिल्म ‘महाकाली’ से भूमि शेट्टी का पहला लुक

**मुंबई।** ‘हनुमान’ जैसी सुपरहिट फिल्म के जरिए भारतीय सुपरहीरो जॉनर को नया आयाम देने वाले डायरेक्टर प्रशांत वर्मा और आरकेडी स्टूडियोज अब अपनी अगली फिल्म ‘महाकाली’ लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की नायिका भूमि शेट्टी का पहला लुक जारी किया है, जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, फिल्म की 50% से ज्यादा शूटिंग पूरी हो चुकी है और इन दिनों हैदराबाद में बने सेट पर शूट जारी है। खास बात

❍ सुनहरे परिधान और पारंपरिक गहनों में उग्र अवतार में नजर आई एक्ट्रेस

यह है कि निमार्ताओं ने बड़ी स्टार कास्ट की जगह नई एक्ट्रेस भूमि शेट्टी पर भरोसा जताया है और इस प्रोजेक्ट में भारी निवेश किया है।

सूत्रों के मुताबिक, कई नामी अभिनेत्रियां इस रोल को निभाना चाहती थीं, लेकिन मेकर्स ने ‘महाकाली’ के नाम के अनुरूप ऐसी एक्ट्रेस को चुना, जो भारतीयता और शक्ति दोनों का प्रतीक हों। भूमि शेट्टी का पारंपरिक गहनों और लाल-सुनहरे परिधान में उग्र लुक दर्शकों को आकर्षित कर रहा है।




आर.के. दुग्गल और रिवाज रमेश दुग्गल द्वारा निर्मित फिल्म ‘महाकाली’ पूजा कोल्लूरू के निर्देशन में बन रही है। भूमि शेट्टी को लेकर डायरेक्टर प्रशांत वर्मा ने कहा, ‘हनुमान के बाद मैं दिव्य स्त्री शक्ति को पर्दे पर उतारना चाहता था। भूमि ने इस किरदार के लिए काफी ट्रेनिंग ली और अपनी आंखों की तीव्रता से ‘महाकाली’ की आत्मा को जीवंत कर दिया। एक्ट्रेस भूमि शेट्टी का असली नाम भूमिका शेट्टी है।

वह कर्नाटक के करावली क्षेत्र के कुंदापुरा से आती हैं। उनके पिता का नाम भास्कर शेट्टी और मां का नाम बेबी शेट्टी है। भूमि बचपन से ही कन्नड़ और तुलु भाषाएं बहुत अच्छे से बोलती हैं। साल 2018 में हैदराबाद टाइम्स ने उन्हें ‘मोस्ट डिजायरेबल वुमन ऑफ स्मॉल स्क्रीन’ का खिताब दिया था। भूमि ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत टीवी से की। वह कन्नड़ टीवी सीरियल किन्नरी और तेलुगु सीरियल निन्नी पेल्लाडथा में नजर आईं।

इसके अलावा, वह बिग बॉस कन्नड़ रियलिटी शो की कंटेस्टेंट भी रह चुकी हैं। वहीं, भूमि ने 2021 में कन्नड़ फिल्म इक्कट से फिल्मों में डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने तेलुगु फिल्मों शरथुलु वर्थिथाई (2024) और किंगडम (2025) में भी काम किया।

## अभिषेक बच्चन का अवॉर्ड्स खरीदने के आरोप पर जवाब

मुंबई। फिल्म ‘आई वांट टू टॉक’ के लिए हाल ही में फिल्मफेयर अवॉर्ड जीतने वाले अभिषेक बच्चन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनका बेबाक जवाब। सोशल मीडिया पर एक फिल्म पत्रकार ने उन पर आरोप लगाया कि वे ‘खरीदे हुए अवॉर्ड्स’ और ‘एग्रेसिव पीआर’ के दम पर आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। अभिषेक ने ट्रोलर्स को सीधे और गरिमा से जवाब देते हुए लिखा, ‘आपको सच्चाई बताना जरूरी है, मैंने कभी कोई अवॉर्ड खरीदा नहीं और न किसी पीआर की मदद से अपनी जगह बनाई। सिर्फ मेहनत, खून, पसीना और आंसू मेरी पूंजी हैं। फिर भी आपको यकीन न हो, तो अब बस और अधिक मेहनत से काम करूंगा।

## रणबीर के समर्थन में उतरे सद्गुरु

**मुंबई।** एक्टर रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रामायण की शूटिंग में लगे हैं। इस फिल्म में रणबीर भगवान राम का किरदार निभा रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुछ लोग उनकी कास्टिंग पर सवाल भी उठा रहे हैं। कुछ यूजर का कहना है कि इस रोल के लिए वह सही नहीं हैं। इस बीच आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु ने रणबीर का सपोर्ट किया है। हाल ही में सद्गुरु की बातचीत प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा के साथ हुई। बातचीत में मल्होत्रा ने सद्गुरु से कहा कि लोग पुरानी बातें निकालकर पूछ रहे हैं कि रणबीर कपूर रामायण में श्रीराम का रोल कैसे कर सकते हैं?

## बैटल ऑफ गलवान में हुई अमिताभ बच्चन की एंट्री!

**मुंबई।** सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म में अमिताभ बच्चन के होने की खबरें हैं। दरअसल, हाल ही में एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें अमिताभ बच्चन फिल्म के डायरेक्टर अपूर्वा लखिया के साथ फिल्म बैटल ऑफ गलवान के सेट पर नजर आए हैं।

डायरेक्टर अपूर्व लखिया ने हाल ही में अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से अमिताभ बच्चन के साथ एक तस्वीर शेयर कर लिखा है, सोचिए वो मुझे क्या कह रहे हैं। हैशटैग लीजेंट ऑन द सेट टुडे। अमिताभ बच्चन। तस्वीर सामने आने के बाद से ही कयास लगाए जाने लगे कि अमिताभ बच्चन की फिल्म में एंट्री हो चुकी है। हालांकि इस बात पर अब



तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अगर ऐसा होता है, तो ये अमिताभ बच्चन और सलमान की साथ में चौथी फिल्म होगी। दोनों ने फिल्मों बाबूल, बागबान, गॉड तुस्सी ग्रेट हो जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। इसके अलावा फिल्म हैलो ब्रदर में भी अमिताभ बच्चन वॉइस नरेटर थे। हाल ही में गोविंदा ने भी फिल्म बैटल ऑफ गलवान फिल्म की शूटिंग शुरू की है।

❍ सलमान खान की फिल्म के सेट से सामने आई तस्वीर, गोविंदा ने भी शुरू की है शूटिंग

इस फिल्म के जरिए गोविंदा और सलमान की जोड़ी 18 साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रही है।

इससे पहले दोनों साल 2007 की फिल्मों पार्टनर और सलाम-ए-इश्क में साथ काम कर चुके हैं। इसके अलावा सलमान ने गोविंदा की फिल्म दिवाने मस्ताने में भी स्पेशल अपीयरेंस दी थी। अपूर्वा लखिया के निर्देशन में बन रही फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। फिल्म का दूसरा शेड्यूल 10 अक्टूबर मुंबई में शुरू हुआ है। इस फिल्म में सलमान खान के अलावा चित्रांगदा सिंह, अंकुर भाटिया, अभिलाश चौधरी, विपिन भारद्वाज, सिद्धार्थ मूली और जेन शो भी अहम किरदारों में हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com